नई दिल्ली
सोमवार 19 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 30, अंक : 182
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32.0°C
न्यून. 22.0°C

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



9 मेस्सी का फिर चला जादू, दागे शानदार 2 गोल

हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न.
पेश है हिमाचल प्रदेश के **धनी राम** की **कांगड़ा कला.**

Hero

हीरो संग
त्योहार है हर कहीं...

दशहरे की शुभकामनाएँ

Destini 125

Splendor+ XTEC 2.0

Destini

Splendor+ XTEC 2.0

सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं@

कैश डिस्काउंट ₹2500~तक

एक्सचेंज बोनस ₹5000~तक

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10000^तक SBI card HDFC BANK pine labs

कम डाउन पेमेंट ₹4999^से शुरू

कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3200~तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount, Exchange & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. Offer available only on limited stores. @Limited period offer, T&C apply.

TOLL FREE
1800 266 0018

Authorised Dealers: South Delhi: Pul Prahladpur Badarpur: Singla Hero - 9289922771, **Lajpat Nagar: Sapphire Hero-** 9289923175, **Adchini (Main Mehrauli Road): Pashupati Hero-** 9289922381, **Okhla Phase II: ARC Hero-** 9289922461, **East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero-** 9289922380, **Pushta Kartar Nagar: Aman Hero-** 9289922735, **Dilshad Garden: RK Hero-** 9289923010, **Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero-** 9289923222, **North Delhi: Azadpur: Shraman Hero-** 9289923185, **Pitampura: Shraman Hero–** 9289924252, **Rithala (Rohini): Metro Hero-** 9289922597, **Rama Vihar : Metro Hero-** 9289924250, **Narela: MetroHero-** 9289924251, **Budh Vihar: JMD Autoworld Hero-** 9289924188, **Mangolpuri: JMD Autoworld Hero -** 7838405858, **Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero-** 9289922382, **Upper India Hero-** 9289924343, **West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero-** 9289922671, **Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero-** 9289922796, **Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero-** 9289922530, **Raja Puri: Singla Hero-** 7836078383, **Samalkha: Singla Hero-** 7836078484, **Janak Puri, C-1: Singla Hero-** 9911884416, **Tilak Nagar: Khanna Hero-** 9289922383, **Bali Nagar: Khanna Hero-** 9289924309, **Nawada: Khanna Hero-** 9289924310; **Noida: H-206A, Sector 63: Dhansri Hero-** 9289923044, **Sector 5, B 124: Uppal Hero-** 9289922462, **Sector-58 C-70: Singla Hero-** 9289923059; **Ghaziabad: Meerut, Delhi Road- Globe Hero-** 9289922073, **Shiv Puri, Vijay Nagar- Aman Hero-** 9289232123; **Sahibabad: Sahib Hero-** 9289922486; **Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies-** 9289233915, **Badshahpur: Himgiri Hero-** 9289923046, **Basai Road Sector 11: Sharma Hero-** 9289923221, **Mehrauli Rd Sector 15: Autoneeds Hero-** 9289922051, **Rajeev Chowk: Jasodha Hero-** 9289922495, **Wazirabad: Himgiri Hero-** 9289924247, **Railway Road: Himgiri Hero-** 9289924248; **Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero-** 9289924089; **Faridabad: Sehgal Hero-** 9289922419, **NIT: Sehgal Hero-** 7217627327, Neelambata Road: **VPS Jindal Motors,** 9289235889.

Cheil 33547/26

कई वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट से भी बचाया

पुलिस ने साइबर ठगों के हाथों में जाने से बचाये डेढ़ करोड़ रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्पेशल सेल की आईएफएसओ टीम ने कई वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट से बचाया और पांच राज्यों में साइबर ठगों से 1.53 करोड़ की रकम सुरक्षित बचाई। समय रहते कॉल करना, धैर्यपूर्वक काउंसलिंग करना और बैंकों व पुलिस के साथ तुरंत तालमेल बिठाने से और अधिक नुकसान को रोका गया और पीड़ितों को डर के माहौल से बाहर निकाला गया।

पुलिस के अनुसार आईएफएसओ यूनिट के 'फाइनेंशियल मॉनिटरिंग सेल' की 'प्रोएक्टिव विक्टिम आइडेंटिफिकेशन एंड प्रोटेक्शन टीम' ने एक बार फिर साबित किया है कि पीड़ित के सब कुछ गंवाने से पहले कदम उठाना कितना महत्वपूर्ण है। बिना किसी शिकायत का इंतजार किए, टीम ने खुद ही संदिग्ध पैसों के लेनदेन को ट्रैक किया। उन्होंने ऐसे



साइबर धोखाधड़ी पीड़ितों की पहचान की जो उस समय भी ठगों के चंगुल में थे। उनसे सीधे संपर्क किया और पैसों के आगे के ट्रांसफर को रोका गया।

दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात में सामने आए पांच मामलों में समय रहते हस्तक्षेप करके, टीम ने 1,53,48,000 (लगभग 1.53 करोड़) का संभावित नुकसान होने से बचाया। इसमें से ज्यादातर रकम उन वरिष्ठ नागरिकों की थी, जिन्हें डिजिटल अरेस्ट स्कैम के जरिए निशाना बनाया गया था।

टीम ने पैसों को कैसे ट्रैक किया?

नई दिल्ली। इस मामले की शुरुआत 'साइबर हेल्पलाइन 1930' पर मिली एक शिकायत से हुई। 14 सितंबर को सागरपुर में रहने वाले एक रिटायर्ड सैन्य अधिकारी को ठगों का फोन आया। उन्होंने खुद को ट्राई का अधिकारी बताया। उन्होंने दावा किया कि उनके आधार कार्ड पर सिम कार्ड और क्रेडिट कार्ड जारी किए गए हैं, जिनका कनाडा में गलत इस्तेमाल हुआ है। इसके बाद उन्हें एक वीडियो कॉल पर ऐसे व्यक्ति से बात कराई गई जिसने खुद को दरियागंज पुलिस स्टेशन का आईपीएस अधिकारी बताया। उसने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में उन्हें गिरफ्तार करने की धमकी दी। डर के मारे, उन्होंने अपने बैंक ऑफ बड़ौदा, आईसीआईसीआई और एसबीआई बैंक खातों से कई बार में बड़ी रकम ट्रांसफर कर दी। उनकी शिकायत पर 29 सितंबर को एक ई एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने पैसों के लेन-देन को ट्रैक करना शुरू किया। शिकायतकर्ता के एक बैंक खाते की जांच करने पर पता चला कि पैसों का एक हिस्सा हैदराबाद, तेलंगाना स्थित एक्सिस बैंक के एक 'म्यूल अकाउंट' में गया था। आगे की जांच से पता चला कि पांच अन्य पीड़ितों ने भी 21 सितंबर और 29 सितंबर के बीच उसी खाते में पैसे जमा किए थे। इन जुड़े हुए लेन-देन का पता लगाकर, टीम उन पीड़ितों की पहचान करने में सफल रही जिनका अभी भी शोषण हो रहा था।

निर्वाचन आयोग ने अदालत में कहा

मतदाता अपना नाम जुड़वाने के लिए दाखिल कर सकते हैं फॉर्म छह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



निर्वाचन आयोग ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया है कि राष्ट्रीय राजधानी में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान गणना प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाने के कारण मतदाता सूची से नाम हटाए गए दो मतदाता अपनी शिकायत के निवारण के लिए फॉर्म 6 भर सकते हैं। अदालत दो याचिकाकर्ताओं के नाम मतदाता सूची में दोबारा शामिल करने की मांग संबंधी याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

अदालत ने यह कहते हुए याचिका पर सुनवाई बंद कर दी कि याचिकाकर्ता की यह आशंका गलत है कि अगर वह फॉर्म 6 भरता है, तो उस पर गलत घोषणा करने का आरोप लगाया जाएगा। न्यायमूर्ति दिनेश मेहता और न्यायमूर्ति अदिति चौधरी की पीठ ने कहा कि दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद हमारी राय है कि याचिकाकर्ता संख्या एक की यह आशंका गलत है कि उसे गलत घोषणा करने के आरोप का सामना करना पड़ेगा। पीठ ने कहा कि इन टिप्पणियों के साथ, रिट याचिका की कार्यवाही बंद की जाती है। याचिकाकर्ता चाहें तो फॉर्म 6 भर सकते हैं, जिस पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। निर्वाचन आयोग के वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के तहत फॉर्म 6 भरकर अपनी शिकायत का निवारण करा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी उनकी मदद करने के लिए तैयार हैं, लेकिन याचिकाकर्ताओं ने ऐसा नहीं करने का फैसला किया है। ऐसा न करने के कारण वे ही बेहतर जानते हैं। फॉर्म 6 मतदाता सूची में नये सिरे से नाम शामिल कराने के लिए निर्धारित आवेदन है। इसमें आवेदक को अपनी व्यक्तिगत जानकारी का विवरण देना होता है। आवेदकों को यह घोषणा भी करनी होती है कि वे पहली बार मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिए आवेदन कर रहे हैं। गलत घोषणा करने पर दंडात्मक कार्रवाई हो सकती है।

अस्पताल के बाहर पत्नी को गोली मारने के मामले में अदालत ने व्यक्ति को दोषी ठहराया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने 2018 में कनॉट प्लेस स्थित एक अस्पताल के बाहर अपनी पत्नी के पेट में गोली मारकर उसकी हत्या का प्रयास करने के मामले में एक व्यक्ति को दोषी ठहराते हुए कहा कि घायल महिला की गवाही भरोसेमंद है तथा आरोपी का अपराध साबित करने के लिए पर्याप्त है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धीरेंद्र राणा ने 13 अक्टूबर को सुनाए गए फैसले में सुशांत को भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास) और शस्त्र अधिनियम की धारा 27 (हथियारों का इस्तेमाल) के तहत दोषी ठहराया। हालांकि, अदालत ने उसे शस्त्र अधिनियम की धारा 25 के तहत लगे अवैध रूप से आग्नेयास्त्र रखने के आरोप से बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि पिस्तौल रखने के मामले में सीलमपुर थाने में अलग प्राथमिकी दर्ज की गई थी और उस मामले की



सुनवाई दूसरी अदालत में लंबित है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, घटना 24 नवंबर 2018 को कनॉट प्लेस स्थित कलावती अस्पताल के गेट नंबर पांच के बाहर हुई थी। पीड़िता पिंकी अस्पताल में सुरक्षा गार्ड के तौर पर काम करती थी। वर्ष 2015 में एक अन्य मामले में उसके पति को जेल भेजे जाने के बाद से वह अपने मायके में रह रही थी। पिंकी ने अदालत को बताया कि जेल से रिहा हुआ सुशांत शाम के समय अस्पताल आया और उसे बाहर बुलाया।

जब वह सड़क के दूसरी ओर खड़े एक ऑटो रिक्शे में बैठी, तो सुशांत ने उससे पूछा कि क्या वह अपने ससुराल लौटेगी और इनकार करने पर उसने पिंकी के पेट में गोली मार दी और फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि उसी दिन उसका ऑपरेशन किया गया और करीब एक महीने तक अस्पताल में भर्ती रही तथा उसकी चार सर्जरी हुईं। अदालत ने कहा कि अस्पताल के कर्मचारियों की गवाही और सीसीटीवी फुटेज से साबित होता है कि आरोपी अस्पताल आया था और पीड़िता के घायल होने से कुछ समय पहले उसके साथ वहां से गया था। इसने यह भी कहा कि एक ऑटो रिक्शा के मालिक ने गवाही दी थी कि उसने घटना वाले दिन अपना वाहन सुशांत को दिया था, जो बाद में घटनास्थल के पास लावारिस हालत में मिला, जिस पर खून के धब्बे थे। फॉरेंसिक जांच में वाहन से लिए गए खून के नमूने का पीड़िता के डीएनए से मिलान हुआ।

खाने के पैसे को लेकर हुए विवाद में मजदूर की हत्या का आरोपी अरेस्ट

नई दिल्ली। दक्षिण पूर्वी दिल्ली के जैतपुर इलाके में 16 अक्टूबर को सामने आये मर्डर केस के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम संदीप राम उर्फ मोची (33) बताया गया है। जांच में पता चला कि अक्सर बार गाली गलौज करने और खाने के पैसे नहीं चुकाने को लेकर हुए विवाद के बाद मजदूर संदीप कुमार (36) की गला रेतकर हत्या की गई थी। आरोपी सड़क किनारे खाने की रेहड़ी लगाता है। शक्ति विहार में एक दुकान के अंदर हत्या की गई थी। शव अगले दिन सुबह बरामद किया गया था। पुलिस ने बताया कि संदीप कुमार 15 अक्टूबर को सुबह करीब नौ बजे काम के लिए घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। रात करीब 11.30 बजे उसका सामना रेहड़ी लगाने वाले राम से हुआ। दोनों के बीच जमकर कहासुनी हुई। उसी दौरान राम ने अपनी रेहड़ी से कथित तौर पर चाकू निकाला और कुमार के गले में गमछा बांधकर उसका गला रेत दिया। इसके बाद वह मौके से फरार होकर जसोला स्थित अपने बड़े भाई के घर चला गया। पुलिस को 16 अक्टूबर की सुबह करीब 7.15 बजे पीसीआर पर शक्ति विहार, मीठापुर स्थित एक खाली दुकान में शव पड़े होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस की एक टीम ने मौके पर पहुंचकर कुमार का शव बरामद किया। मृतक की गर्दन पर गहरे कट का घाव था। मृतक की शिनाख्त उसके पिता राज कुमार ने की थी। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने बताया कि कुमार अक्सर उसे गाली देता था और उसकी रेहड़ी से खाना खाने के बाद पैसे भी नहीं चुकाता था। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल चाकू और गमछा भी बरामद कर लिया है। आरोपी के कपड़े भी ओखला के तेहखंड डिपो इलाके से बरामद किए गए हैं।

जनसुनवाई के दौरान शिकायतों का पुलिस ने किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस के सभी 15 जिलों में शनिवार को साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से सीधे संवाद किया और शिकायतों के समयबद्ध निवारण के लिए निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 2,458 शिकायतों का समाधान किया गया।

संयुक्त पुलिस आयुक्त से लेकर सहायक पुलिस आयुक्त स्तर तक के वरिष्ठ अधिकारियों ने इन सत्रों में भाग लिया और नागरिकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने साथ ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई तथा प्रभावी फॉलोअप के लिए आवश्यक निर्देश दिए। यह पहल नागरिकों को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायतें रखने, चिंताएं साझा करने और सुझाव देने के लिए एक सीधा मंच प्रदान करती है। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों की जांच की गई और उनके समयबद्ध समाधान के लिए उचित निर्देश जारी किए गए। जनता की शिकायतों का समाधान करने के साथ-साथ,



दिल्ली पुलिस त्योहारी सीजन के दौरान राजधानी में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी लगातार काम कर रही है। बाजारों और अधिक भीड़-भाड़ वाले अन्य स्थानों पर लोगों की आवाजाही को नियंत्रित करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस बल तैनात है। उपराज्यपाल के निर्देश पर जून 2026 में इस 'थाना दिवस–जनसुनवाई' पहल की शुरुआत की गई थी। इस पहल के माध्यम से नागरिक हर शनिवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच पुलिस अधिकारियों से मिल सकते हैं और अपनी शिकायतें उनके सामने रख सकते हैं।

'अत्यधिक तेज डीजे एवं साउंड सिस्टम पर नियंत्रण की मांग'

नई दिल्ली। सामाजिक संस्था सहयोग दिल्ली के अध्यक्ष मनोज कुमार जैन ने दिल्ली के पर्यावरण मंत्री सरदार मंजिन्दर सिंह सिरसा को पत्र लिखकर शादी-विवाह समारोहों, बारातों, जागरणों, धार्मिक आयोजनों, जुलूसों एवं शोभा यात्राओं में इस्तेमाल होने वाले अत्यधिक शक्तिशाली डीजे और हैवी-ड्यूटी साउंड सिस्टम से उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण पर तत्काल नियंत्रण लगाने की मांग की है। उन्होंने पर्यावरण मंत्री से आग्रह किया कि इस जनहित के विषय पर गंभीरता से संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएँ, ताकि ल्लीवासियों को अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण से राहत मिल सके और सभी आयोजनों में निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित हो। मनोज जैन ने कहा कि अत्यधिक तेज ध्वनि के कारण आसपास के क्षेत्र में कंपन तक महसूस होने की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने कहा कि ध्वनि प्रदूषण का प्रभाव बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, मरीजों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों के स्वास्थ्य एवं दैनिक जीवन पर पड़ सकता है।

नरेला में दाल फैक्टरी में आग लगी, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के नरेला इलाके में रविवार को एक दाल फैक्टरी में आग लग गई। दमकल की नौ गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई जान की हानि तो नहीं हुई लेकिन लाखों का नुकसान हुआ है। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग के अनुसार घटना की सूचना सुबह 11 बजकर 10 मिनट पर मिली। दमकल की गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गईं। उस समय तक आग काफी भड़क चुकी थी। फैक्टरी में बेसमेंट, भूतल और दो मंजिलें हैं। दोपहर एक बजकर 30 मिनट तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया था।

डीटीसी बस ने छीना परिवार का इकलौता सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में सड़क हादसे ने एक परिवार की जिंदगी उजाड़ दी। आनंद पर्वत इलाके में 17 अक्टूबर 2026 को डीटीसी बस की चपेट में आने से अतुल भारद्वाज की दर्दनाक मौत हो गई। इसके लेकर रविवार को परिवार सहित ग्रामीणों ने रोहतक रोड पर शव रखकर प्रदर्शन किया और डीटीसी प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया। परिवार की ओर से दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को मांगपत्र लिखा गया है। धरना स्थल पर परिवार ने बताया कि अतुल परिवार में कमाने वाले इकलौते सदस्य थे और निजी नौकरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी मौत के बाद परिवार के सामने रोजी-रोटी का



गंभीर संकट खड़ा हो गया है। सबसे ज्यादा चिंता उनकी दो छोटी बेटियों के भविष्य को लेकर है, जिनके सिर से पिता का साया उठ गया। इस दर्दनाक हादसे के बाद पीड़ित परिवार और समाज ने दिल्ली सरकार से मदद की गुहार लगाई है। मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र में परिवार के लिए उचित मुआवजा, विधवा को डीटीसी अथवा किसी अन्य सरकारी संस्थान में नौकरी

पीड़ित परिवार ने दिल्ली की मुख्यमंत्री से की तीन मांगें

परिवार की तरफ से तीन मांगे की गई हैं जिसमें, पहली हादसे में जान गंवाने वाले अतुल भारद्वाज के परिवार को नियमानुसार उचित मुआवजा दिया जाए, जिससे परिवार को आर्थिक संकट से उबरने में मदद मिल सके। दूसरी, मृतक की पत्नी को डीटीसी या दिल्ली सरकार के किसी अन्य सरकारी संस्थान में नियमानुसार रोजगार उपलब्ध कराया जाए, ताकि परिवार की आजीविका चल सके। तीसरी, दोनों बच्चियों की पढ़ाई और भविष्य के लिए बालिग होने तक उचित आर्थिक एवं शैक्षणिक सहायता सुनिश्चित की जाए।

और दोनों बेटियों की बालिग होने तक शिक्षा की व्यवस्था करने की मांग की गई है।

बेकाबू डीटीसी बस ने बाइक सवार को कुचला, मौत

नई दिल्ली। वसंत कुंज इलाके के फोर्टिस अस्पताल के पास तेज रफ्तार डीटीसी बस ने बाइक सवार को कुचल दिया। हादसे के बाद चालक ने बस रोकने के बजाय रफ्तार बढ़ाकर महिपालपुर की ओर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत हो गई। वसंत कुंज दक्षिण पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर बस और चालक की पहचान करने में जुटी है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान प्रमोद मलिक के रूप में हुई है। वह मसूदपुर गांव में परिवार के साथ रहता था और कार चालक की नौकरी करता था। परिवार में पत्नी निशा और दो बच्चे हैं। पुलिस के अनुसार शनिवार को प्रमोद बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान फोर्टिस अस्पताल के पास मसूदपुर जाने वाली सड़क पर छतरपुर की ओर से आ रही एक नीली डीटीसी बस ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। राहगीरों से सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। वहां उपचार के दौरान मौत हो गई।

'गो-दिल्ली फाउंडेशन' के गठन को मंजूरी

युवाओं और स्टार्टअप्स को 'पंख' देने के लिए दिल्ली सरकार तैयार: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए युवाओं और स्टार्टअप्स को पंख देने की तैयारी पूरी करते हुए 'गो-दिल्ली फाउंडेशन' के गठन को मंजूरी दी है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने इसे पारित कर दिया है और इसके तहत 50 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके गठन से अपने आइडिया को उत्पाद और बाजार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। बता दें कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में 'गो-दिल्ली फाउंडेशन' की स्थापना को स्वीकृति दी गई है। इस पहल का उद्देश्य राजधानी में स्टार्टअप, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं, शोधकर्ताओं और उद्यमियों को अपने विचारों को व्यावहारिक उत्पादों और सफल उद्यमों में बदलने के लिए एकीकृत सहयोग उपलब्ध कराना है। सरकार ने फाउंडेशन के लिए 50 करोड़ रुपये की प्रारंभिक बजट राशि देने की प्रतिबद्धता भी जताई है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार का यह कदम दिल्ली की मौजूदा उद्यमशीलता क्षमता, शैक्षणिक संस्थानों और शोध सुविधाओं को आपस

विचार से बाजार तक, एक ही मंच पर मिलेगा सहयोग

मुख्यमंत्री ने कहा है कि फाउंडेशन के माध्यम से स्टार्टअप और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को उत्पाद इंजीनियरिंग, प्रोटोटाइप निर्माण, प्रयोगशालाओं और परीक्षण सुविधाओं तक पहुंच बनाने में सहायता मिलेगी। शुरुआती विचारों को बाजार में उतारे जाने योग्य उत्पादों में बदलने के लिए तकनीकी मार्गदर्शन, मेंटरशिप, इन्क्यूबेशन, व्यावसायिक सहयोग और निवेशकों से संपर्क बनाने की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इस व्यवस्था से उद्यमियों को किसी उत्पाद के विकास से लेकर उसके परीक्षण, प्रमाणन की तैयारी और बाजार तक पहुंच बनाने के विभिन्न चरणों में सहयोग मिल सकेगा। इसका उद्देश्य अलग-अलग जरूरतों के लिए बिखरी हुई सुविधाओं पर निर्भरता कम करना और दिल्ली में उद्यम स्थापित करने तथा उन्हें आगे बढ़ाने की प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाना है।



में जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण है। दिल्ली में उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) से मान्यता प्राप्त करीब 21 हजार स्टार्टअप हैं। 'गो-दिल्ली फाउंडेशन' के माध्यम से इन क्षमताओं को एक साझा मंच पर लाकर नए उद्यमों के विकास, निवेश आकर्षित करने और रोजगार के अवसर पैदा करने पर जोर दिया जाएगा।

विद्यार्थियों- शोधकर्ताओं के विचारों को मिलेगा नया अवसर

'गो-दिल्ली फाउंडेशन' के जरिए विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को अपने विचारों को वास्तविक उत्पादों और नए उद्यमों में बदलने में मदद मिलेगी। उन्हें प्रोटोटाइप निर्माण, बौद्धिक संपदा अधिकारों से संबंधित सहायता, इन्क्यूबेशन और उद्योग जगत से जुड़ने के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर रहेगा। इससे शोध संस्थानों में विकसित होने वाली उपयोगी तकनीकों को प्रयोगशालाओं से बाहर लाकर व्यावहारिक इस्तेमाल और व्यावसायिक विस्तार तक पहुंचाने में मदद मिल सकती है। तकनीकी सहयोग के साथ व्यावसायिक मार्गदर्शन और निवेशकों तक पहुंच मिलने से नवाचारकर्ताओं के लिए अपने उत्पादों को आगे बढ़ाना आसान होगा।

कारोबारी के घर के बाहर गोलीबारी कराने के आरोप में चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर इलाके में एक कारोबारी के घर के बाहर गोलीबारी कर रंगदारी मांगने की साजिश रचने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम एकांत भाटी उर्फ संजू भाटी उर्फ मास्टरजी (32), आकाश उर्फ वीरू (24), मोंटी और आशीष डेढ़ा बताये गये हैं।

पुलिस के मुताबिक घटना 15 अक्टूबर को रात 12 बजकर 55 मिनट पर अंजाम दी गई थी। न्यू उस्मानपुर में एक घर पर गोली चलने की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची जहां गांधी नगर कपड़ा बाजार में टी-शर्ट की थोक दुकान चलाने वाले शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने अपने घर के मुख्य दरवाजे के पास गोली चलने की आवाज सुनी थी। संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज में मोंटी नाम का एक व्यक्ति अंगूठे से इशारा करके हमलावरों को संकेत देता दिखाई दिया। शिकायतकर्ता ने जांचकर्ताओं को यह भी बताया कि आकाश उर्फ वीरू पहले इसी इलाके में किराये पर रहता था और उसने कारोबारी से संपर्क कर कई लाख रुपये लेकर मामला निपटाने की पेशकश की थी। भाटी को 16 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था और जांचकर्ताओं को गुमराह करने की उसकी कोशिश नाकाम रही। उससे पूछताछ के दौरान रंगदारी की साजिश का खुलासा हुआ। भाटी, मोंटी, आकाश और आशीष ने कारोबारी को कथित तौर पर डराकर उससे रंगदारी वसूलने की साजिश रची थी। पुलिस ने बताया कि अन्य तीन आरोपियों को 17 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं।

नई दिल्ली, सोमवार 19 अक्टूबर 2026 ■ आश्विन मास शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष : 30, अंक : 182 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 32 न्यून. 22 haribhoomi.com

ॐ सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके ।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरी नारायणि नमोऽस्तु ते ॥



दुर्गा नवमी आज

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

कोलकाता पंडाल हादसा: 7 गिरफ्तार


मृतकों के परिजन को 25 लाख और सरकारी नौकरी

अमित शाह ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का जाना हाल, सुरक्षा व्यवस्था की जांच के लिए समिति गठित

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

चोरबागान दुर्गा पूजा पंडाल में भगदड़ से 19 श्रद्धालुओं की मौत और 25 लोगों के घायल होने के बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अपोलो अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की। उनके साथ मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजन को 25-25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को समूह-डी की सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है। पुलिस ने हादसे के मामले में





पूजा समिति के सचिव राज कुमार सेवड़ा उर्फ राजा और उपाध्यक्ष शांतनु दुबे समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें पंडाल का बांस का ढांचा बनाने, भीड़ नियंत्रण, वीआईपी पास की जांच और निजी सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े लोग शामिल हैं।

बारिश के बीच मची भगदड़

हादसा शनिवार शाम महासप्तमी के दौरान हुआ। शुरुआती जानकारी के अनुसार, अचानक बारिश होने पर लोग बचने के लिए पंडाल के भीतर जाने लगे। इस दौरान निकास द्वार के पास भीड़ का दबाव बढ़ा और भगदड़ मच गई। पुलिस प्रवेश-निकास मार्गों की चौड़ाई, भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा इंतजामों की जांच कर रही है।

सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

मुख्यमंत्री ने राज्य के प्रमुख पूजा पंडालों की सुरक्षा जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित की है। इसमें आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव राजेश सिन्हा, अग्निशमन सेवा के महानिदेशक अनुज शर्मा और कानून-व्यवस्था के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जावेद शमीम शामिल हैं। समिति बड़े पंडालों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेगी।

Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

नवमी-मां सिद्धिदात्री



सिद्ध गन्धर्व यक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।

गोवा के मडगांव में कांग्रेस की गोय राखोन यात्रा में शामिल हुए कांग्रेस सांसद

राहुल का दावा- सीईसी वोट चोरी को अंजाम देते हैं, किसी भी सूरत में नहीं बच पाएंगे!

एजेंसी ▶▶ गोवा

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इस समय गोवा में हैं। उन्होंने दक्षिण गोवा के मडगांव में कांग्रेस की गोय राखोन यात्रा में हिस्सा लिया और पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ 2 किलोमीटर तक पैदल चले। राहुल गांधी ने गोवा के मडगांव में दावा करते हुए कहा, पूरा देश जानता है कि सीईसी ज्ञानेश कुमार वोट चोरी को अंजाम देते हैं और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनका समर्थन करते हैं। राहुल ने कहा, कांग्रेस संविधान की रक्षक है,प्रधानमंत्री, अमित शाह और ज्ञानेश कुमार जानते हैं कि वे हमसे बच नहीं सकते। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, पहले हमारे पास विश्व-स्तरीय शिक्षा प्रणाली हुआ करती थी, लेकिन अब छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पैलेट गन का इस्तेमाल किया जा रहा ▶▶शेष पेज 5 पर



जमीन, बेरोजगारी जैसे मुद्दे भी उठाए

कांग्रेस ने इस अभियान के दौरान गोवा में जमीन के इस्तेमाल और भूमि परिवर्तन, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, सार्वजनिक सुरक्षा और राज्य की सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखने जैसे मुद्दे उठाए हैं। पार्टी का कहना है कि गोवा की जमीन, पर्यावरण और स्थानीय संस्कृति की रक्षा जरूरी है. यात्रा के जरिए कांग्रेस ने इन विषयों पर लोगों के बीच अपनी बात रखी और विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क बढ़ाने की कोशिश की।

रिजिजू का बड़ा दावा, भारत में बांग्लादेश फ्रांस जैसी हिंसा फैलाने की थी योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, भारत-विरोधी गिरोहों और कुछ राजनेताओं ने मिलकर युवाओं को भड़काने और हमारी सड़कों पर हिंसा फैलाने की योजना बनाई थी, लेकिन इस खतरनाक साजिश को रचने वाले भूल गए कि भारत न तो बांग्लादेश है और न ही फ्रांस। भारत में सत्ता परिवर्तन बिल्कुल हो सकता है, लेकिन केवल चुनावों के जरिए, सोरोस के जरिए नहीं। इस पोस्ट के साथ उन्होंने एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें नेहा बोरा के बांग्लादेश के युवाओं को धन्यवाद देने वाले क्लिप के साथ प्रशांत भूषण के 'रिजीम चेंज' वाले बयान और जुलाई-अगस्त के प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों के क्लिप शामिल हैं।

गौरतलब है कि इससे पहले किरेन रिजिजू ने 15 अक्टूबर को भी एक पोस्ट शेयर किया था। इसमें उन्होंने कहा था, 'लड़ाई की रेखा खिंच चुकी है। एक तरफ दिमागी नक्सली हैं और दूसरी तरफ देशभक्त भारतीय। एक तरफ भारत के संविधान में विश्वास रखने वाले लोग हैं और दूसरी तरफ अराजकतावादी ▶▶शेष पेज 5 पर



रिजिजू ने बांग्लादेश और फ्रांस का उदाहरण क्यों दिया?

रिजिजू ने अपने बयान में बांग्लादेश में हुई हिंसक घटना और फ्रांस में दंगों, आगजनी तथा लूटपाट का उल्लेख किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी तरह की स्थिति भारत में पैदा करने की साजिश रची गई थी। उनके मुताबिक, कुछ समूहों और नेताओं ने युवाओं को उकसाकर सड़कों पर हिंसा फैलाने की कोशिश की। हालांकि, ये आरोप रिजिजू ने लगाए हैं। दिए गए विवरण में इन आरोपों के समर्थन में कोई अलग प्रमाण नहीं बताया गया है। मंत्री ने कहा कि भारत में सरकार बदलने का रास्ता चुनाव है, न कि हिंसा या किसी बाहरी व्यक्ति के जरिए सत्ता परिवर्तन।

सीएम डॉ. यादव ने ग्वालियर में शीतला माता मंदिर के पास हुए हादसे पर लिया सख्त एक्शन

सीएसपी को तत्काल हटाया.... तीन टीआई सहित 8 पुलिसकर्मी निलंबित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/ग्वालियर

ग्वालियर में शीतला माता मंदिर के पास शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे हुए भीषण सड़क हादसे के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। हादसे में बेकाबू ट्रक ने 45 लोगों को कुचल दिया था, इनमें 15 श्रद्धालुओं की मौत हो गई।

चालक और ट्रक मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने घटना की विस्तृत जांच कर जिम्मेदारी तय करने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने को कहा है। उन्होंने संबंधित सीएसपी को तत्काल हटाने तथा तीन थाना प्रभारियों, एक यातायात निरीक्षक, एक प्रधान आरक्षक और तीन आरक्षकों सहित आठ पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित ▶▶शेष पेज 5 पर

पीएम ने भी दुख जताया



भीषण सड़क हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी

गायिका नेहा बोलीं- माफी नहीं, मुझे तो न्याय चाहिए

नई दिल्ली। लोक गायिका नेहा सिंह राठौर से जुड़ी गलत खबर प्रसारित करने के मामले में एक समाचार चैनल



नेटवर्क ने माफी मांगी है। नेटवर्क ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर स्पष्टीकरण जारी कर स्वीकार किया कि उसके डिजिटल मंच पर प्रसारित खबर तथ्यात्मक रूप से गलत थी। नेहा ने आरोप लगाया था कि एक हॉस्टल में कथित सेक्स रैकेट से संबंधित खबर में उन्हें बदनाम करने की कोशिश की गई।

कार ने मजदूरों को कुचला 6 महिलाओं समेत 8 की मौत

संगरूर। पंजाब में संगरूर के लेहरागागा में रविवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया है। इसमें 6



महिला समेत आठ लोगों की मौत हो गई। संगरूर के एसपी पलविंदर चीमा ने बताया कि हादसे के आरोपी की पहचान कर ली गई है। पुलिस ने आरोपी को ट्रेस कर लिया है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार, हादसे के समय करीब 25 मनरेगा मजदूर काम कर रहे थे।

ग्रेटर नोएडा में 5 लोगों की मौत मामला

दो बहनें और जीजा गिरफ्तार किए वॉयस नोट में प्रताड़ना का आरोप

संपत्ति विवाद की आशंका, पोस्टमार्टम में जहर के संकेत

एजेंसी ▶▶ ग्रेटर नोएडा

रबूपुरा क्षेत्र के नगला श्री पदम गांव में पति-पत्नी और उनके तीन बच्चों की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक महेश की दो बहनों और जीजा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान शेखर उर्फ चंद्रशेखर, सुनीता और सपना के रूप में हुई है। मृतका ललिता के भाई आकाश की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

पुलिस के मुताबिक, शनिवार सुबह घर से 37 वर्षीय महेश, उनकी 35 वर्षीय पत्नी ललिता और तीन बच्चों के शव मिले थे। मृत बच्चों में सात वर्षीय मिष्टी, 11 वर्षीय लड्डू और तीन वर्षीय साक्षात शामिल हैं। महेश ने कथित तौर पर मौत से पहले मोबाइल में एक वॉयस नोट रिकॉर्ड किया था, जिसमें उसने अपनी दोनों ▶▶शेष पेज 5 पर

फिर निशाने पर बॉलीवुड

टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग लॉरेंस गैंग ने ली जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जुहू के पुष्पा पार्क के पास गोलीबारी की एक घटना सामने आई, जहां बॉलीवुड एक्टर टाइगर



श्रॉफ पर फायरिंग हुई है। जब टाइगर फुटबॉल ग्राउंड से घर लौट रहे थे, उस दौरान बाइक पर आए तीन अज्ञात लोगों ने जुहू के जेवीपीडी ग्राउंड के पास गोलीबारी की। 5-7 राउंड फायरिंग होने की जानकारी है। इस घटना में टाइगर श्रॉफ के ड्राइवर और एक रिक्शा चालक के घायल होने की खबर है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। मुंबई पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट हुई है।टाइगर श्रॉफ पर हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप ने ली। लॉरेंस बिश्नोई गैंग की तरफ से गैंगस्टर अनिल पंडित का सोशल मीडिया पर आया पोस्ट है। पोस्ट पर अनिल पंडित ने टाइगर पर गोलीबारी की जिम्मेदारी ली है। जुहू में टाइगर श्रॉफ की गाड़ी पर गोली चलाने वाले आरोपी को ट्रैक करने और पकड़ने के लिए 12 टीमें गठित की गई हैं। बताया जा रहा है कि टाइगर श्रॉफ पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्हें गोली नहीं लगी है। मुंबई पुलिस ने पुष्टि की है कि जैकी श्रॉफ के बेटे को कोई चोट नहीं आई है और इस घटना की जांच चल रही है।

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर पर 4.5 करोड़ से अधिक यात्राएं दर्ज

नमो भारत रैपिड रेल से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के नए युग की हुई शुरुआत: मनोहर लाल

प्रतिदिन 1.1 लाख से ज्यादा यात्री कर रहे सफर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि नमो भारत रैपिड रेल देश में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के एक नए युग की शुरुआत कर रही है। आधुनिक, सुरक्षित और निर्बाध परिवहन व्यवस्था के प्रति लोगों का बढ़ता भरोसा इस सेवा की सफलता को दर्शाता है। वह नमो भारत के संचालन के तीन सफल वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित नमो भारत दिवस 2026 को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने बताया कि 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर अब तक 4.5 करोड़ से



अधिक यात्री यात्राएं दर्ज की जा चुकी हैं। इस उपलब्धि से पता चलता है कि क्षेत्रीय परिवहन के लिए आधुनिक रेल सेवा लोगों के बीच लोकप्रिय हो रही है।

अक्टूबर 2023 में शुरू हुआ था संचालन

नमो भारत रैपिड रेल का संचालन अक्टूबर 2023 में साहिबाबाद से दुहाई डिपो के बीच 17 किलोमीटर लंबे प्राथमिकता खंड के उद्घाटन के साथ शुरू हुआ था। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से पूरे कॉरिडोर को परिचालन के लिए शुरू किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे 82 किलोमीटर लंबे नमो भारत कॉरिडोर को मेरठ मेट्रो के साथ राष्ट्र को समर्पित किया था। इस परियोजना से दिल्ली और मेरठ के बीच आवागमन को ▶▶शेष पेज 5 पर

रोजाना 1.1 लाख से अधिक यात्री कर रहे सफर

नमो भारत सेवा से वर्तमान में प्रतिदिन 1.1 लाख से अधिक यात्री सफर कर रहे हैं। हाल ही में इस सेवा ने एक दिन में लगभग 1.68 लाख यात्रियों के सफर का अपना अब तक का सर्वोच्च रिकॉर्ड भी दर्ज किया। नमो भारत कॉरिडोर को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन व्यवस्था के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण परियोजना माना जा रहा है। इसके माध्यम से दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ के बीच क्षेत्रीय संपर्क को मजबूती मिल रही है।



खबर संक्षेप

40 लाख की जाली बैंक गारंटी देने वाला पकड़ा

फरीदाबाद। थाना सेक्टर-31 की पुलिस टीम ने 40 लाख रुपये की कथित जाली बैंक गारंटी देकर कंपनी से धोखाधड़ी करने के मामले में रौनक राठौर निवासी स्प्रिंग फील्ड कॉलोनी, सेक्टर-31 फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। रिमांड पूरा होने के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में नीमका जेल भेजा गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी क्वांटम रिसोर्स कंसल्टेंट्स का संचालक है।

थाईलैंड की महिला ड्रग्स के साथ गिरफ्तार

गुरुग्राम। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) की गुरुग्राम यूनिट ने गुरुग्राम में नशीले पदार्थों की कथित तस्करी के आरोप में थाईलैंड की एक महिला को गिरफ्तार किया है। टीम ने विदेशी महिला के सुशांत लोक के सी-ब्लॉक स्थित मकान पर छापेमारी कर 14.80 ग्राम एमडीएमए बरामद किया। नशीला पदार्थ कमरे में एलईडी के पीछे रखे एक बैग में छिपाया गया था। एचएसएनसीबी गुरुग्राम यूनिट के प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन कुमार के अनुसार, टीम को सूचना मिली थी कि सुशांत लोक के सी-ब्लॉक में रहने वाली एक विदेशी महिला कथित तौर पर अवैध बिक्री में संलिप्त है।

धान व बाजरा खरीद सुचारू रूप से जारी

फरीदाबाद। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कविता सिंह परिहार ने बताया कि खरीफ विपणन सीजन के तहत जिले में धान एवं बाजरे की खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए मंडियों में फसल की आवक, खरीद, उठान तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मंडियों में आने वाले किसानों को अपनी फसल बेचने के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

23 से 26 अक्टूबर तक सजेगा सूरजकुंड दिवाली मेला, सीएम सैनी करेंगे शुभारंभ

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल 26 अक्टूबर को समापन समारोह में होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा तीसरे सूरजकुंड दिवाली मेले का आयोजन 23 से 26 अक्टूबर 2026 तक सूरजकुंड मेला परिसर फरीदाबाद में किया जाएगा। चार दिवसीय यह मेला दिवाली के उल्लास, भारतीय कला एवं हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजनों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अनूठा संगम होगा। मेले के माध्यम से जहां लोगों को दिवाली की खरीदारी के लिए विभिन्न प्रकार के उत्पाद उपलब्ध होंगे, वहीं उन्हें परिवार के साथ मनोरंजन और भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत से रूबरू होने का अवसर भी मिलेगा। मेले का शुभारंभ 23 अक्टूबर को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। उद्घाटन समारोह में हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। वहीं 26 अक्टूबर को आयोजित होने वाले समापन समारोह में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।मेले में लगभग 300 स्टॉल लगाई जाएंगी, जहां देश के विभिन्न क्षेत्रों के हस्तशिल्प, हथकरघा उत्पाद, पारंपरिक कलाकृतियां, घर की सजावट से संबंधित सामान और दिवाली के लिए उपयोगी वस्तुओं की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध होगी। इन स्टॉल के माध्यम से आगंतुकों को पारंपरिक एवं आकर्षक उत्पाद खरीदने का अवसर मिलेगा। साथ ही यह आयोजन शिल्पकारों और कारीगरों को अपने हुनर एवं उत्पादों का प्रदर्शन करने तथा उन्हें व्यापक बाजार तक पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।मेले में आगंतुकों के लिए विशाल फूड कोर्ट की व्यवस्था भी की जाएगी। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के पारंपरिक व्यंजनों के साथ प्रतिष्ठित फूड ब्रांड्स के लोकप्रिय पकवान उपलब्ध होंगे। खानपान के विविध विकल्प मेले में आने वाले लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेंगे। खरीदारी, खानपान और मनोरंजन की गतिविधियां मेले को परिवारों के लिए एक विशेष उत्सवी अनुभव प्रदान करेंगी।

लोक संस्कृति और कंवर ग्रेवाल का आकर्षण

चार दिवसीय मेले के दौरान लोक कलाकारों, लोक नृत्य दलों और पारंपरिक कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से आगंतुकों को देश की विविध लोक परंपराओं, कला और सांस्कृतिक विरासत को करीब से देखने एवं समझने का अवसर मिलेगा। मेले की सांस्कृतिक संध्याओं में प्रसिद्ध सूफी एवं लोक गायक कंवर ग्रेवाल की प्रस्तुति विशेष आकर्षण रहेगी। उनकी गायकी के साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी मेले के माहौल को उत्साह और उमंग से भरेंगे।



डीसीपी ने किया औचक निरीक्षण दो जगह चलते मिले अवैध हुक्का

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन जोन ऋजुल ने शनिवार की रात में बार एवं क्लबों में औचक चेकिंग की। इस दौरान दो स्थानों पर हुक्का संचालित पाया गया । ऋजुल ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ट्रांस हिंडन जोन में प्रतिबंधित गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से देर रात्रि इंदिरापुरम व अन्य पुलिस बल के साथ विभिन्न क्लबों एवं बारों में औचक चेकिंग की गई । चेकिंग के दौरान लगभग 8 से 10 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिनमें से दो स्थानों पर हुक्का संचालित पाया गया । उक्त प्रकरणों में संबंधित व्यक्तियों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ द्वारा उत्तर प्रदेश में होटल, रेस्टोरेंट, कैफे एवं सार्वजनिक स्थानों पर हुक्का परोसे जाने के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किए जाने के दृष्टिगत पुलिस द्वारा गतिविधियों की रोकथाम हेतु चेकिंग की जा रही है । प्रकरण में पुलिसकर्मियों की लापरवाही अथवा संलिप्तता पाए जाने के संबंध में संबंधित पुलिसकर्मियों के विरुद्ध उचित विभागीय कार्रवाई की जा रही है ।

सप्ताह में 46 साइबर ठग गिरफ्तार 30 लाख से ज्यादा की नकदी बरामद

■ फरीदाबाद पुलिस की बड़ी कामयाबी ■ लगभग 15 लाख की राशि बैंक खातों में फ्रीज कराई

फरीदाबाद। साइबर अपराधियों के खिलाफ फरीदाबाद पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय हिमाद्री कौशिक के नेतृत्व में फरीदाबाद पुलिस के तीनों साइबर थानों की टीमों ने 10 अक्टूबर से 16 अक्टूबर के बीच एक सप्ताह के दौरान प्रभावी कार्रवाई करते हुए 46 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान आरोपियों से 3082,999 की राशि बरामद की गई है, जबकि साइबर ठगी से संबंधित शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए 14,83,131 की राशि विभिन्न बैंक खातों में फ्रीज कराई गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि तीनों साइबर थानों की टीमों ने कुल 11 मामलों में 46 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें साइबर थाना एनआईटी के दो, साइबर थाना सेंट्रल के छह व साइबर थाना बल्लभगढ के तीन मामले शामिल हैं। इसके अतिरिक्त साइबर पुलिस टीमों द्वारा 404 शिकायतों का निस्तारण किया गया है। यह कार्रवाई 10 अक्टूबर से 16 अक्टूबर के बीच एक सप्ताह के दौरान की गई है।



ठगों को बैंक खाता उपलब्ध कराने के आरोप में दो गिरफ्तार

फरीदाबाद। साइबर थाना एनआईटी की टीम ने फेसबुक के माध्यम से संपर्क कर स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग मंर अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर 87000 की ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान नाहर सिंह व सुरेन्द्र सिंह, निवासी दौसा राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि संजय कॉलोनी सेक्टर-23 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में शिकायत दी थी कि 11 दिसंबर 2025 को फेसबुक के माध्यम से एक अज्ञात व्यक्ति ने उससे संपर्क किया। बातचीत के दौरान आरोपी ने स्वयं को शेयर बाजार में निवेश का विशेषज्ञ बताते हुए कम समय में अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया। इसके बाद शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया गया, जहां निवेश से संबंधित जानकारी और कथित मुनाफे के बारे में बताया जाता था।

बीस साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस द्वारा लंबे समय से फरार चल रहे उद्घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पीओ स्टाफ की टीम ने वर्ष 2005 के एक मामले में करीब 20 साल से फरार चल रहे उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान राजेश उर्फ जर जोधन वासी गांव नानामऊ, थाना कुरावली, जिला मैनपुरी, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सुभाष कॉलोनी फरीदाबाद निवासी ने शिकायत दी थी कि उसकी नाबालिक बेटी को 7 अगस्त 2005 को उनके मकान में रहने वाले किरायेदार राजेश उर्फ जर जोधन तथा उसके साथियों द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाया गया था। मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए काफी प्रयास किए गए, लेकिन वे पुलिस की गिरफ्त में नहीं आए। इसके बाद माननीय अदालत द्वारा 17 अगस्त 2006 को राजेश उर्फ जर जोधन को पुलिस उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया गया था। आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदलकर पुलिस से बच रहा था।

प्रताड़ना से तंग पूर्व महिला सरपंच ने परिवार सहित इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी

■ मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई, ग्रामीण पर मानसिक प्रताड़ना, धमकी और झूठी शिकायतें करने के आरोप

कासिम खान ⏭ नूंह

गांव बाबूपुर की पूर्व महिला सरपंच सायरा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को शिकायत भेजकर न्याय और परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। उन्होंने गांव निवासी अहमददीन पुत्र सूबेदार पर लंबे समय से मानसिक प्रताड़ना देने, झूठी शिकायतें करने, रुपये मांगने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। सायरा का कहना है कि वह कथित प्रताड़ना से इतनी परेशान हैं कि परिवार सहित इच्छामृत्यु की अनुमति मांग रही हैं। मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत में सायरा ने बताया कि वर्ष 2016 में सरपंच रहते हुए उन्होंने गांव के श्मशान घाट से अवैध कब्जा हटवाया था। इसके अलावा, गांव के जोहड़ की जमीन पर कथित अवैध कब्जों के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू की थी। उनका आरोप है कि इसी रंजिश के चलते अहमददीन उन्हें लगातार परेशान कर रहा है।

दबाव बनाने का आरोप

शिकायत में सायरा ने अपने जेठ फजल हुसैन के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले का जिक्र करते हुए कहा कि न्यायालय ने 15 जुलाई 2023 को उन्हें बरी कर दिया था। उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश के बाद अहमददीन सहित अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने की बात भी कही है। पूर्व सरपंच ने आरोप लगाया कि आगामी अदालती कार्रवाई को लेकर उन पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्हें कथित तौर पर तांत्रिक क्रियाओं का डर दिखाया जा रहा है और सार्वजनिक रूप से जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। उन्होंने मीडिया में अपने परिवार के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किए जाने पर भी कार्रवाई की मांग की है। सायरा ने मुख्यमंत्री से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आरोप सही पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

विदेशी फंडिंग सहित करीब 12 जांचों का दिया हवाला

सायरा के अनुसार, उनके खिलाफ गबन, विदेशी फंडिंग और पंचायत के कार्यों में अनियमितताओं के आरोप लगाकर सीएम विंडो, विभिन्न सरकारी विभागों और अदालतों में कई शिकायतें की गईं। उन्होंने दावा किया कि उपायुक्त कार्यालय, एसडीओ पंचायती राज, एसडीएम, सतर्कता विभाग, आबकारी एवं कराधान विभाग तथा सीएम फ्लाइंग रेवाड़ी सहित विभिन्न स्तरों पर करीब 12 जांचों में उन्हें राहत मिली और शिकायतें दफ्तर दाखिल कर दी गईं। उन्होंने स्थानीय न्यायालय नूंह के 29 नवंबर 2024 के आदेश और हाईकोर्ट में दायर मामले का भी उल्लेख किया है।

रोटी लेट देने पर होटल मालिक को चाकू घोंपा

फरीदाबाद। सोहना रोड पर होटल संचालक के साथ मारपीट तथा चाकू से हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी संजय कॉलोनी की टीम ने एक आरोपित अनवर खान वासी जीवन नगर गोच्छी को गिरफ्तार किया है।पुलिस प्रवक्ता अनुसार मौहसिम वासी जीवन नगर पार्ट-2 ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सोहना रोड पर सिकंदराबाद चिकन नाम से होटल चलाता है। 4 अक्टूबर को शाम करीब 7.30 बजे अनवर निवासी जीवन नगर गौच्छी, उसका भाई अकबर तथा इस्लाम और निसार उसके होटल पर आए, जिन्होंने रोटी का ऑर्डर दिया। रोटी तैयार होने में 5-7 मिनट लगने की बात कहने पर अनवर ने उसके साथ गाली-गलौच शुरू कर दी और जान से मारने की नीयत से उसके पेट व हाथ पर चाकू से वार किया। इस्लाम तथा निसार ने भी उसके साथ मारपीट की। शिकायतकर्ता का भाई मोसिम उसे बचाने आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। शिकायत पर थाना मुजेसर में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर पुलिस चौकी की टीम द्वारा जांच शुरू की गई।प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी शिकायतकर्ता के होटल पर खाना खाने के लिये आये थे। जहां पर उन्होंने रोटी का ऑर्डर दिया था। रोटी तैयार होने में समय लगने की बात कहने पर उनकी शिकायतकर्ता के साथ कहासुनी हो गई। इसी दौरान अनवर निसार की दुकान से चाकू उठाकर लाया और अनवर ने उस पर चाकू से हमला कर दिया।

इंफ्लुएंसर की कार का शीशा तोड़कर नकदी चोरी

■ अमित पंघाल के साथ वारदात, पुलिस कार्रवाई पर जताया असंतोष

गुरुग्राम। सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर की कार का शीशा तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। सेक्टर-65 थाना क्षेत्र में चोरों ने एक खड़ी गाड़ी का शीशा तोड़कर उसमें रखा लैपटॉप और नकदी चोरी कर ली। इस घटना के बाद सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर अमित पंघाल ने गुरुग्राम पुलिस को शिकायत दी है। घटना को लेकर अमित पंघाल और उनकी पत्नी ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर पुलिस की कार्रवाई के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की है। अमित पंघाल के फेसबुक पर करीब 27 लाख फॉलोअर्स हैं। जानकारी के अनुसार, गुरुग्राम के सेक्टर-65 थाना क्षेत्र में अमित पंघाल की गाड़ी खड़ी थी। इसी दौरान अज्ञात आरोपियों ने गाड़ी का शीशा तोड़ दिया और अंदर रखा लैपटॉप व नकदी लेकर फरार हो गए। घटना का पता चलने पर मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में फॉलोअर्स होने के कारण अमित पंघाल की इस घटना को लेकर साझा की गई वीडियो चर्चा में है। अमित पंघाल और उनकी पत्नी श्रुति सिंह ने वीडियो के माध्यम से घटना को लेकर अपनी बात रखी और पुलिस की कार्रवाई पर असंतोष जताया। हालांकि, चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की पहचान, चोरी हुई नकदी की राशि और पुलिस की ओर से अब तक की गई कार्रवाई के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है।

गाजियाबादः युवती से दुष्कर्म करने के दो आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

गाजियाबाद। विजय नगर पुलिस ने युवती के साथ दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की ओर से चलाई गोली से दोनों बदमाश घायल हो गए। सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि 17अक्टूबर की रात्रि मुखबिर द्वाराश सूचना प्राप्त हुई कि विजयनगर में रेप के मुकदमे में वांछित चल रहे दो अभियुक्त जल निगम प्लांट शालीमार नगर के पास दिखाई दिए हैं। इस सूचना पर थाना विजयनगर की पुलिस द्वारा फ्रेंग्रेन्स सोसाइटी के पास में बैरियर लगाकर चेकिंग लगाई गई। इसी चेकिंग के दौरान सामने से एक बाइक पर दो व्यक्ति आते दिखे, शालीमार नगर से फ्रेंग्रेन्स सोसाइटी की तरफ। जब पुलिस द्वारा उन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो रुकने के बजाय उन्होंने मुड़कर भागने की कोशिश करी। रास्ता उबड़-खाबड़ होने की वजह से डिसबैलेंस होकर दोनों गिर गए। पुलिस पार्टी को अपनी ओर आते देखकर पुलिस पर उन्होंने फायर की।

लॉरेंस गैंग के बदमाश धोलिया को मिली जमानत

गुरुग्राम। लॉरेंस गैंग से जुड़े कुख्यात बदमाश अंकित उर्फ धोलिया को गुरुग्राम की अदालत से नियमित जमानत मिल गई है। चरखी दादरी के बाढड़ा क्षेत्र के गांव डांडमा निवासी 30 वर्षीय धोलिया पर हत्या, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट समेत 20 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज बताए गए हैं। जमीन विवाद में अपने चाचा की हत्या के मामले में भी उसका नाम है। कारोबारियों को जान से मारने की धमकी देकर रंगदारी वसूलने और अवैध हथियार रखने के मामले में वह 31 मार्च 2025 से जेल में बंद था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुदीप गोयल की अदालत ने एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर उसे जमानत देने का आदेश दिया।यह मामला 10 मई 2024 को फर्रुखनगर थाने में दर्ज एफआईआर नंबर 114 से जुड़ा है। पुलिस के अनुसार, गिरोह के सदस्य विदेश और जेलों में बैठकर वॉट्सऐप व इंस्टाग्राम के जरिए कारोबारियों को धमकाने और रंगदारी वसूलने का नेटवर्क चला रहे थे। पुलिस सूचना के मुताबिक, रोहित गोदारा, नवीन बॉक्सर, लिपन नेहरा और पवन नेहरा जैसे गिरोह से जुड़े लोग इस नेटवर्क के संचालन में सक्रिय बताए गए हैं। धोलिया और उसके साथी विदेश में बैठे लॉरेंस के भतीजे अक्षय के संपर्क में थे।

■ पलवल में गड़रिया समाज की महापंचायत में फैसला

शादी में 51 बाराती, छूछक-भात में 11 लोग ही जाएंगे, दहेज, डीजे पर भी रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



पलवल में रविवार को हुई गड़रिया समाज की महापंचायत में शादी-ब्याह और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में फिजूलखर्ची रोकने के लिए दहेज, शराब, डीजे और मृत्यु भोज पर रोक लगाने का फैसला लिया गया। साथ ही शादी में दूल्हा पक्ष से अधिकतम 51 लोग और छूछक, गोद भराई, लगन-सगाई व भात में 11-11 लोगों के शामिल होने का निर्णय लिया गया। प्रकाश विहार स्थित वीर चक्र विजेता शहीद महीलाल समिति प्रांगण में हुई महापंचायत की अध्यक्षता 360 गांवों के चौधरी ओमप्रकाश ने की। महापंचायत में पलवल के अलावा फरीदाबाद, गुरुग्राम, सोनीपत, नूंह, होडल और उत्तर प्रदेश से आए लोगों ने हिस्सा लिया। पंचायत में तय हुआ कि मृत्यु भोज के बजाय केवल श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी, ताकि शोकाकुल परिवार पर आर्थिक बोझ न पड़े। शादी-विवाह में शराब और किसी भी तरह का नशा परोसने के साथ डीजे बजाने पर भी पूरी तरह रोक रहेगी।

गांववार कमेटियां बनाई जाएंगी

गड़रिया समाज की पहली पंचायत 11 अक्टूबर को हुई थी। अब दूसरी महापंचायत में इन फैसलों पर अंतिम मुहर लगाई गई। पंचायत में इस बात पर जोर दिया गया कि सामाजिक परंपराओं का निर्वहन सादगी और संवेदनशीलता के साथ किया जाए, ताकि किसी परिवार को आर्थिक या सामाजिक दबाव का सामना न करना पड़े। फैसलों को लागू कराने के लिए गांववार कमेटियां गठित की जाएंगी।वीर चक्र विजेता शहीद महीलाल समिति के अध्यक्ष कर्नल दयाराम ने कहा कि समाज की परंपराओं और सामूहिक सहमति के आधार पर ये फैसले लिए गए हैं। इन्हें प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अगले 10 दिनों में गांववार कमेटियां गठित कर उनकी जिम्मेदारियां तय की जाएंगी।

कार्रवाई 20 से अधिक तारीखें मिलीं, विभाग गवाही पूरी नहीं कर सका

190 करोड़ के जीएसटी घोटाले में आरोपी को राहत, अदालत ने किया डिस्चार्ज

अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला बनाने के लिए मौखिक और दस्तावेजी साक्ष्य पेश नहीं कर सका

धर्मेंद्र कौशिक ⏭ गुरुग्राम

करीब 190 करोड़ रुपये के कथित फर्जी जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) मामले में गुरुग्राम की अदालत ने आरोपी मोहम्मद शमशाद सैफी को आरोपों से डिस्चार्ज कर दिया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष कुमार की अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला बनाने के लिए पर्याप्त मौखिक और दस्तावेजी साक्ष्य पेश नहीं कर सका। अदालत ने यह भी पाया कि अभियोजन पक्ष के एकमात्र गवाह को कथित फर्जी आईटीसी की वास्तविक रकम की जानकारी नहीं थी और वह जांच या छापेमारी करने वाली टीम का हिस्सा भी नहीं था। यह शिकायत जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई), गुरुग्राम जोनल यूनिट के वरिष्ठ खुफिया अधिकारी की ओर से केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) अधिनियम, 2017 की धारा 132 के तहत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि शमशाद सैफी ने टेक्नो इलेक्ट्रिकल एंड सेल्स और लता सेल्स समेत कथित फर्जी कंपनियां बनाकर बिना माल की वास्तविक आपूर्ति के इनवॉइस जारी किए और विभिन्न इकाइयों को करीब 190 करोड़ रुपये का फर्जी आईटीसी हस्तांतरित करने में भूमिका निभाई। अदालत के आदेश के अनुसार, मामले में 29 मई 2023 से 13 अक्टूबर 2025 के बीच 20 से अधिक तारीखों पर अभियोजन पक्ष को साक्ष्य पेश करने के अवसर दिए गए। इसके बावजूद विभाग अपनी गवाही पूरी नहीं कर सका। अदालत ने 13 अक्टूबर 2025 को अभियोजन साक्ष्य बंद कर दिया था। विभाग ने इस आदेश के खिलाफ आपराधिक रिवीजन भी दायर किया, लेकिन उस पर मौजूदा कार्यवाही रोकने का कोई आदेश नहीं था। अक्टूबर 2026 में सुनवाई की निर्धारित तारीखों पर भी विभाग की ओर से कोई पेश नहीं हुआ।

एकमात्र गवाह के बयान को अपर्याप्त माना: अभियोजन पक्ष ने वरिष्ठ खुफिया अधिकारी रामाशीष शर्मा को एकमात्र गवाह के रूप में पेश किया था। जिरह के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें कथित फर्जी आईटीसी की वास्तविक रकम का पता नहीं है और वह संबंधित परिसरों पर हुई तलाशी या छापेमारी में शामिल नहीं थे।

जमानत बांड भी समाप्त करने के आदेश दिए

अदालत ने पाया कि कथित फर्जी कंपनियों, इनवॉइस, बैंक खातों, जीएसटी रिटर्न और अन्य जांच दस्तावेजों को भी साक्ष्य के रूप में साबित नहीं किया गया। शिकायत में छह गवाहों के नाम थे, लेकिन अन्य किसी गवाह की गवाही नहीं कराई गई। अदालत ने स्पष्ट किया कि केवल शिकायत में लगाए गए आरोप, आरोपी की गिरफ्तारी या जांच का होना आरोप तय करने के लिए पर्याप्त नहीं है। रिकॉर्ड पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर प्रथम दृष्टया मामला नहीं बनने के कारण 17 अक्टूबर 2026 को मोहम्मद शमशाद सैफी को सीजीएसटी अधिनियम के तहत लगाए गए आरोपों से डिस्चार्ज कर दिया गया। अदालत ने उनके जमानत बांड भी समाप्त करने के आदेश दिए।

सीएम रेखा गुप्ता सहित मंत्रियों, सांसदों, कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा

70 घाटों पर चला सफाई अभियान, बड़ी संख्या में नागरिकों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के नेतृत्व में 'चलो यमुना अभियान' के अंतर्गत दिल्लीभर के 70 घाटों पर मेगा स्वच्छता अभियान चलाया गया और इस अभियान में बड़ी संख्या में युवाओं, आरडब्ल्यूए, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), सामाजिक संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा मां यमुना की स्वच्छता के लिए श्रमदान किया।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को 'चलो यमुना अभियान' के अंतर्गत आयोजित मेगा स्वच्छता अभियान में सहभागिता के बाद यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों से 'यमुना प्रहरी' बनकर मां यमुना के संरक्षण में योगदान देने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'स्वच्छता केवल अभियान नहीं, जीवन जीने की पद्धति है, यमुना में किसी भी प्रकार की गंदगी न पहुंचे, यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान मां यमुना के प्रति दिल्लीवासियों की आस्था और जिम्मेदारी का प्रतीक है। आज पूरी दिल्ली में यमुना के दोनों ओर नागरिक स्वच्छता अभियान में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि यमुना को स्वच्छ बनाने का संकल्प तभी साकार होगा, जब सरकार के प्रयासों के साथ-साथ समाज का प्रत्येक वर्ग इसमें सक्रिय भागीदारी निभाएगा।



प्रत्येक दिन यमुना की सफाई के प्रति जिम्मेदारी समझे: महापौर

दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि यमुना तभी स्थाई तौर पर साफ होगी जब हम केवल अभियान के दिन ही नहीं बल्कि प्रत्येक दिन यमुना की सफाई एवं निर्मलता के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझेंगे। उन्होंने सफाई अभियान में भाग लेने के लिए स्थानीय निवासियों,सफाई कर्मचारियों, स्वयंसेवकों एवं सभी सहभागी संस्थाओं को साधुवाद दिया। दिल्ली में यमुना के तटों की स्वच्छता,पर्यावरण संरक्षण तथा जन जागरूकता अभियान ऐसे ही जारी रहेंगे। महापौर ने कहा कि यमुना केवल एक नदी ही नहीं बल्कि समस्त देशवासियों की आस्था, संस्कृति और जीवन का आधार है।

अभियान का उद्देश्य केवल यमुना नदी और उसके घाटों की सफाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि नागरिकों को यमुना के संरक्षण के प्रति जागरूक करना और स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना भी रहा।

स्वच्छता को सिर्फ अभियान नहीं, आदत भी बनाएं : मल्होत्रा

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने सभी दिल्ली वासियों से आग्रह करते हुए कहा कि यमुना तट की स्वच्छता को सिर्फ अभियान न बनाएं, इसे अपनी आदत बनाएं। उन्होंने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाना है तो यमुना को बचाना होगा। बता दें कि प्रदेश अध्यक्ष मल्होत्रा के नेतृत्व में भाजपा नेताओं व बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के सहयोग से 'यमुना तट सफाई अभियान 2026' का आयोजन किया। इसका सरकार की ओर से संयोजन मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने किया और दिल्ली भाजपा की ओर से महामंत्री मोहनलाल गिहारा ने कार्यकर्ता एकत्रीकरण कार्य सम्भाला गया। दिल्ली भाजपा की सह प्रभारी दर्शना जरदोश के अलावा दिल्ली विधानसभाध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता, दिल्ली के लोकसभा सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेन्द्र चाँदोलिया, प्रवीन खंडेलवाल एवं बाँसुरी स्वराज एवं दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, डॉ. पंकज सिंह एवं रविन्द्र इंद्राज सिंह, राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल, राष्ट्रीय मंत्री जय प्रकाश, प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों के आलावा विधायक, पार्षद और हजारों कार्यकर्ता यमुना तट स्वच्छता अभियान में सम्मिलित हुए।

'जनभागीदारी एक बड़े परिवर्तन का है आधार'

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि जब हजारों नागरिक एक साझा उद्देश्य के साथ आगे आते हैं तो जनभागीदारी एक बड़े परिवर्तन का आधार बनती है। 'चलो यमुना अभियान' इसी सामूहिक संकल्प का प्रतीक है, जिसमें हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने सभी दिल्लीवासियों से अपील की कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, कचरे का उचित निस्तारण करें और यमुना के घाटों को साफ रखने में सक्रिय योगदान दें।

केवल सरकारी प्रयासों से यमुना का पुनरुद्धार संभव नहीं, जनभागीदारी जरूरी : विजेंद्र



नई दिल्ली। कोई भी सरकार, चाहे वह कितनी ही प्रतिबद्ध क्यों न हो, इस कार्य को अकेले पूरा नहीं कर सकती। यमुना का पुनरुद्धार तभी संभव होगा, जब नागरिक उसकी स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी मानेंगे। यह बात दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रविवार को यमुना नदी के तट पर स्थित रैंप नंबर-3, श्याम घाट-3 पर 'चलो यमुना अभियान' के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता अभियान में स्थानीय निवासियों एवं स्वयंसेवकों के साथ भाग लेते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नदी का पुनर्जीवन केवल समय-समय पर आयोजित होने वाले स्वच्छता अभियानों तक सीमित न रहकर एक साझा नागरिक जिम्मेदारी बनना चाहिए। विजेंद्र ने कहा कि यमुना के पुनरुद्धार की सफलता का आकलन केवल कचरा हटाने के आधार पर नहीं, बल्कि दिल्लीवासियों के दैनिक जीवन में एक स्वच्छ एवं निर्बाध प्रवाह वाली नदी की वापसी के आधार पर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतिम लक्ष्य यमुना के तटों और घाटों को ऐसे सुलभ सार्वजनिक स्थलों के रूप में पुनर्जीवित करना होना चाहिए, जहां परिवार एकत्रित हो सकें और आगंतुक इस परिवर्तन को प्रत्यक्ष रूप से देख सकें। उन्होंने कहा कि दिल्ली और देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले लोग यमुना के घाटों पर लौटें और अपनी आंखों से देखें कि सामूहिक संकल्प क्या हासिल कर सकता है। उन्होंने नागरिकों से स्वच्छ यमुना के संकल्प को निरंतर कार्यवाही में बदलने का आग्रह किया और कहा कि यह अभियान तब तक जारी रहना चाहिए, जब तक इसके परिणामों में सार्थक एवं स्थायी सुधार स्पष्ट रूप से दिखाई न देने लगे। उन्होंने कहा कि यमुना की सफाई एवं पुनर्जीवन के लिए दिल्ली सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास महत्वपूर्ण हैं, लेकिन स्थायी सफलता के लिए निरंतर, समन्वित एवं परिणामोन्मुखी कार्रवाई आवश्यक है। इसमें सीवेज का समुचित शोधन, नालों के माध्यम से नदी में प्रवेश करने वाले प्रदूषित जल का उपचार, औद्योगिक अपशिष्ट पर प्रभावी नियंत्रण तथा स्पष्ट रूप से निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप ठोस परिणाम प्राप्त करना शामिल है। विजेंद्र ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण किसी एक राजनीतिक दल या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज का साझा दायित्व है। सरकार, विधानसभा, संबंधित विभागों, संस्थानों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों को इस दिशा में मिलकर कार्य करना होगा।

प्रदर्शनों से 400 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ प्रभावित : खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

चांदनी चौक के सांसद एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से जारी विरोध प्रदर्शनों के कारण व्यापारिक गतिविधियों पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। सांसद खंडेलवाल ने कहा कि यदि व्यवधान लंबे समय तक जारी रहते हैं, तो दिल्ली में प्रतिदिन 400 करोड़ रुपए से अधिक के व्यापारिक लेन-देन प्रभावित होने का खतरा है। उन्होंने कहा कि यदि प्रदर्शनकारियों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार है, तो व्यापारियों को भी व्यापार करने और अपनी आजीविका कमाने का समान अधिकार है। सांसद ने कहा कि प्रदर्शनों का कुल संभावित प्रभाव दस दिनों में 4,000 करोड़ रुपए तक पहुँच सकता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रतिदिन लगभग 2,200 करोड़ रुपए के औसत व्यापारिक कारोबार का अनुमान है, जिसके कारण राजधानी का व्यापक व्यापारिक तंत्र किसी भी व्यवधान से बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। व्यापारिक गतिविधियों में यदि 10 प्रतिशत की गिरावट आती है, तो प्रतिदिन 220 करोड़ रुपए का कारोबार प्रभावित हो सकता है। यह आंकड़ा 15 प्रतिशत व्यवधान की स्थिति में 330 करोड़ रुपए और 20 प्रतिशत व्यवधान होने पर लगभग 440 करोड़ रुपए प्रतिदिन तक पहुँच सकता है। इन प्रारंभिक अनुमानों के आधार पर, यदि व्यवधान इसी स्तर पर बने रहते हैं, तो दस दिनों में संभावित प्रभावित कारोबार लगभग 4,000 करोड़ रुपए तक पहुँच सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये आंकड़े जोखिम में पड़े व्यापारिक कारोबार के सांकेतिक अनुमान हैं, न कि वास्तविक नुकसान का सत्यापित आकलन।

यमुना सफाई के नाम पर हर साल भाजपा करती है सिर्फ फोटो शूट : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली। यमुना सफाई के नाम पर हर साल भाजपा सिर्फ फोटो शूट करती है। पिछले साल भी इसी तरह यमुना साफ करने का खूब ढिंढोरा पीटा था लेकिन रविवार को जब यमुना किनारे गए तो यमुना का पानी बिल्कुल काला दिख रहा है। यह बात रविवार को आम आदमी पार्टी के दिल्ली संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कही। उन्होंने सरकार ने पूछा कि जब पिछले साल ही यमुना साफ हो गई थी तो आज पानी इतना काला क्यों है? सौरभ ने कहा कि यमुना का पानी न सिर्फ बेहद गंदा है बल्कि उसके ऊपर जहरीला झाग भी तैर रहा है। सरकार में आए डेढ़ साल से ज्यादा समय हो गए, लेकिन सरकार झाग तक का समाधान नहीं दे पाई है। वहीं कोंडली से विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि 2 साल हो गए है भाजपास सरकार को लेकिन यमुना तो छोड़ो, दिल्ली जल बोर्ड के सीवर भी साफ नहीं कर नहीं हो पाए हैं। पूरी दिल्ली में सीवर बह रहे हैं। सड़कों पर कूड़े के ढेर लगे हैं।

दिल्ली की सड़कों को खुदाई और अतिक्रमण से मुक्त करे भाजपा सरकार : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

त्यौहारों के इस सीजन में दिल्ली में जगह-जगह चल रही खुदाई, अधूरे निर्माण कार्य, सड़कों पर फैली निर्माण सामग्री और अतिक्रमण के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है और व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह बात रविवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कही। यादव ने कहा कि त्योहारों के दौरान व्यापारी पूरे साल की बिक्री की उम्मीद करते हैं, लेकिन सड़कों की बदहाली, ट्रैफिक जाम और अव्यवस्थित निर्माण कार्यों के कारण ग्राहक बाजारों तक पहुंचने से कतराते हैं। ऐसे में छोटे दुकानदारों, कारोबारियों और रेहड़ी-पटरी से जुड़े लोगों की आजीविका पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। भाजपा सरकार को चाहिए कि वह संबंधित विभागों, एमसीडी, पीडब्ल्यूडी और ट्रैफिक पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर सड़कों पर चल रही अनावश्यक खुदाई को तत्काल रोके, अधूरे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करे तथा खुदाई वाले स्थानों की मरम्मत और सड़क बहाली सुनिश्चित करे। साथ ही, बाजारों के आसपास पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए और यातायात बाधित करने वाले अतिक्रमण को नियमानुसार हटाया जाए।

'बाजारों और रिहायशी कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था हो दुरुस्त'



यादव ने राजधानी के बाजारों और रिहायशी कॉलोनियों में जगह-जगह फैली गंदगी, कूड़े के ढेर और सफाई व्यवस्था की बदहाली पर भी चिंता व्यक्त करते हुए भाजपा सरकार से दिल्ली की स्वच्छता व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने की मांग की है। यादव ने कहा कि नियमित सफाई, समय पर कूड़ा उठाने, कूड़ाघरों की उचित व्यवस्था और सफाई कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने से ही हालात सुधरेंगे।

कार दुर्घटना में मारे गए डीडीए अभियंता के परिवार को एक करोड़ 43 लाख से अधिक का मुआवजा

एजेंसी. नई दिल्ली। दिल्ली के एक न्यायाधिकरण ने 2022 में एक कार दुर्घटना में मार गए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के 59 वर्षीय अधिशासी अभियंता के परिवार को 1.43 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा देने का आदेश दिया है। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी) के पीठासीन अधिकारी अभिलाष मल्होत्रा ने 13 अक्टूबर को पारित एक आदेश में कार की बीमा कंपनी 'आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस' को मुआवजे की राशि जमा करने का निर्देश दिया। मृतक की पत्नी द्वारा दायर याचिका के अनुसार, जैन 17 सितंबर, 2022 को कार की आगे वाली यात्री सीट पर बैठे थे। यह कार यहां आर के पुरम में आउटर रिंग रोड पर एक सीएनजी पंप के पास बस स्टॉप पर खड़ी एक बस के पिछले हिस्से से टकरा गई थी। याचिका में कहा गया है कि उन्हें सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया और बाद में वसंत कुंज स्थित इंडियन स्पाइनल इंजुरीज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 2022 में 20 सितंबर को उनकी मृत्यु हो गई। याचिका के मुताबिक, कार चालक गुल्फाम के पास केवल 'लर्नर लाइसेंस' (वाहन सीखने के लिए मिलने वाला अस्थायी परमिट) था। वह जैन से गाड़ी चलाना सीख रहा था, गंतव्य तक पहुंचने की जल्दबाजी में उसने ब्रेक की जगह गलती से एक्सीलेटर दबा दिया था। न्यायाधिकरण ने पाया कि कार मालिक और चालक की मां रहमीना खातून ने अपने बयान में स्वीकार किया कि डीडीए (दिल्ली विकास प्राधिकरण) अभियंता ने गुल्फाम को कार चालक के रूप में काम पर रखा था और उसे 20,000 रुपये प्रतिमाह का वेतन देते थे। न्यायाधिकरण ने कहा कि इससे साफ होता है कि कार का इस्तेमाल किराए पर किया जा रहा था और जैन एक भुगतान करने वाले यात्री थे, न कि ड्राइविंग सिखाने वाले प्रशिक्षक।

'एक साल से बंद कराला-मुंडका मार्ग, आखिर कब जागेगी दिल्ली सरकार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में विकास के दावों के बीच ग्रामीणों की परेशानी का एक ऐसा मामला सामने आया है, जो सरकार और संबंधित विभागों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। कराला-मुंडका मार्ग को बंद हुए एक वर्ष बीत चुका है, लेकिन लोगों को राहत देने के लिए अब तक कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया।

सीवर लाइन डालने के नाम पर बंद पड़े इस महत्वपूर्ण मार्ग ने क्षेत्र के लोगों की आवाजाही मुश्किल कर दी है। स्कूल-कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों, आईटीआई और अन्य प्रशिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले युवाओं तथा रोजाना नौकरी पर जाने वाले लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। सवाल है कि आखिर एक सड़क को दुरुस्त करने में एक साल क्यों लग गया और इस देरी की जवाबदेही कौन लेगा? चौगामा विकास समिति के महासचिव विजेंद्र डबास ने कहा कि सीवर लाइन डालने के कारण मुंडका-कराला मार्ग पिछले एक वर्ष से बंद है। इसका असर केवल वाहन चालकों पर नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की दैनिक गतिविधियों पर पड़ रहा है।

विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस बुनियादी सुविधा को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाना चाहिए था, वह अब लंबे इंतजार और परेशानी का कारण बन गई है। मदनपुर डबास के नागरिक सुखबीर सिंह ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से कई बार पत्राचार किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। ऐसे में सवाल उठता है कि जब नागरिक लगातार अपनी समस्या अधिकारियों तक पहुंचा रहे हैं, तो कार्रवाई का पहिया आगे क्यों नहीं बढ़ रहा? क्या विभाग के पास काम पूरा करने की समयसीमा नहीं है या फिर जनता की परेशानी उसकी प्राथमिकताओं में शामिल ही नहीं है? चौगामा विकास समिति के महासचिव विजेंद्र डबास ने कहा कि क्षेत्र के लोग पहले ही बहुत नुकसान झेल चुके हैं और अब अधिक उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- सीवर लाइन के नाम पर ठप पड़ा रास्ता, विद्यार्थी से नौकरीपेशा तक परेशान
- चौगामा विकास समिति ने दी आर-पार की लड़ाई की चेतावनी
- एक साल बीता, लेकिन समाधान नहीं हुआ

उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार और संबंधित विभागों को जगाने के लिए अब आर-पार की लड़ाई लड़ने का समय आ गया है। आंदोलन की अगली रणनीति तय करने के लिए जल्द ही क्षेत्र के लोगों की बड़ी बैठक बुलाई जाएगी।

जनप्रतिनिधियों पर गांवों की अनदेखी का आरोप

रसूलपुर के राजेंद्र प्रसाद ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के गांवों की समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने राजनीतिक प्रतिनिधियों और अफसरशाही को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि सड़क बंद रहने से पूरे क्षेत्र की गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। वहीं, रानी खेड़ा के युवा समाजसेवी रिंकू खरब ने कहा कि क्षेत्र की बदहाली के पीछे अफसरशाही और चुने हुए जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा बड़ी वजह है। उनका कहना है कि एक महत्वपूर्ण मार्ग का इतने लंबे समय तक बंद रहना ग्रामीणों की समस्याओं के प्रति गंभीरता की कमी को दर्शाता है।

विकास के दावों पर ग्रामीणों का सीधा सवाल

सड़क, सीवर और परिवहन जैसी बुनियादी सुविधाएं किसी भी क्षेत्र के विकास की नींव होती हैं। सीवर लाइन बिछाना जरूरी है, लेकिन उसके नाम पर सड़क को लंबे समय तक बंद छोड़ देना और प्रभावित लोगों को राहत देने की व्यवस्था न करना भी उतना ही गंभीर विषय है। स्थानीय लोगों की मांग है कि संबंधित विभाग काम की वास्तविक स्थिति सार्वजनिक करे और मार्ग को खोलने के लिए स्पष्ट समयसीमा बताए।

दो हजार आढ़तियों में से मंडी प्रशासन को मिला सिर्फ 11 सहायकों का रिकॉर्ड

दिल्ली की आजादपुर मंडी में चल रहा सुरक्षा से खिलवाड़

दया राम ⏭ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में नागरिकों की सुरक्षा को लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हाल ही के दिनों में बड़ी गंभीरता दिखाते हुए शाम और रात के समय जगह जगह बैठकें की और इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़े-बड़े दावे भी किए गए। वहीं, दूसरी तरफ एशिया की प्रमुख फल एवं सब्जी मंडियों में शामिल आजादपुर मंडी में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सामने आए आंकड़े गंभीर सवाल खड़े करते हैं। मंडी प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, यहां मंडी परिसर में करीब 2,000 लाइसेंसधारी आढ़ती कारोबार करते हैं, लेकिन उनके सहायकों का



विवरण जुटाने की प्रक्रिया इतनी धीमी है कि 24 सितंबर तक मंडी प्रशासन को केवल 11 सहायकों की जानकारी ही मंडी प्रशासन को मिल सकी है। सवाल है कि जब एक विशाल मंडी में हजारों लोग रोजाना आते-जाते हैं, तो वहां काम करने वाले सहायकों की पहचान और उनका रिकॉर्ड तैयार करने में इतनी सुस्ती क्यों बरती जा रही है? उपलब्ध जानकारी के अनुसार, मंडी प्रशासन ने अप्रैल माह में कारोबारियों को सर्कुलर जारी कर उनके यहां काम करने वाले सहायकों का विवरण मांगा था। इसके लिए कारोबारियों को 15 दिन का समय दिया गया था। उम्मीद थी कि तय समयसीमा में मंडी प्रशासन के पास सहायकों का व्यवस्थित रिकॉर्ड तैयार हो जाएगा। लेकिन निर्धारित समय बीतने के बावजूद प्रक्रिया अपेक्षित गति नहीं पकड़ सकी। इसके बाद 20 अगस्त को मंडी प्रशासन ने इस मामले की समीक्षा करते हुए कारोबारियों से फिर सहायकों का विवरण उपलब्ध कराने को कहा। इसके बावजूद 24 सितंबर तक महज 11 सहायकों का विवरण ही प्रशासन तक पहुंच पाया। यह आंकड़ा मंडी प्रशासन की निगरानी, आदेशों के अनुपालन और सुरक्षा संबंधी तैयारियों की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े करता है।

सुरक्षा के दावे बनाम जमीनी हकीकत

आजादपुर मंडी में रोजाना बड़ी संख्या में व्यापारी, मजदूर, सहायक, वाहन चालक और खरीदार पहुंचते हैं। ऐसे व्यस्त कारोबारी परिसर में काम करने वाले लोगों का सत्यापित रिकॉर्ड तैयार करना सुरक्षा प्रबंधन का महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है। किसी घटना, विवाद या संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में पहचान संबंधी जानकारी जांच में मददगार साबित हो सकती है। ऐसे में सवाल सिर्फ एक सर्कुलर जारी करने का नहीं, बल्कि उसके पालन की निगरानी का है। जब इस वर्ष अप्रैल में विवरण मांगा गया और अगस्त में दोबारा समीक्षा की गई, तो इसके बाद भी सितंबर तक इतनी कम जानकारी क्यों मिली? क्या कारोबारियों को समयसीमा के पालन के लिए नियमित रूप से याद दिलाया गया? क्या लापरवाही बरतने वालों को नोटिस जारी किए गए? क्या रिकॉर्ड जमा कराने के लिए कोई प्रभावी कार्ययोजना बनाई गई? इन सवालों का जवाब मंडी प्रशासन को देना चाहिए।

केवल 11 सहायकों की मिली है जानकारी

मंडी प्रशासन के अनुसार, यदि मंडी में करीब 2,000 लाइसेंसधारी आढ़तियों के यहां काम करने वाले सहायकों का विवरण जुटाना लक्ष्य है और अब तक केवल 11 सहायकों की जानकारी मिली है, तो यह प्रगति बेहद चिंताजनक है। हालांकि, प्रत्येक आढ़ती के यहां सहायकों की वास्तविक संख्या अलग-अलग हो सकती है, इसलिए कुल सहायकों की संख्या का आकलन अलग से करना होगा। फिर भी, यदि केवल उदाहरण के तौर पर 2,000 सहायकों का विवरण जुटाने का लक्ष्य मान लिया जाए और मौजूदा रफ्तार यानी लगभग छह महीने में 11 विवरण मिलने की गति बनी रहे, तो शेष विवरण जुटाने में करीब 90 साल लग सकते हैं। इस हिसाब से पूरी प्रक्रिया में लगभग एक सदी लगने का अंदेशा जताया जा सकता है। यह गणना एक अनुमान है, वास्तविक समयसीमा नहीं, लेकिन इससे प्रक्रिया की धीमी रफ्तार की गंभीरता जरूर उजागर होती है।

दिल्ली का न्यूनतम तापमान घटा 18.6 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में इस महीने का सबसे कम न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस रविवार को दर्ज किया गया, जो मौसम के औसत तापमान से 0.2 डिग्री सेल्सियस अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में अधिकतम तापमान 31.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 0.9 डिग्री कम है। मौसम विभाग ने सोमवार को आसमान मुख्य रूप से साफ रहने का अनुमान जताया है। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 32 और 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। शाम साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 63 प्रतिशत दर्ज की गई। विभिन्न मौसम केंद्रों में 'रिज' में सबसे कम न्यूनतम तापमान 18.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद आयानगर में यह 18.2 डिग्री, लोधी रोड में 18.3 डिग्री और पालम में 18.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, रिज में अधिकतम तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस, आयानगर में 31 डिग्री, लोधी रोड में 31.4 डिग्री और पालम में 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

'समीर' ऐप के अनुसार, शाम छह बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 184 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है।



प्रियदर्शन की 99वीं फिल्म में बाघ शिकारी बनेंगे अक्षय

नई दिल्ली। अक्षय कुमार एक नए कॉमेडी प्रोजेक्ट के लिए अनुभवी फिल्म निर्माता प्रियदर्शन के साथ काम करने जा रहे हैं। यह निर्देशक की 99वीं फीचर फिल्म होगी। रमेश तौरानी द्वारा निर्मित इस फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म में वे 1970 के दशक की पृष्ठभूमि में एक अनोखे बाघ शिकारी का किरदार निभाएंगे। प्रोजेक्ट की शूटिंग नवंबर के आखिरी हफ्ते में शुरू होने वाली है। रिपोर्ट में बताया गया है कि तीन महीने तक चलने वाली शूटिंग राजस्थान के वन्यजीव इलाकों और मुंबई के एक सेट पर होगी। इसके अलावा, प्रोडक्शन टीम भोपाल में भी शूटिंग के लिए लोकेशन तलाश रही है। फिल्म की कास्ट में एक्टर अन्नू कपूर और राजपाल यादव शामिल हैं।

लाइफ Style

सारा

ऑफ शोल्डर लहंगे में बनीं मलिका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

'धुरंधर' में अपने अभिनय से सबको इंप्रेस करने वालीं सारा अर्जुन अब अपनी रैंप वॉक से भी फैंस का दिल जीत रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने लैक्मे फैशन वीक में अपना रनवे डेब्यू किया और अपने अंदाज के लिए फिर तारीफें हासिल कर रही हैं।

'धुरंधर' स्टार सारा अर्जुन पिछले दिनों इस ब्लॉकबस्टर पिल्म को लेकर चर्चा में रहीं, जिसमें उन्होंने एक बार फिर अपनी एक्टिंग स्किल्स साबित कर दीं। बड़े पर्दे पर धूम मचाने के बाद सारा अर्जुन रैंप को भी अपने नाम कर चुकी हैं। एक्ट्रेस ने शुक्रवार को लैक्मे फैशन वीक एक्स एफडीसीआई में अपना रनवे डेब्यू किया और अपनी पहली ही रैंप वॉक से अब हर तरफ छाई हैं। सारा अर्जुन लैक्मे फैशन वीक में 'लैक्मे सैलून x अनुश्री रेड्डी' कोलैबोरेशन के लिए शोस्टॉपर बनीं और रैंप पर उतरते ही सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया। उनकी वॉक में कॉन्फिडेंस साफ नजर आ रहा था। सारा अर्जुन ने नई दिल्ली के ताज पैलेस में रनवे पर वॉक किया। इस दौरान उन्होंने डिजाइनर के फॉल ब्राइडल कलेक्शन 'माया' का पाउडर-ब्लू ब्राइडल गाउन पहना हुआ था। बारीक सफेद कढ़ाई, स्कल्पटेड पेपलम और मरमेड हेम वाले लहंगे में सारा रैंप पर उतरीं, जो ब्राइडल फैशन की एक ऐसी झलक पेश कर रहा था जो किसी रोमांटिक फेयरी टेल से प्रेरित लग रहा था। सारा अर्जुन ने अपने रनवे डेब्यू को लेकर खुशी जाहिर की और कहा कि उनका डेब्यू ठीक वैसा ही था जैसा उन्होंने सोचा था।



हॉलीवुड मसाला



एक दिन पहले रिलीज होगी


एवेंजर्सः डूम्सडे

नई दिल्ली। 'एवेंजर्स': डूम्सडे' अमेरिका समेत कई देशों में 18 दिसंबर को रिलीज़ हो रही है। पर भारत में इसके लिए मेकर्स ने अलग ही प्लानिंग की है। एक रिपोर्ट में दावा किया है कि भारत में 'एवेंजर्स': डूम्सडे' ग्लोबल रिलीज़ से एक दिन पहले ही रिलीज़ कर दी जाएगी. यानी भारतीय दर्शक 'एवेंजर्स': डूम्सडे' को 17 दिसंबर से ही सिनेमाघरों में देख केंगे।'एवेंजर्स': डूम्सडे'भारतीय सिनेमाघरों में गुरुवार, 17 दिसंबर को रिलीज़ होगी. इससे फिल्म को चार दिनों का वीकेंड मिलेगा।




लाइव कॉन्सर्ट के स्टेज से गिरी सिंगर

नई दिल्ली। लाइव कॉन्सर्ट के दौरान कभी कभी कुछ ऐसे हादसे हो जाते हैं जो कि कलाकारों के लिए बहुत ही चैलेंजिंग हो जाते हैं। चीनी सिंगर सिंगर जॉन झांग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और लोग उनकी विल पावर और डेडिकेशन की खूब तारीफ कर रहे हैं, क्योंकि अगर आम सिचुएशन कोई सात फुट की ऊंचाई से गिरे तो नॉर्मल होने में कम से कम 15 से 20 मिनट तो लेगा ही लेकिन जॉन महज 20 सेकेंड के अंदर अपने पैरों पर खड़ी थीं और स्टेज पर थीं। वीडियो में आप देखेंगे कि जॉन गा रही थीं कि अचानक उनका बैलेंस बिगड़ा और वह नीचे गिर गईं। उनके गिरते ही पूरी टीम उन्हें सम्भालने के लिए पहुंची। जॉन की हिम्मत देखिए कि गिरने के बाद भी उनके चेहरे पर कोई शिकन नहीं थी। उनकी टीम ने उन्हें सम्भाला, देखा कि वह ठीक हैं या नहीं।



नवरात्रि पर्व के रंग में रंगीं शिल्पा

नई दिल्ली। पूरा देश नवरात्रि के जश्न में डूबी हुआ है। सोशल मीडिया पर गरबा डांस, रंग-बिरंगे पारंपरिक कपड़े और वायरल डांस ट्रेंड खूब छाए हुए हैं। लोग एक साथ मिलकर त्योहार मना रहे हैं, जिसकी खूबसूरत झलकियां देखने को मिल रही हैं। इसके अलावा, इंटरनेट पर त्योहार की खुशी दिखाने वाली कई क्रिएटिव रील्स भी वायरल हो रही हैं। वहीं एक ट्रेंड लोगों का खूब ध्यान खींच रहा है, जिसमें मशहूर गुजराती गरबा गाने की धुन पर कपड़े बदलते हुए मजेदार ट्रांजिशन दिखाए जा रहे हैं। इसमें बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी भी शामिल हो गई हैं, जो ट्रेंड को फॉलो करने में हमेशा आगे रहती हैं। इस ट्रेंड में लोग एक ही गरबा स्टेप को दो बार करते हैं। पहले अपने रोजमर्रा के कपड़ों में और फिर म्यूजिक की बीट बदलते ही वे शानदार ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आते हैं।



दुर्गा पूजा पंडाल में नजर आए रणबीर...

मुंबई। रणबीर कपूर इन दिनों अपकमिंग फिल्म 'रामायण' को लेकर चर्चा में हैं। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस बीच अभिनेता नवरात्रि के दौरान मुंबई के 'नॉर्थ बॉम्बे सार्वजनीन दुर्गा पूजा' पंडाल पहुंचे। वहां उनकी मुलाकात अपने फिल्ममेकर दोस्त अयान मुखर्जी से हुई। यहां सबसे खास पल वह था जब रणबीर, हर्षदीप कौर के साथ मंच पर आए और अपनी 2013 की हिट फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' का गाना 'कबीरा' गाया। पूजा पंडाल में रणबीर कपूर लाल और सुनहरे रंग के कुर्ते और सफेद पजामे में नजर आए। अभिनेता को देवी दुर्गा का आशीर्वाद लेते देखा गया। इसके बाद उन्होंने हाथ जोड़कर कुछ तस्वीरें खिंचवाईं। साथ ही उन्हें पूजा स्थल पर अयान और अन्य मेहमानों का अभिवादन करते हुए भी देखा गया।

टीवी मसाला



शादी के लिए सालभर विजय के पीछे पड़ी थीं रश्मिका

नई दिल्ली। 'कॉफी विद करण' के दूसरे एपिसोड में अभिनेत्री रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा मेहमान बन कर पहुंचने वाले हैं। शो के हाल ही में रिलीज हुए प्रोमो में कपल ने निजी जिंदगी से जुड़े कई खुलासे किये। उन्होंने बताया कि दोनों में से शादी के लिए कौन किसके पीछे पहले पड़ा था। 'कॉफी विद करण' के नवीन सीजन के दूसरे एपिसोड में फैंस के दिलों पर राज करने वाला कपल गेस्ट के रूप में पहुंचा। रश्मिका और विजय से करण ने पूछा कि शादी के लिए किसने पहल की। इस पर विजय ने हंसते हुए कहा कि रश्मिका ने उनसे पूछा कि चलो शादी करते हैं। एक्ट्रेस ने 100 बार उनसे यह सवाल किया था। इस पर रश्मिका ने कहा वह लगभग एक साल तक शादी के लिए विजय के पीछे रहीं। वहीं, जब रश्मिका से पूछा गया कि उन्हें किसके साथ काम करके ज्यादा मजा आया? अल्लू अर्जुन या रणबीर कपूर.. तो अभिनेत्री ने साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन का नाम लिया। वहीं, जब करण ने विजय से पूछा कि रश्मिका के अलावा आपकी जोड़ी किस अभिनेत्री के साथ अच्छी लगती है? तो रश्मिका ने जवाब दिया- कोई नहीं। इस पर विजय बोले- शादी का पहला नियम है कि अपनी पत्नी से सहमत रहें। बता दें कि यह एपिसोड इस बुधवार को प्रसारित होगा। मशहूर साउथ स्टार्स विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना ने 26 फरवरी 2026 को शादी के बंधन में बंधे। दोनों का यह बेहद निजी विवाह समारोह राजस्थान के उदयपुर में में संपन्न हुआ। इस शादी में सुबह तेलुगु रीतिरिवाज से फेरे हुए, वहीं शाम को रश्मिका के गृहनगर की कोडवा परंपरा निभाई गई।


रामलीला में शिल्पा बनीं माता सीता

नई दिल्ली। शिल्पा शिंदे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खासा वायरल हो रहा है। इस वीडियो में शिल्पा शिंदे माता सीता के किरदार में मंच पर डायलॉग बोलती नजर आ रही हैं। शिल्पा इस सीन में वनवास वाला सीन करती नजर आ रही हैं। भगवा साड़ी में शिल्पा इस किरदार में बेहद इम्प्रेसिव लग रही हैं। इस सीन में आप देखेंगे कि मां सीता यानी कि शिल्पा शिंदे लक्ष्मण से कह रही हैं कि वे जंगल में जाकर श्रीराम को ढूंढकर लाएं लेकिन लक्ष्मण जो भाभी की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं वह जाने से इंकार कर देते हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर जानकारी दी गई है कि यह दिल्ली, नॉर्थ वेस्ट शालीमार बाद वाली रामलीला है। यह रामलीला काफी ऐतिहासिक मानी जाती है और इसके आयोजन काफी बड़े स्तर पर किया जाता है। टीवी स्टार्स कई बार इस रामलीला का हिस्सा बनते नजर आते हैं। काम के मोर्चे पर अगर बात करें तो हाल में शिल्पा शिंदे ओटीटी पर आए रियलिटी शो 'लॉकअप 2' में नजर आई थीं।



स्पिरिट की नई रिलीज डेट जारी रामायण 2 से टकराएगी

नई दिल्ली। प्रभास स्टारर 'स्पिरिट' लंबे समय से सुर्खियों में बनी हुई है। खासतौर पर दीपिका पादुकोण संग निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा के विवाद के बाद इस फिल्म की काफी चर्चा में है। पहले इस फिल्म में प्रभास के साथ दीपिका पादुकोण नजर आने वाली थीं, लेकिन कुछ विवादों के बाद अभिनेत्री इस प्रोजेक्ट से अलग हो गईं और फिल्म में उनकी जगह तृप्ति डिमरी ने ले ली। इस साल की शुरुआत में एक पोस्ट साझा करते हुए मेकर्स ने इस फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया था, जिसके अनुसार फिल्म 27 मार्च 2027 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन कुछ वजहों से इसकी रिलीज पोस्टपोन कर दी गई और अब मेकर्स ने फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है, जिसके अनुसार फिल्म 2027 में रणबीर कपूर स्टारर 'रामायण पार्ट 2' से बॉक्स ऑफिस पर टक्कर लेगी। रविवार, 18 अक्टूबर को संदीप रेड्डी वांगा ने प्रभास स्टारर 'स्पिरिट' के लिए एक नई रिलीज डेट की घोषणा की और फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया। नए पोस्टर में सिर पर हैट पहने प्रभास नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने 'स्पिरिट' की रिलीज डेट 29 अक्टूबर 2027 तय की है, यानी फिल्म दिवाली के मौके पर दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसी दौरान रणबीर कपूर स्टारर 'रामायण पार्ट 2' भी रिलीज होने वाली है। यानी बड़े पर्दे पर अब प्रभास / रणबीर कपूर देखने को मिल सकता है। इससे पहले यह फिल्म 5 मार्च 2027 को रिलीज होने वाली थी। 'एनिमल' के डायरेक्टर ने रविवार को फैंस को एक हिंट दिया। उन्होंने बताया कि वे 'स्पिरिट' फिल्म से प्रभास का एक नया लुक और फिल्म की नई रिलीज डेट सामने लाने वाले हैं और उन्होंने ऐसा ही किया।





रेड कार्पेट पर कोचर गाउन से जीता का दिल

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने थोड़ा वक्त निकाल कर 'एनुअल एकेडमी म्यूजियम गाला' में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। रेड कार्पेट पर उन्होंने एक बेहतरीन कॉउचर गाउन पहना था, जिसमें उनका अंदाज बेहद ग्लैमरस और आकर्षक लग रहा था। जहां इस शाम कई बड़े सितारे शानदार परिधानों में नजर आए, वहीं प्रियंका का लुक सबसे अलग था। अभिनेत्री ने शैंपेन-गोल्ड रंग का साटन गाउन पहना था, जिसमें एक खास ऑफ-शोल्डर नेकलाइन थी। यह उनके कॉलरबोन को बहुत खूबसूरती से उभार रही थी। गाउन का मुलायम कपड़ा उनके शरीर पर बहुत ही नजाकत से लिपटा हुआ था। यह उनके फिगर को एक बेहतरीन आकार दे रहा था। गाउन नीचे की तरफ फर्श तक लंबा था और पीछे की ओर एक हल्की 'ट्रेल' भी थी। नेकलाइन पर लगे नाजुक सुनहरे काम और चेन जैसी डिटेलिंग ने गाउन की चमक को और निखार दिया। प्रियंका ने अपने लुक को पूरा करने के लिए गले से सटा हुआ एक चमकदार डायमंड नेकलेस पहना, जो इस सुनहरे रंग के साथ बहुत जंच रहा था। इसके साथ उन्होंने एक शानदार घड़ी और कुछ साधारण अंगूठियां पहनी थीं, ताकि पूरा ध्यान उनके गाउन के अनोखे डिजाइन पर ही रहे। मेकअप और स्टाइल की बात करें तो, प्रियंका ने एक ग्लैमरस और सधा हुआ लुक चुना। उनकी आंखों को हल्का और सुंदर रूप दिया गया था, होंठों पर न्यूड शेड की लिपस्टिक थी और उनका चेहरा एकदम दमक रहा था। उनके गहरे रंग के बाल खुले थे और एक तरफ से पार्ट किए गए थे, जो उनके कंधों पर गिरते हुए गाउन की खूबसूरत नेकलाइन के साथ बहुत अच्छे लग रहे थे। काम की बात करें तो प्रियंका चोपड़ा अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' को लेकर बिजी हैं। इस फिल्म में उनके साथ महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन हैं। इस फिल्म का निर्देशन एसएस राजामौली कर रहे हैं। इसे बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है। यह फिल्म 7 अप्रैल 2027 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।



गरबा स्पेशल गानेः 'नगाड़ा संग ढोल' से 'कमरिया' तक

नवरात्रि की असली रौनक हैं बॉलीवुड के ये सुपरहिट गाने

नई दिल्ली। नवरात्रि का त्योहार लगभग खत्म होने को है। हालांकि, इसके बावजूद भी देशभर में हर तरफ गरबा और डांडिया की धूम देखने को मिल रही है। लोग रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर, ढोल की थाप और बेहतरीन गानों के साथ इस त्योहार का जश्न मना रहे हैं। कोई खास त्योहार हो और उसमें बॉलीवुड के गाने न बजे ऐसा तो हो ही नहीं सकता। हिंदी सिनेमा ने हर मौके के लिए लोगों को शानदार गाने दिए हैं। अब आप गरबा को लेकर ही देख लीजिए। बॉलीवुड की अलग-अलग फिल्मों में ऐसे कई गाने हैं, जिनको गरबा नाइट पर बजाकर थिरका जा सकता है।

ढोली तारो ढोल बाजे

फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' का गाना 'ढोली तारो ढोल बाजे' बॉलीवुड के सबसे फेमस गरबा गीतों में गिना जाता है। ऐश्वर्या राय बच्चन और सलमान खान पर फिल्माए गए इस गाने में पारंपरिक गुजराती संगीत, ढोल की दमदार थाप और भव्य डांस का ऐसा मेल देखने को मिलता है, जो दर्शकों को सीधे गरबा के माहौल में पहुंचा देता है। इस गाने की खासियत सिर्फ इसकी तेज लय नहीं, बल्कि इसकी प्रस्तुति भी है। ट्रेडिशनल ड्रेस, ग्रुप डांस और एनर्जी इसे नवरात्रि के लिए खास बनाते हैं। यही वजह है कि रिलीज के वर्षों बाद भी यह गाना गरबा और डांडिया आयोजनों में खूब सुनाई देता है।

घणी कूल छोरी

फिल्म 'रश्मि रॉकेट' का गाना 'घणी कूल छोरी' तापसी पन्नू पर फिल्माया गया है। इस गाने में पारंपरिक गुजराती रंग के साथ मॉडर्न म्यूजिक का भी अच्छा मेल देखने को मिलता है। इसकी धुन और बीट्स काफी जोशीली हैं, जो लोगों को डांस करने के लिए उत्साहित करती हैं। नवरात्रि के दौरान गरबा और डांडिया की प्लेलिस्ट में यह गाना एक अच्छा विकल्प है। पारंपरिक अंदाज और नए जमाने के संगीत का मेल इसे बाकी गानों से थोड़ा अलग बनाता है।



चोगाड़ा : फिल्म 'लवयात्री' का गाना 'चोगाड़ा' गरबा के सबसे पसंदीदा गानों में से एक है। आयुष शर्मा और वरीना हुसैन पर फिल्माया गया यह गाना अपनी धुन और बीट्स के लिए काफी मशहूर है। इसकी खास बात यह है कि इस पर गरबा करना आसान है और नए लोग भी इसके स्टेप्स जल्दी सीख सकते हैं। यही वजह है कि नवरात्रि में कॉलेज से लेकर सोसायटी और बड़े गरबा पंडालों तक, यह गाना खूब बजता है।

शुभारंभ

फिल्म 'काई पो चे!' का गाना 'शुभारंभ' नवरात्रि और त्योहारों के माहौल के लिए काफी पसंद किया जाता है। इसके नाम का मतलब ही है किसी अच्छे काम की शुरुआत। गाने की धुन में गुजराती संगीत का रंग है, जो इसे खास बनाता है। नवरात्रि में यह गाना बजते ही लोगों का उत्साह बढ़ जाता है। इसकी खास बात यह है कि यह सिर्फ डांस करने के लिए ही नहीं, बल्कि त्योहार की खुशी और अपनों के साथ जश्न मनाने का एहसास भी कराता है।

कमरिया

फिल्म 'मित्रों' का 'कमरिया' भी नवरात्रि की कई प्लेलिस्ट में अपनी जगह बना चुका है। जैकी भगनानी और कृतिका कामरा पर फिल्माया गया यह गाना अपनी चुलबुली धुन और जोशीली प्रस्तुति के लिए जाना जाता है। इस गाने में गरबा के पारंपरिक संगीत के साथ नए जमाने के म्यूजिक का भी मेल है। यह पूरी तरह पारंपरिक गरबा गीत नहीं है, लेकिन इसकी धुन और तेज बीट्स लोगों को नाचने पर मजबूर कर देती हैं। यही वजह है कि नवरात्रि की गरबा नाइट में भी यह गाना खूब पसंद किया जाता है।

उड़ी उड़ी जाए : फिल्म 'रईस' का 'उड़ी उड़ी जाए' एक ऐसा गाना है, जो रोमांस और गुजराती उत्सव के रंगों को खूबसूरती से जोड़ता है। शाहरुख खान और माहिरा खान पर फिल्माया गया यह गाना अपनी मधुर धुन और पारंपरिक माहौल के कारण फेमस हुआ। इस गाने की धुन काफी मधुर है, जिस पर लोग आसानी से गरबा कर सकते हैं। तेज बीट्स वाले गानों के बीच यह गीत माहौल में मिठास और रंग भर देता है। यही वजह है कि नवरात्रि के दौरान लोग इसे सुनना और इस पर डांस करना पसंद करते हैं।

ढोलिडा : फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी का गाना 'ढोलिडा' आजकल के मशहूर गरबा गानों में से एक है। आलिया भट्ट ने इस गाने में शानदार डांस किया है, जो लोगों को काफी पसंद आया। ढोल की तेज थाप और गरबा के पारंपरिक स्टेप्स इस गाने को खास बनाते हैं। नवरात्रि में इस गाने पर गरबा करने का अपना ही मजा है। इसकी धुन सुनते ही लोग झूमने लगते हैं और पूरा माहौल उत्साह से भर जाता है।

खबर संक्षेप

झारखंड में चिकित्सकों का कार्य बहिष्कार टला

रांची (भाषा)। झारखंड में सरकार से आश्वासन मिलने के बाद चिकित्सक संगठनों ने 22 अक्टूबर से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार को रविवार को स्थगित कर दिया। कम से कम आठ चिकित्सक संगठनों ने 27 सितंबर को चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने का फैसला किया था। उनकी प्रमुख मांगों में छोटे अस्पतालों और एकल चिकित्सक या चिकित्सक दंपति द्वारा संचालित 'क्लीनिक' को नैदानिक प्रतिष्ठान अधिनियम के कुछ प्रावधानों से छूट देना और चिकित्सा सुरक्षा अधिनियम (एमपीए) लागू करना शामिल है।

बच्चे को बाइक ने मारी टक्कर, पीटकर हत्या

मुजफ्फरपुर (बिहार)। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में मोटरसाइकिल से एक बच्चे को टक्कर लगने के बाद करीब 15 लोगों ने एक युवक की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद भीड़ ने एक दलित बस्ती में उत्पात मचाया और नौ मकानों में आग लगा दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, शनिवार शाम चैनपुर चौक के पास एक बच्चे को मोटरसाइकिल से टक्कर लगने के बाद मोहम्मदपुर खाजे गांव निवासी नवनीत कुमार (20) की लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर पिटाई की।

वाराणसी में महावत को हाथी ने पटका

वाराणसी / गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के रामनगर में प्रसिद्ध रामलीला के लिए लाया हाथी अचानक बेकाबू हो गया और उसने महावत को सूंड से उठाकर पटक दिया। पुलिस के अनुसार, गंभीर रूप से घायल महावत को काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। रामनगर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने बताया कि रामनगर की प्रसिद्ध रामलीला में पारंपरिक रूप से हाथी का इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने बताया कि रामनगर के पंचवटी मैदान में रविवार पूर्वाह्न करीब साढ़े 10 बजे महावत छापलू हाथी को खाना देने गया तभी यह घटना हुई। अधिकारी ने बताया कि हाथी ने महावत को अपनी सूंड से उठाकर जमीन पर पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मिश्रा ने बताया कि महावत को बीएचयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि मौके पर मौजूद लोगों में घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने बताया कि हाथी को सुरक्षित तरीके से नियंत्रित करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं और घटना की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की टीम को भी मौके पर बुलाया जा रहा है।

योगी ने कमिश्नर, एडीजी, जिलाधिकारी व पुलिस कप्तानों को दिए सख्त निर्देश

दुर्गा पंडालों में सुरक्षा और इमरजेंसी एग्जिट के लिए समुचित व्यवस्था हो



- बलरामपुर सड़क दुर्घटना में घायलों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोताही न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में लगाए गए दुर्गा पंडालों और आमजन की सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए हैं। बस्ती दौरे पर निकलने से पहले मुख्यमंत्री ने शासन व प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत कर आवश्यक सुझाव भी दिए। मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल में दुर्गापूजा में हुई जनहानि पर शोक जताते हुए शासन, प्रशासन, पुलिस व ऊर्जा विभाग आदि के अधिकारियों को समुचित सुरक्षात्मक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने दुर्गा पंडालों में सुरक्षा के संबंध में सभी पुलिस कमिश्नर, एडीजी, आईजी, डीआईजी, जिलाधिकारी, पुलिस कप्तान को निर्देश दिए कि वरिष्ठ अधिकारी स्वयं पंडालों में अग्नि सुरक्षा की अवश्य जांच कराएं। डीएम, कप्तान पंडालों का निरीक्षण कर एंट्री व एग्जिट पॉइंट की जांच भी सुनिश्चित करें। किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में इमरजेंसी एग्जिट के लिए पर्याप्त व्यवस्था अनिवार्य रूप से हो। विद्युत व्यवस्था के मद्देनजर प्रशासन व ऊर्जा विभाग के अधिकारी सुरक्षात्मक प्रबंधों का परीक्षण भी कर लें। इसमें किसी भी प्रकार की हीला-हवाली अक्षम्य होगी। मुख्यमंत्री ने रामनवमी व विजयादशमी त्योहार पर प्रशासन, पुलिस, विद्युत, नगर निगम, नगर निकायों, पेयजल समेत संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों को फील्ड में रहने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी दुर्गा पंडालों, मार्गों आदि पर सुरक्षा, स्वच्छता के साथ ही जनसुविधा से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहें। मूर्ति विसर्जन के दौरान भी यात्रा मार्गों तथा विसर्जन स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था, बिजली के तारों, स्वच्छता आदि से जुड़ी व्यवस्थाओं पर नजर रखी जाए। आस्था का सम्मान करें, लेकिन किसी नई परंपरा को प्रोत्साहित न करें। यह भी सुनिश्चित करें कि इस दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।सीएम ने बलरामपुर हादसे पर जताया शोक, मुआवजे का ऐलानमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलरामपुर में रविवार सुबह सड़क दुर्घटना पर शोक जताया। यहां देहात क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से हुई जनहानि पर सीएम ने दुख प्रकट किया और जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था की जाए। इलाज में किसी भी प्रकार की कोताही न हो। सीएम ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख व घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक मदद का भी ऐलान किया।

हरीश द्विवेदी के गांव पहुंचे मुख्यमंत्री दिवंगत माता को दी श्रद्धांजलि

संतकबीरनगर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को बस्ती के सदर तहसील के तेलियाजोत गांव पहुंचे। उन्होंने यहां भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी की माता जी के निधन पर शोक जताया। श्री द्विवेदी की मां यशोदा देवी का विगत दिनों निधन हो गया था। वह कुछ दिनों से बीमार चल रहीं थीं।मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर नगर थाना क्षेत्र के कुड़ी गांव में बनाए गए हेलीपैड पर उतरा। इसके बाद वह कार से तेलियाजोत गांव पहुंचे।

- सीएम योगी आदित्यनाथ ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया

मुख्यमंत्री ने श्री द्विवेदी के घर पहुंचकर स्मृतिशेष यशोदा देवी के फोटो पर पुष्पांजलि दी। उन्होंने हरीश द्विवेदी व परिवार के सदस्यों से बातचीत की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा, परिवार के लिए यह अत्यंत कठिन समय है। किसी भी संतान के लिए मां का निधन सबसे दुखद क्षण होता है। प्रभु श्रीराम समस्त परिवार को यह दुख सहन करने का संबल प्रदान करें।इस दौरान भाजपा गोरखपुर क्षेत्र के अध्यक्ष विनोद राय, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र, हरैया विधायक अजय सिंह आदि ने भी दिवंगत यशोदा देवी के चित्र पर पुष्पार्चन कर शोकाकुल परिजनों को सांत्वना प्रदान की।





सीसीटीवी और इलेक्ट्रिक फेंसिंग से मजबूत हुई घेराबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लखनऊ

योगी सरकार प्रदेश की जेलों को अधिक सुरक्षित, आधुनिक और तकनीक से लैस करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। इसके तहत कारागारों में बंदियों की निगरानी मजबूत करने से लेकर परिधीय सुरक्षा, प्रशासनिक कामकाज में पारदर्शिता और बंदियों के शैक्षिक विकास समेत कई स्तरों पर बदलाव किए जा रहे हैं। ऐसे में प्रदेश की जेलों में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाकर 7,000 से अधिक कर दी गयी है। वहीं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित निगरानी प्रणाली और आधुनिक सुरक्षा उपकरणों के इस्तेमाल से कारागारों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है।डीजी, कारागार एवं सुधार सेवाएं पीसी मीना ने बताया कि योगी सरकार जेलों में सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के साथ-साथ प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने पर जोर दे रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप तकनीक का इस्तेमाल लगातार बढ़ाया जा रहा है, ताकि बंदियों की निगरानी, न्यायालयों में पेशी और समयपूर्व रिहाई से जुड़े कार्यों को अधिक व्यवस्थित ढंग से पूरा किया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश की कारागारों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरों का दायरा लगातार बढ़ाया गया है। जून 2025 में प्रदेश की जेलों में करीब 4,900 सीसीटीवी कैमरे थे। अब इनकी संख्या बढ़कर 7,000 से अधिक हो गई है। इससे जेलों के भीतर निगरानी व्यवस्था को पहले के मुकाबले अधिक व्यापक बनाया गया है। इन सीसीटीवी कैमरों के जरिये बैरकों में बंदियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही कारागारों की निगरानी व्यवस्था को तकनीकी रूप से और अधिक मजबूत बनाने के लिए एआई आधारित जेएआरवीआईएस प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है। इन एआई आधारित 750 से अधिक कैमरे को मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है।फेंसिंग वायर और इलेक्ट्रिक फेंसिंग से मजबूत हुई सुरक्षाडीजी पीसी मीना ने बताया कि जेलों की सुरक्षा केवल परिसर के भीतर निगरानी तक सीमित नहीं है। बाहरी और परिधीय सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए भी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में कारागारों की मुख्य दीवारों पर फेंसिंग वायर की व्यवस्था की गई है।

लखनऊ विश्वविद्यालय पर एबीवीपी का प्रदर्शन

- लखनऊ विधानसभा की ओर बढ़े छात्र कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध में नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लखनऊ

लखनऊ राजधानी लखनऊ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के छात्रों ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के विरोध में प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन के पास एकत्र हुए छात्रों ने विरोध जताते हुए नारेबाजी की। इसके बाद प्रदर्शनकारी छात्र विश्वविद्यालय परिसर से निकलकर विधानसभा की ओर बढ़ने लगे।एबीवीपी के छात्र प्रदर्शन करते हुए परिवर्तन चौक पहुंचे, जहां पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। पुलिस की ओर से प्रदर्शनकारियों को रोकने के बाद मौके पर स्थिति पर नजर रखी गई।



प्रदर्शन के चलते क्षेत्र में हलचल देखने को मिली।

छात्रों के इस प्रदर्शन का उद्देश्य सीजेपी के विरोध में अपनी आवाज उठाना बताया गया। हालांकि, प्रदर्शन के पीछे की विस्तृत वजह, छात्रों की प्रमुख मांगों और पुलिस अधिकारियों के आधिकारिक बयान की जानकारी अभी उपलब्ध नहीं है। फिलहाल, विश्वविद्यालय के गेट नंबर तीन से शुरू हुआ प्रदर्शन विधानसभा की ओर बढ़ते हुए परिवर्तन चौक पर पुलिस द्वारा रोके जाने के साथ चर्चा में आ गया।

नवरात्रि पर नारी शक्ति का सम्मान, उपहार देकर बढ़ाया महिला कर्मचारियों का उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लखनऊ

लखनऊ मंडल में नारी शक्ति के सम्मान और महिला सशक्तिकरण की सराहनीय पहल की गई। मंडल महिला कल्याण संगठन, लखनऊ की अध्यक्षा श्रुति गुप्ता के नेतृत्व में लखनऊ सिटी रेलवे स्टेशन पर कार्यरत सभी महिला कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। यह स्टेशन पूरी तरह महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित है।इस अवसर पर श्रुति गुप्ता ने स्टेशन अधीक्षक, टिकट बुकिंग क्लर्क, प्वाइंट्स मैन, आरपीएफ कर्मी, सफाई कर्मी और अन्य परिचालन कार्यों से जुड़ी महिला कर्मचारियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने महिला कर्मचारियों के समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट कार्यप्रणाली की सराहना की।उन्होंने कहा कि नवरात्रि शक्ति की आराधना का पर्व है। भारतीय रेल में महिला कर्मचारियों द्वारा पूरे स्टेशन का संचालन करना नारी शक्ति का सशक्त उदाहरण है। लखनऊ सिटी स्टेशन महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रेरणादायक भूमिका निभा रहा है। श्रुति गुप्ता ने कहा कि मंडल महिला कल्याण संगठन का उद्देश्य रेल परिवार की महिलाओं के कल्याण के साथ-साथ उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना भी है।कार्यक्रम में संगठन की उपाध्यक्ष मानसी सिंह, कोषाध्यक्ष अंकिता गंगवार, सदस्य अन्नपूर्णा गुप्ता और अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।

पेज एक का शेष

राहुल का दावा-...

हैं। मडगांव में राहुल ने कहा, मैं आपको एक दिलचस्प बात बताता हूं, मेरे खिलाफ मानहानि के 45 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। फिर भी, मैं हर मंच से कहता हूं कि नरेंद्र मोदी वोट चुराते हैं, और ऐसा कहने के लिए मेरे खिलाफ कभी कोई मामला दर्ज नहीं किया जाता। क्या आप जानते हैं क्यों? क्योंकि उन्हें डर है कि अगर वे खास तौर पर वोट चोरी करने को लेकर कोई मामला दर्ज कराते हैं, तो यह एक बड़ी कानूनी लड़ाई बन जाएगी, और वे खुद ही इसमें फंस जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज नहीं तो कल, कांग्रेस पार्टी न्याय जरूर दिलाएगी क्योंकि हम संविधान के संरक्षक हैं, हम इसकी रक्षा करने वाले हैं। जब इन लोगों ने वोट चुराए और संविधान पर हमला किया, तो इन्होंने हमारी आस्था पर भी प्रहार किया।

रिजिजू का बड़ा ...

हैं। उन्होंने आगे कहा था कि अब लड़ाई भारत-विरोधी ताकतों और उन देशभक्त भारतीयों के बीच है, जो भारत की रक्षा करना चाहते हैं। इसके बाद 17 अक्टूबर को किरेन रिजिजू ने 'रिजीम चेंज' की बात करने वालों पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर लिखा, बड़े आए रिजीम चेंज करने वाले! कान खोलकर सुन लो, भारत बांग्लादेश नहीं है! उन्होंने आगे कहा कि भारतीय युवा मूर्ख नहीं हैं, बल्कि वे भारत का निर्माण करेंगे, उसे नष्ट नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि देश के युवा मेडल जीत रहे हैं और स्किलिंग, इनोवेशन, स्टार्टअप, टेक्नोलॉजी के साथ-साथ सांस्कृतिक क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहे हैं।

सीएसपी को तत्काल ...

करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने हादसे पर दुख जताते हुए शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसुरक्षा के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम डॉ. यादव ने मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए, गंभीर घायलों को 2-2 लाख और अन्य घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। साथ ही सभी घायलों का मुफ्त इलाज कराने के निर्देश दिए हैं।

ढलान पर बेकाबू हुआ धान से भरा ट्रक: हादसा रात करीब 2 बजे चीनौर रोड पर शीतला माता मंदिर के पास हुआ। नवरात्रि के दौरान मंदिर में दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। सड़क किनारे श्रद्धालु कतार में खड़े थे, तभी चीनौर की ओर से धान से भरा ट्रक ढलान पर अनियंत्रित हो गया। ट्रक ने रास्ते में लगी पुलिस चेकपोस्ट और बैरिकेड तोड़ दिए तथा श्रद्धालुओं को कुचलते हुए मंदिर के बाहरी गेट और दीवार से जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि मंदिर की दीवार ढह गई और कुछ लोग मलबे में दब गए। ट्रक चालक ने पुलिस को ब्रेक फेल होने की बात बताई है। ट्रक की तकनीकी स्थिति की जांच के लिए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की टीम भी भेजी गई है, ताकि दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा सके।

दो बहनें और ...

बहनों और जीजा पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। शुरुआती जांच में संपत्ति विवाद की आशंका भी सामने आई है। थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय के अनुसार पोस्टमार्टम में जहर के संकेत मिले हैं। पांचों के विसरा नमूने फोरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं। पहले नूडल्स खाने के एंगल पर ये खबर चल रही थी।

अक्टूबर 2023 में ...

अधिक सुविधाजनक बनाने तथा रास्ते में पड़ने वाले शहरी क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत करने में मदद मिली है।

मुख्यमंत्री ने जालंधर के जिला व्यापार मंडल को संबोधित किया

हरियाणा में निवेश बढ़ाने, उद्योगों के विस्तार और रोजगार सृजन पर सरकार का फोकस: नायब सैनी

- मुख्यमंत्री ने पंजाब के व्यापारियों को हरियाणा विकास मॉडल के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जालंधर में जिला व्यापार मंडल और जालंधर चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने स्वागत किया। इस दौरान व्यापार और औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि व्यापारियों और उद्योगपतियों के हितों का ध्यान रखना तथा उनकी समस्याओं का समाधान करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि व्यापार और उद्योग प्रदेश की आर्थिक प्रगति के महत्वपूर्ण आधार हैं। उद्योगों के विस्तार से निवेश को बढ़ावा मिलता है, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं और अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। सरकार का प्रयास है कि उद्यमियों को अनुकूल वातावरण मिले, ताकि वे नए निवेश और कारोबार के विस्तार के लिए प्रोत्साहित हों। उन्होंने कहा कि हाल ही में सिंगापुर और स्वीडन के दौरे के दौरान विदेशी निवेश आकर्षित करने और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर भी किए गए।मुख्यमंत्री ने व्यापार एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि सरकार उनके सुझावों को महत्व देती है और औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।



औद्योगिक विकास के लिए नई पहल

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने उद्योगों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न नीतिगत पहल की हैं। हरियाणा की औद्योगिक नीति-2026 तथा एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन से जुड़ी पहलों का उद्देश्य निवेश आकर्षित करना, उद्यमियों को प्रोत्साहित करना और रोजगार के अवसर बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि पात्र उद्यमियों को विभिन्न योजनाओं के तहत प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराने, निवेश प्रक्रियाओं को सरल बनाने और उद्योगों के विकास के लिए बेहतर सुविधाएं देने पर जोर दिया जा रहा है। डिजिटल प्रक्रियाओं के माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित करने और प्रोत्साहन राशि का समयबद्ध वितरण करने को भी प्राथमिकता दी जा रही है।

संत नामदेव की शिक्षाएं आज भी समाज को भाईचारे व सौहार्द का संदेश दे रही

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि संत शिरोमणि नामदेव महाराज की शिक्षाएं आज भी समाज को आपसी भाईचारे, प्रेम, समानता, मानवता और श्रम के सम्मान का संदेश देती हैं। संत-महापुरुष किसी एक जाति या वर्ग के नहीं होते, बल्कि वे पूरे समाज का मार्गदर्शन करते हैं। उनकी शिक्षाओं को जीवन में अपनाकर ही अच्छे समाज और मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। मुख्यमंत्री रविवार को चंडीगढ़ के सेक्टर-21 स्थित नामदेव भवन में संत नामदेव महाराज के 756वें प्रकाशोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने



नामदेव भवन के लिए 21 लाख रुपये देने की घोषणा की और हरियाणा नामदेव सभा के प्रदेशाध्यक्ष एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष सतबीर वर्मा द्वारा समाज की मांगों को लेकर सौंपे गए मांग-पत्र पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया।

जालंधर में भगवान वाल्मीकि के आश्रम में माथा टेका

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भगवान वाल्मीकि के प्रकट दिवस पर पंजाब के जालंधर शहर पहुंचे। यहां उन्होंने शक्ति नगर स्थित भगवान वाल्मीकि आश्रम में माथा टेका और जालंधर से अमृतसर स्थित श्री रामतीर्थ तक जाने वाली धार्मिक शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीएम सैनी ने पंजाब के मानसा में हुई परविंदर सिंह झोटा की हत्या और राज्य में फैल रहे नशे के नेटवर्क को लेकर आम आदमी पार्टी की सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह सरकार झूठे वादों और चुटकुलों पर बनी थी, लेकिन सरकारें चुटकुलों से नहीं बल्कि जमीनी काम करने से चलती हैं।



चिंतन

धार्मिक उत्सवों में हादसों का जिम्मेदार कौन?

त्योहारों में आस्था और उल्लास के बीच मौत का तांडव आखिर कब थमेगा? कोलकाता के दुर्गा पूजा पंडाल और ग्वालियर में मंदिर के पास हादसे में श्रद्धालुओं की जान जाना व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। हर त्रासदी के बाद जांच, गिरफ्तारी और निलंबन होते हैं, लेकिन हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के ठोस उपाय कब होंगे? भारत में त्योहार आस्था, उल्लास और सामाजिक एकता के प्रतीक माने जाते हैं। दुर्गा पूजा के पंडालों से लेकर मंदिरों और धार्मिक सभाओं तक, लाखों लोग श्रद्धा के साथ जुटते हैं। लेकिन जब उत्सव चीख-पुकार और मातम में बदल जाएं, तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर इन हादसों का जिम्मेदार कौन है? जवाबदेही किसकी है? कोलकाता और ग्वालियर की हालिया घटनाएं बताती हैं कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर अब भी गंभीर सवाल अनुत्तरित हैं। कोलकाता के चोरबागान दुर्गा पूजा पंडाल में भगदड़ से 19 लोगों की मौत और 25 के घायल होने की खबर बेहद दुःखद है। बारिश के बीच बड़ी संख्या में लोगों का एक साथ पंडाल में प्रवेश करना और संकरे रास्ते में भीड़ का फंस जाना प्रबंधन पर सवाल खड़े करता है। दूसरी ओर, ग्वालियर में शीतला माता मंदिर के पास दर्शन के लिए कतार में खड़े श्रद्धालुओं को बेकाबू ट्रक ने कुचल दिया। इस हादसे में 15 लोगों की मौत और 26 के घायल होने की सूचना है। दोनों हादसों की परिस्थितियां अलग हैं, लेकिन साझा सवाल यही है कि संभावित खतरे को पहले क्यों नहीं पहचाना गया? कोलकाता में भीड़ की क्षमता, प्रवेश-निकास और बारिश के दौरान सुरक्षा इंतजामों की जांच जरूरी है। ग्वालियर में यह पता लगाना होगा कि भारी वाहन उस मार्ग पर कैसे पहुंचा, यातायात नियंत्रण कैसा था और श्रद्धालुओं की कतार सड़क के जोखिम वाले हिस्से में क्यों लगी थी। यह पहली बार नहीं है जब धार्मिक आयोजन मातम में बदले हैं। जुलाई 2024 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में सत्संग के बाद मची भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गई थी। जनवरी 2022 में वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ से 12 लोगों की मौत हुई। वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश के रतनगढ़ मंदिर के पास भगदड़ में 115 लोगों की जान गई थी। हर साल कहीं न कहीं ऐसे हादसे लगातार होते रहते हैं। इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई ठोस प्रावधान नहीं किए जाते। ऐसे में जरूरत है ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, ताकि उत्सवों में लोगों की जान न जा पाए। इसके लिए आयोजनों से पहले स्थल की क्षमता निर्धारित होनी चाहिए। प्रवेश और निकास के रास्ते अलग तथा बाधारहित हों। सीसीटीवी, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली, प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मी, एंबुलेंस और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था अनिवार्य हो। बारिश, आग, बिजली बाधित होने या अचानक भीड़ बढ़ने की स्थिति के लिए वैकल्पिक योजना भी तैयार रहनी चाहिए। प्रशासन और आयोजकों को आयोजन से पहले ही सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त कर लेनी चाहिए। प्रॉपर बैरिकेडिंग हो, श्रद्धालुओं के लाइन में लगने की व्यवस्था हो। पुलिसबल और आयोजकों के वालिंटियर तैनात रहे। संकरे रास्तों में लाइनों की व्यवस्था की जाए। वहीं, आमजन को भी चाहिए कि वह बुजुर्गों और बच्चों को ऐसी भीड़भाड़ भरी जगहों पर ले जाने से बचें। आयोजकों, पुलिस, यातायात विभाग और जिला प्रशासन के बीच जिम्मेदारियां स्पष्ट हों। श्रद्धालुओं को भी धक्का-मुक्की, अफवाह और जल्दबाजी से बचना चाहिए, लेकिन नागरिकों से अनुशासन की अपेक्षा करने से पहले प्रशासन को सुरक्षित व्यवस्था उपलब्ध करानी होगी।



मुद्दा
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

अमेरिका की ओर से 60 दिनों की टैरिफ राहत भारत के लिए अपने निर्यात हितों को सुरक्षित करने और व्यापार वार्ता को नई दिशा देने का अवसर है। वस्त्र, औषधि, हस्तशिल्प और जेम्स एंड ज्वेलरी जैसे क्षेत्रों से देश की अर्थव्यवस्था के साथ लाखों लोगों की आजीविका जुड़ी है। अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखने के लिए भारत को टैरिफ दरें न्यूनतम कराने के उद्देश्य से प्रभावी कूटनीतिक प्रयास करने होंगे। यह राहत भले ही अस्थायी हो, लेकिन इसका रणनीतिक महत्व कम नहीं है। अगले 60 दिनों में भारत के सामने अपने आर्थिक हितों को मजबूती से रखने और बेहतर व्यापार समझौते की राह तलाशने की चुनौती होगी। उम्मीद है कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो का भारत दौरा द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूती देगा।

भारत-यूएस आर्थिक संबंधों का संवेदनशील दौर

यकीनन पिछले कुछ दशकों में वैश्विक भू-राजनीतिक और आर्थिक मानचित्र पर भारत और अमेरिका के संबंध एक अत्यंत महत्वपूर्ण और रणनीतिक साझेदारी के रूप में उभरे थे, लेकिन वर्तमान परिदृश्य में ये संबंध अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई आर्थिक नीतियों, संरक्षणवादी दृष्टिकोण और सख्त टैरिफ रणनीति के कारण एक चुनौतीपूर्ण और संवेदनशील मोड़ पर खड़े दिखाई दे रहे हैं। आज भारत के समक्ष एक तरफ अमेरिकी बाजार में अपने मजबूत निर्यात को सुरक्षित रखने की चुनौती है, तो दूसरी तरफ रूस से रियायती दरों पर अपनी ऊर्जा जरूरतों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का रणनीतिक संतुलन साधने का दबाव है। इस खींचतान के बीच हालिया अमेरिकी नीतिगत फैसले, वीजा नियमों में अत्यधिक सख्ती, जेनेरिक दवाओं पर प्रस्तावित शुल्क और प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य की एक नई पटकथा लिख रहे हैं।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि 1991 के आर्थिक उदारीकरण के बाद से लेकर 2016 तक भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक और आर्थिक संबंधों में एक प्रभावी दौर देखने को मिला। वर्ष 2000 मैं दोनों देशों के बीच वस्तुओं एवं सेवाओं का द्विपक्षीय व्यापार लगभग 6 गुना बढ़कर अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान अमेरिकी बाज़ार में भारतीय आईटी सेवाओं, फार्मास्युटिकल उत्पादों, कपड़ों और रत्नों की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ, जिससे भारत की आर्थिक साख वैश्विक स्तर पर स्थापित हुई। इस आर्थिक प्रगति को 2008 के ऐतिहासिक 'असैन्य परमाणु समझौते' और 2016 में भारत को मिले 'मेजर डिफेंस पार्टनर' के दर्जे से गहरा रणनीतिक बल मिला। रक्षा व्यापार और प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण के नए द्वार खुलने के साथ-साथ भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी यानी आईटी कंपनियों जैसे टीसीएस, इन्फोसिस और विप्रो ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दौरान एच-1बी वीजा नीति ने भारतीय कुशल पेशेवरों को अमेरिका में कार्य करने और वैश्विक पहचान बनाने के पर्याप्त अवसर प्रदान किए। निवेश के दृष्टिकोण से भी यह दौर बेहद समृद्ध रहा, जहां 2000 से 2016 के बीच माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, जीई, आईबीएम और बोइंग जैसी शीर्ष अमेरिकी कंपनियों ने भारत के तकनीक, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोबाइल और रक्षा क्षेत्रों में भारी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई किया। साथ ही, भारतीय कंपनियों ने भी अमेरिकी बाज़ार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ट्रंप काल में शुरू हुई संरक्षणवादी नीतियों, टैरिफ और वीजा पाबंदियों से ठीक पहले तक दोनों देशों के आर्थिक रिश्ते मुक्त और रणनीतिक सहयोग की मजबूत नींव पर लगातार आगे बढ़ते रहे। ऐसे में अब अमेरिका से नई आर्थिक संभावनाओं की उम्मीद की जा रही है। हाल ही में 17 अक्टूबर को अमेरिकी प्रशासन द्वारा 'लीडसे ग्राहम अधिनियम' के तहत रूसी तेल खरीदारों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने के कठोर फैसले को 60 दिनों के लिए स्थगित करना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी राहत बनकर आया है। मध्य पूर्व के तनाव और यूक्रेन-रूस संघर्ष से उपजे ऊर्जा संकट के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत की ऊर्जा जरूरतों और स्रोतों के विविधीकरण की सराहना की है। रूस से प्रतिस्पर्धी दरों पर कच्चा तेल खरीदने की इस छूट से भारत में ईंधन की लागत नियंत्रित रहेगी और घरेलू बाजार में महंगाई का दबाव कम होगा। इसके साथ ही, इस फैसले ने टेक्सटाइल, लेदर, जेम्स एंड ज्वेलरी और इंजीनियरिंग सामान जैसे श्रम-गहन क्षेत्रों के भारतीय निर्यातकों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को अल्पकालिक अनिश्चितता से बचाकर अंतरराष्ट्रीय ऑर्डरों का प्रवाह बनाए रखने में मदद की है।



निसंदेह तेल टैरिफ पर 60 दिनों की राहत के बावजूद, आव्रजन और वीजा नियमों में सख्ती के कारण भारतीय आईटी पेशेवरों, कॉर्पोरेट जगत और चिकित्सा विशेषज्ञों पर संकट गहराता जा रहा है। एच-1बी वीजा पर लगाए गए 1 लाख डॉलर के अतिरिक्त शुल्क को एक वर्ष के लिए बढ़ाने और जांच प्रक्रिया को बेहद सख्त करने से बड़ी भारतीय आईटी कंपनियों के पंजीकरण में 92 प्रतिशत तक की भारी गिरावट दर्ज की गई है, जबकि कुल मंजूर एच-1बी वीजा में भारतीयों की हिस्सेदारी लगभग 71 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त, नौकरी छूटने के बाद मिलने वाले 60 दिनों के वैधानिक ग्रेस पीरियड को खत्म करने का नया प्रस्ताव भारतीय पेशेवरों के लिए गंभीर संकट खड़ा कर सकता है, क्योंकि नौकरी समाप्त होते ही उनका कानूनी गैर-आप्रवासी दर्जा खत्म हो जाएगा और उन्हें तुरंत अमेरिका छोड़कर पुनः आवेदन करने की बाध्यता होगी। अब तकनीकी और श्रम बाजार के अलावा भारत का फार्मास्यूटिकल उद्योग भी अमेरिकी संरक्षणवादी नीतियों की सीधी जद में आ गया है। भारत को वैश्विक स्तर पर विश्व की फार्मेसी कहा जाता है और इसकी सस्ती जेनेरिक दवाएं अमेरिकी स्वास्थ्य प्रणाली का एक प्रमुख आधार रही हैं। हालांकि, आयातित जेनेरिक दवाओं पर 1 अगस्त 2026 से लागू चरणबद्ध शुल्क नीति के तहत शुरुआती दो वर्षों में 0 प्रतिशत शुल्क के बाद इसे 2028 में 100 प्रतिशत और 2029 से बढ़ाकर 200 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर पहुंचाने की योजना है। यदि यह नीति पूर्ण रूप से लागू होती है, तो अमेरिकी बाजार में भारतीय दवाओं की कीमतें अत्यधिक बढ़ जाएंगी, जिससे भारत का फार्मा निर्यात बुरी तरह प्रभावित होगा और अमेरिकी नागरिकों के लिए भी स्वास्थ्य देखभाल की लागत कई गुना बढ़ जाएगी। भारत और अमेरिका के बीच जारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता के तहत भारत को सहयोग और व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के बीच एक संतुलित और दृढ रुख अपनाना होगा। भारत को कृषि, डेयरी और एमएसएमई जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करनी होगी, क्योंकि इन क्षेत्रों से भारत की विशाल आबादी की आजीविका जुड़ी हुई है। इसके साथ ही, औषधियों, वस्त्र, हस्तशिल्प और जेम्स एंड ज्वेलरी पर अमेरिकी टैरिफ दरों को शून्य या न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए भारत को कड़ा मोलभाव करना होगा, ताकि भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलता रहे। अंततः, अमेरिका द्वारा मिली 60 दिनों की यह राहत भले ही अस्थायी और अल्पकालिक हो, लेकिन यह भारत के लिए महज एक सांकेतिक छूट नहीं है। यह 60 दिनों का समय भारत को अपनी वैश्विक निर्यात स्थिति, रणनीतिक विकल्पों और कूटनीतिक वार्ताओं को नए सिरे से संजोने का एक बहुमूल्य अवसर प्रदान करता है। उम्मीद करें कि अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के भारत दौरे से भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता और आर्थिक साझेदारी को गति देने की दिशा में एक सकारात्मक पहल होगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।


दुर्गा अष्टमी



बाल मुकुन्द ओझा


कन्या पूजन : नारी शक्ति की आराधना का महापर्व

शारदीय नवरात्रि की अष्टमी को महा अष्टमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा होती है। कहते हैं नवरात्रि के आठवें दिन जो भी भक्त मां की सच्चे मन से आराधना करता है उसके सारे दुख दूर हो जाते हैं और उसके जीवन में सब मंगल ही मंगल होता है। देवी के इस स्वरूप का रंग अत्याधिक गोरा है इसलिए उन्हें महागौरी के नाम से जाना गया है। कन्या पूजन कोई अष्टमी को करता है तो कोई नवमी के दिन। इस बार कन्या पूजन 19 अक्टूबर को करें। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जब महागौरी की उत्पत्ति हुई उस समय उनकी उम्र आठ साल थी इसलिए इनकी पूजा अष्टमी के दिन की जाती है। ये सुख और शान्ति की देवी भी कहलाती है। माँ दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। इनकी शक्ति अमोघ और फलदायिनी है। नवरात्रि में आठवें दिन महागौरी की पूजा की जाती है। इनका रूप पूर्णतः गौर वर्ण है। इनकी उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से दी गई है। देवी दुर्गा के नौ रूपों में महागौरी आठवीं शक्ति स्वरूपा हैं। महाष्टमी के दिन मां महागौरी की आराधना करने से सुख और समृद्धि के साथ सौभाग्य की प्राप्ति होती है। भक्तों के सभी दुख दूर हो जाते हैं, वह पापमुक्त हो जाते हैं। महागौरी की चार भुजाएं होती हैं। जिसमें से दो भुजाओं में उनके शस्त्र होते हैं और दो भुजाएं आशीर्वाद देती हुई प्रतीत होती हैं। इनका वर्ण सफेद और देखने में अत्यंत सुन्दर है, इसीलिए इनका नाम महागौरी है। इनकी सवारी एक सफेद बैल है और इनके वस्त्र भी सफेद हैं। अष्टमी की तिथि के दिन महागौरी मां दुर्गा की पूजा से भक्तों के सभी तरह के पाप और कष्ट दूर हो जाते है। प्राचीन कथा के अनुसार जब देवी सती भगवान-शिव को पति रूप में प्राप्त करने हेतु तपस्या में लीन थीं, तो उनके सम्पूर्ण शरीर पर मिट्टी जम गयी थी। कठोर तपस्या के कारण माता का शरीर काला पड़ गया था। अंततरू देवी की तपस्या से प्रसन्न होने के पश्चात्क भगवान शिव उन्हें स्वीकार करते हैं। उस समय देवी सती ने जब गंगा जल में स्नान किया तब वह विद्युत के समान अत्यंत कांतिमान गौर वर्ण की हो जाती हैं। तब देवी के इस स्वरूप को भगवान शिव ने महागौरी का नाम दिया। नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा करने से सभी पाप धुल जाते है। जिससे मन और शरीर हर तरह से शुद्ध हो जाता है। देवी महागौरी भक्तों को सदमार्ग की ओर ले जाती है। इनकी पूजा से अपवित्र व अनैतिक विचार भी नष्ट हो जाते हैं। देवी दुर्गा के इस सौम्य रूप की पूजा करने से मन की पवित्रता बढ़ती है। जिससे सकारात्मक ऊर्जा भी बढ़ने लगती है। देवी महागौरी की पूजा करने से मन को एकाग्र करने में मदद मिलती है। इनकी उपासना से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। हमारी धार्मिक परंपरा में नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है। मां दुर्गा को आदिशक्ति के रूप में पूजा जाता है और छोटी कन्याओं में भी देवी के स्वरूप की कल्पना की जाती है। इसी आस्था के कारण नवरात्रि के अंत में कन्या पूजन किया जाता है। नवरात्रि के दसों दिन कुवारी कन्या भोजन कराने का विधान है परंतु अष्टमी के दिन का विशेष महत्व है। इस दिन महिलाएं अपने सुहाग के लिए देवी मां को चुनरी भेंट करती हैं। देवी गौरी की पूजा का विधान भी पूर्ववत है अर्थात जिस प्रकार सप्तमी तिथि तक आपने मां की पूजा की है उसी प्रकार अष्टमी के दिन भी देवी की पंचोपचार सहित पूजा करें। महाष्टमी मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की आराधना, आत्मशुद्धि और सुख-समृद्धि की कामना का पावन पर्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां महागौरी की पूजा से भक्तों के कष्ट दूर होते हैं और जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है। इस दिन कन्या पूजन कर छोटी बालिकाओं में देवी शक्ति के स्वरूप का सम्मान किया जाता है। यह परंपरा नारी शक्ति के प्रति श्रद्धा, सम्मान और सेवा का संदेश देती है। महाष्टमी का वास्तविक महत्व केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि मन की पवित्रता, सदाचार, करुणा और अच्छे कर्मों को जीवन में अपनाने में भी निहित है।



(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित
दर्शन

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा।

सेवा का समर्पण भाव



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। बिना सोचे समझे पहले ही किसी पर अपनी नाराजगी जाहिर करना ठीक नहीं।

अंतर्मन



आज की पाती

कंजक पूजा ही नहीं उनका सम्मान भी करें

हमारा देश देवभूमि है। यहां लगभग प्रतिदिन परमात्मा के साथ जुड़ने के लिए कोई न कोई पर्व और त्योहार मनाए जाते हैं। आजकल हमारे देश में नवरात्र का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। नवरात्र में जगत जननी से मनोवांछित फल प्राप्त करने के लिए लोग व्रत रखते हैं और भक्ति करते हैं। माता दुर्गा के हमारे देश में बहुत से मंदिर भी हैं। नवरात्र में उन मंदिरों में काफी श्रद्धालु जाते हैं। जो भी भक्त माता रानी की सच्चे दिल से पूजा अर्चना करता है, उसके सभी रोग, कष्ट और अन्य सभी दुख मिट जाते हैं। लेकिन दुर्गा माता को प्रसन्न करने के लिए हमें लोभ, लालच, मोहमाया आदि विकारों से दूर रहना चाहिए। साथ ही हम कंजकों का पूजन जरूर करें, लेकिन उनका सम्मान करना भी हमें सीखना होगा। - *संकेत शुक्ला, राजिम*

ट्रेंड

पैरा-एथलीटों पर गर्व

एशियन पैरा गेम्स 2026 की शुरुआत आइची-नागोया में हो रही है। इस अवसर पर मैं भारतीय दल को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। भारत को पैरा-एथलीटों पर अपार गर्व है। उनका साहस, समर्पण और जज्बा 140 करोड़ भारतीयों को प्रेरित करता है। -**नरेंद्र मोदी, पीएम**



खामियाजा भुगतना पड़ेगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य निर्वाचन आयुक्त की 'रातों की नींद उड़ी हुई है'। उन्हें हर हाल में न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और 'वोट चोरी' का खामियाजा भुगतना पड़ेगा।
-**राहुल गांधी,** कांग्रेस सांसद



अराजकता फैला रहा विपक्ष

'भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में मुख्य विपक्षी दल का सड़क पर विरोध प्रदर्शन के जरिए सत्ता परिवर्तन की बात करना बेहद आपत्तिजनक है। उन्हें पता होना चाहिए कि जहां भी ऐसी घटनाएं हुई हैं, वहां विदेशी ताकतों ने उन्हें प्रायोजित किया है और उससे अराजकता फैली है।'
-**चिराग पासवान,** केंद्रीय मंत्री



खतरनाक साजिश रची

भारत विरोधी गिरोहों और कुछ नेताओं ने युवाओं को भड़काने तथा सड़कों पर हिंसा फैलाने की यहां ठीक वैसी 'साजिश' रची, जैसी पहले फ्रांस एवं बांग्लादेश की हिंसक घटनाओं के लिए रची गयी थी। ऐसी "खतरनाक साजिश" रचने वाले लोग यह भूल गए कि भारत न तो बांग्लादेश है और न ही फ्रांस। -**किरेन रीजीजू,** केंद्रीय मंत्री



करंट अफेयर

एआई अब तस्वीर से हृदय रोग का पता लगा सकता है

चेहरे और जीभ की तस्वीरों के आधार पर तैयार एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रणाली ने एक छोटे परीक्षण में कोरोनरी हृदय रोग (सीएचडी) से पीड़ित प्रत्येक मरीज की सटीक पहचान की। चीन में किये गए एक नये अध्ययन में यह बात सामने आई है। प्रत्येक व्यक्ति के चेहरे और जीभ की तस्वीरें एक विशेष रूप से तैयार किए गए स्कैनिंग प्रणाली की मदद से ली गईं। तस्वीरों का विश्लेषण 'डीप लर्निंग' तकनीक के जरिए किया गया। यह एआई की एक तकनीक है, जो तस्वीरों में मौजूद विशेषताओं को पहचानना सीखती है। 'डीप लर्निंग' एआई और 'मशीन लर्निंग' का एक उन्नत हिस्सा है। यह तकनीक कंप्यूटर और मशीनों को मानव मस्तिष्क की तरह सोचने, समझने और डेटा से खुद सीखने योग्य बनाती है। इस प्रणाली ने पहले जीभ और चेहरे की तस्वीरों का अलग-अलग विश्लेषण किया। इसके बाद, दोनों से प्राप्त जानकारियों को मिलाकर यह अनुमान लगाया कि किन लोगों को सीएचडी है। दोनों तस्वीरों से मिली जानकारियों का संयुक्त रूप से इस्तेमाल करने पर परिणाम, किसी एक तस्वीर के आधार पर किए गए विश्लेषण की तुलना में बेहतर रहे। सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले संस्करण ने 104 लोगों पर किए गए परीक्षण में 98 प्रतिशत सटीकता हासिल की।



ऑफ बीट

महा अष्टमी पर काठमांडू के दुर्गा मंदिरों में भीड़ उमड़ी

नेपाल में 10-दिवसीय बड़ा दशईं त्योहार के आठवें दिन महा अष्टमी के मौके पर रविवार को काठमांडू घाटी में देवी दुर्गा को समर्पित मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। नेपाल में हिंदू समुदाय के लिए महा अष्टमी का विशेष धार्मिक महत्व है। इस दिन वे देवी के महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती स्वरूपों की पूजा-अर्चना करते हैं, जो क्रमशः शक्ति, धन और ज्ञान से जुड़ी हुई हैं। बड़ा दशईं नेपाल का सबसे बड़ा हिंदू त्योहार है। इस दौरान देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है, जिन्हें सामूहिक रूप से 'नवदुर्गा' कहा जाता है। यह उत्सव दसवें दिन यानी विजयादशमी के मौके पर संपन्न होता है। विजयादशमी के दिन घर के बड़े-बुजुर्ग परिवार के छोटे सदस्यों को सिंदूर, दही और चावल का टीका लगाते हैं तथा आशीर्वाद के रूप में उन्हें 'जमारा' (जौ के अंकुर) देते हैं। गुहेश्वरी, नक्सल भगवती, भद्रकाली, शोवा भगवती, बिजेश्वरी, इंद्रायणी, रक्तकाली, बज्रयोगिनी और तालेजू भवानी सहित काठमांडू के प्रमुख मंदिरों में रविवार को भारी भीड़ जमा हुई। त्योहार के लिए मंदिरों को रंगीन रोशनी और कागज के झंडों से सजाया गया था। पारंपरिक रीति-रिवाजों के तहत कई मंदिरों में पशु बलि दी गई। कई जगहों पर 'दुर्गा सप्तशती' का पाठ भी किया गया, जो मार्कंडेय पुराण से जुड़ा एक पवित्र ग्रंथ है।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

नशे के खिलाफ युवाओं की जंग: मध्य प्रदेश के 5 शहरों में सीबीएन ने चलाया जागरूकता अभियान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रह्मा कुमारीज़ के साथ मिलकर चलाया अभियान, स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार और करियर की दी जानकारी

मिशन युवा रक्षा के तहत केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन), मध्य प्रदेश इकाई ने अक्टूबर 2026 में नीमच, जावरा, जावद, मंदसौर और गरोठ के शैक्षणिक संस्थानों में पांच ड्रग-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। कई कार्यक्रम ब्रह्मा कुमारीज़ के सहयोग से हुए। कार्यक्रमों में नशे के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार और करियर पर दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। जागरूकता सत्र, प्रश्नोत्तरी, शैक्षिक वीडियो, प्रेजेंटेशन, ध्यान और पोस्टर निर्माण जैसी गतिविधियां हुईं। प्रतिभागियों ने नशे से दूर रहने और अपने स्कूल, परिवार व समुदाय में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। 5 अक्टूबर को नीमच के स्वामी विवेकानंद शासकीय पीजी कॉलेज में करीब 200 विद्यार्थी व शिक्षक शामिल हुए। 13 को जावरा के सरदार पटेल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में लगभग 200 विद्यार्थियों और फैकल्टी सदस्यों के साथ 25 स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। 15 अक्टूबर को जावद के सीएम राइज़ शासकीय विद्यालय में करीब 450, मंदसौर के सबाखेड़ा स्थित सीएम राइज़ स्कूल में लगभग 450 तथा गरोठ के संस्कार वैली हायर सेकेंडरी स्कूल में लगभग 230 विद्यार्थी शामिल हुए।

1500 से ज्यादा विद्यार्थियों तक पहुंचा सीबीएन

नशे से दूर रहने का लिया संकल्प



जावद के सीएम राइज गवर्नमेंट स्कूल में छात्रों को बताए गए नशे के दुष्परिणाम, कार्यक्रम में कई छात्र हुए शामिल


जावरा के सरदार पटेल कालेज ऑफ नर्सिंग, में सभी विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया



मंदसौर के सीएम राइज स्कूल, सबाखेड़ा में जानकारों ने बताया नशे से कैसे सेहत को बड़ा नुकसान होता है


अवेयरनेस प्रोग्राम-स्वामी विवेकानंद गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, नीमच एक दिवसीय आयोजन किया गया

खबर संक्षेप

असम में 7.5 करोड़ की याबा गोलियां जब्त

गुवाहाटी। असम के कामरूप जिले में पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने 30 हजार


प्रतिबंधित याबा गोलियां जब्त की हैं। इनकी कीमत करीब 7.5 करोड़ रुपए बताई गई है। मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर शनिवार रात अमीनगांव इलाके में अभियान चलाया गया। इस दौरान मादक पदार्थों की खेप ले जा रहे एक व्यक्ति को रोका गया। याबा गोलियों को थाई भाषा में 'क्रेजी मेडिसिन' भी कहा जाता है।

ओडिशा एसआई परीक्षा पेपर लीक, जांच तेज

भुवनेश्वर। ओडिशा पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा-2024 के प्रश्नपत्र लीक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जांच का दायरा बढ़ाएगा। एजेंसी अब ओडिशा पुलिस भर्ती बोर्ड (ओपीआरबी) के कुछ अधिकारियों और निजी संस्थाओं की भूमिका की भी जांच करेगी। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि ईडी अभ्यर्थियों से कथित तौर पर वसूली गई रकम के लेन-देन और उससे बनाई गई अवैध संपत्तियों का पता लगा रही है। धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत कुर्क की जा सकती हैं।

जुबीन मौत मामला:कोर्ट में चुनौती देगी सीआईडी

गुवाहाटी। असम सीआईडी मशहूर गायक जुबीन गर्ग की मौत के मामले में दो आरोपियों को जमानत



दिए जाने के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने जा रही है। सीआईडी के विशेष पुलिस महानिदेशक मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने बताया कि गुवाहाटी उच्च न्यायालय के आदेशों का अध्ययन करने और कानूनी राय लेने के बाद यह फैसला किया गया है। जमानत पाने वालों में गर्ग के चचेरे भाई और एक अन्य गायिका अमृतप्रभा महंत तथा निलंबित पुलिस उपाधीक्षक संदीपन गर्ग शामिल भी हैं।

बहुपक्षीय सहयोग होगा मजबूत

एससीओ बैठक में शामिल होने आज ताजिकिस्तान जाएंगे रक्षामंत्री राजनाथ

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 19-20 अक्टूबर को दुशांबे में एससीओ शासनाध्यक्षों की 25वीं बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। व्यापार, कनेक्टिविटी और इनोवेशन सहयोग पर फोकस रहेगा...

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 19-20 अक्टूबर को ताजिकिस्तान के दुशांबे में शंघाई सहयोग संगठन के शासनाध्यक्षों की परिषद की 25वीं बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह बैठक सदस्य देशों के बीच बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर केंद्रित रहेगी। व्यापार, अर्थव्यवस्था, निवेश, कनेक्टिविटी, और सांस्कृतिक-मानवीय आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों पर विशेष जोर दिया जाएगा।

क्षेत्रीय सहयोग के लिए अवसर

यह बैठक उस समय हो रही है जब वैश्विक स्तर पर आर्थिक अनिश्चितताएं और भू-राजनीतिक चुनौतियां बनी हुई हैं। एससीओ सदस्य देशों के बीच आपसी निर्भरता बढ़ाने और बाहरी दबावों से निपटने का एक मंच उपलब्ध कराता है। भारत के लिए यह मौका है कि वह अपने डिजिटल अनुभव, स्टार्टअप इकोसिस्टम और इंफ्रास्ट्रक्चर विशेषज्ञता को साझा करे। साथ ही मध्य एशियाई देशों के साथ कनेक्टिविटी बढ़ाने के प्रयासों को आगे बढ़ाए।समग्र रूप से राजनाथ सिंह का यह दौरा भारत की बहुपक्षीय कूटनीति और क्षेत्रीय सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। बैठक के नतीजे संगठन की कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाने में मददगार साबित हो सकते हैं।

क्षेत्रीय सहयोग बढ़ा रहा भारत

भारत एससीओ के विभिन्न तंत्रों में सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। स्टार्टअप और इनोवेशन, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर तथा लोगों के बीच आदान-प्रदान जैसी पहलों के जरिए भारत क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। बैठक में भारत अन्य सदस्य देशों के साथ व्यावहारिक और पारस्परिक लाभकारी सहयोग बढ़ाने पर विचार विमर्श करेगा। कनेक्टिविटी परियोजनाएं, आर्थिक एकीकरण और सांस्कृतिक संबंध मजबूत करने के लिए भारत के सुझाव महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।ताजिकिस्तान जैसी मध्य एशियाई देश के साथ भारत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध भी इस दौरे को अतिरिक्त महत्व देते हैं। एससीओ मंच पर भारत क्षेत्रीय स्थिरता, आतंकवाद विरोधी सहयोग और सतत विकास जैसे मुद्दों पर अपना पक्ष रखता रहा है। राजनाथ सिंह की उपस्थिति सुरक्षा आयाम को भी बल देगी, भले ही बैठक मुख्य रूप से आर्थिक एजेंडे पर हो।

सुरक्षा जांच के बाद एनओसी जारी

रामलीला मैदान में 1 नवंबर को होगी कांग्रेस की रैली, दिल्ली पुलिस ने दी हरी झंडी

25 अक्टूबर से 3 नवंबर तक रामलीला मैदान खाली बताया गया


फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी की ओर से 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली का एलान किया गया है। हालांकि दिल्ली में लगातार चल रहे विरोध-प्रदर्शनों की वजह से व्यापारियों और आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में इस रैली का होना मुश्किल माना जा रहा था, लेकिन इसी बीच दिल्ली पुलिस ने रैली करने की अनुमति दे दी है। साथ ही एनओसी भी जारी कर दी गई है। दिल्ली में विरोध-प्रदर्शनों के लिए निर्धारित जगहों की लिस्ट से जंतर-मंतर को हटाए जाने के बाद कांग्रेस ने रामलीला मैदान में रैली की अनुमति मांगी थी। जिसके बाद लिए उन्हें अनुमति दे दी गई है और अगर यह रैली सफल तरीके से होती है तो यह इस तरह की कांग्रेस की पहली रैली होगी। कांग्रेस पार्टी की ओर से रामलीला मैदान में आयोजित रैली के बारे में सेंट्रल डीसीपी राजबीर सिंह ने भी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि जैसा आप सबको मालूम है रामलीला मैदान, सीबीडी ग्राउंड और बुराड़ी ग्राउंड को प्रदर्शन स्थलों के रूप में तय किया गया है। कांग्रेस पार्टी की ओर से जगह की उपलब्धता की जानकारी के लिए एमसीडी से संपर्क किया गया था। एमसीडी की ओर से मैदान में 25 अक्टूबर से 3 नवंबर तक की उपलब्धता बताई गई। जिसके बाद कांग्रेस पार्टी हमारे पास पहुंची। सुरक्षा के इंतजामों को देखते हुए हमने उन्हें एनओसी देने का फैसला लिया है। इसी प्रक्रिया के तहत कोई और पक्ष भी मैदान बुक करना चाहे तो कर सकता है।

दिल्ली में चल रहा विरोध-प्रदर्शन

कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित रैली ऐसे समय पर होने जा रही है, जब पहले से ही देश में एसआईआर पर विवाद चल रहा है। वहीं दूसरी ओर कॉकरोच जनता पार्टी और इंडिया गठबंधन द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। सीजेपी लगातार मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग कर रही है। इसके लिए उन्होंने दिल्ली के कनॉट प्लेस और जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने की कोशिश की।

पैलेट गन के इस्तेमाल, महिला प्रदर्शनकारियों से दुर्व्यवहार और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामलों को दी जाएगी प्राथमिकता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के जंतर-मंतर और दिल्ली के बाहर इस साल जुलाई में हुई हिंसा से जुड़े सभी पहलुओं की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त जांच समिति (एचपीईसी) ने शिकायतों और अभ्यावेदनों को दर्ज कराने के लिए एक पोर्टल लॉन्च किया है। इस पोर्टल के माध्यम से हिंसा से प्रभावित लोग, जिनमें पुलिसकर्मी भी शामिल हैं, अपनी शिकायतें और संबंधित साक्ष्य ऑनलाइन जमा करा सकते हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, समिति सुप्रीम कोर्ट के आदेश में उल्लिखित सभी मुद्दों की जांच करेगी। जांच के दौरान पैलेट गन के इस्तेमाल, महिला प्रदर्शनकारियों को निशाना बनाने और उनके उत्पीड़न, तथा दोनों पक्षों की ओर से हुई अत्यधिक हिंसा और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी।

गवाहों की पहचान गोपनीय रखने की व्यवस्था

गृह मंत्रालय ने बताया कि पोर्टल को इस तरह तैयार किया गया है कि संवेदनशील गवाहों को उचित संरक्षण मिल सके। प्रभावित व्यक्ति चाहें तो अपनी पहचान गोपनीय रखने का विकल्प भी चुन सकते हैं। समिति का उद्देश्य प्रभावित लोगों को सुरक्षित तरीके से अपनी बात रखने और जांच में सहयोग करने का अवसर प्रदान करना है। प्रभावित व्यक्तियों और अन्य संबंधित पक्षों से अपील की गई है कि वे पोर्टल **http://hpec.nic.in** पर जाकर अपनी शिकायतें, अभ्यावेदन और अन्य प्रासंगिक सामग्री निर्धारित प्रारूप में अपलोड करें।

ऑफलाइन भी जमा कर सकते हैं शिकायतें

जो लोग ऑनलाइन शिकायत दर्ज नहीं कराना चाहते, वे अपनी शिकायतें, अभ्यावेदन और संबंधित दस्तावेज समिति के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से भी जमा करा सकते हैं। इसके लिए नई दिल्ली स्थित शिक्षा सदन में एचपीईसी के कार्यालय में सभी कार्यदिवसों पर दोपहर दो बजे से शाम चार बजे के बीच संपर्क किया जा सकता है। शिकायतें और संबंधित दस्तावेज डाक के माध्यम से भी भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा, समिति को ई-मेल के जरिए भी सामग्री भेजी जा सकती है।

जानकारी और सुझाव भी आमंत्रित: गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि जांच के दायरे में आने वाले मुद्दों से संबंधित कोई भी जानकारी या सुझाव रखने वाला व्यक्ति भी पोर्टल के माध्यम से अपना पक्ष समिति के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। समिति को मिलने वाली शिकायतों, दस्तावेजों और अन्य सूचनाओं से जुलाई में हुई हिंसा से जुड़े घटनाक्रमों के विभिन्न पहलुओं की जांच में मदद मिलने की उम्मीद है।

1 नवंबर से लागू होगा नया ढांचा

सीआईएसएफ में काम के आधार पर अब मिलेगी सुरक्षा की कमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की प्रशासनिक और परिचालन व्यवस्था में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। गृह मंत्रालय की मंजूरी के बाद नया ढांचा 1 नवंबर 2026 से देशभर में लागू होगा। इसके तहत सुरक्षा की कमान अब भौगोलिक क्षेत्र के बजाय प्रतिष्ठानों के कार्यक्षेत्र और उनकी सुरक्षा जरूरतों के आधार पर तय की जाएगी। पुनर्गठन का उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था में विशेषज्ञता बढ़ाना, निगरानी मजबूत करना और विभिन्न प्रतिष्ठानों में सुरक्षा प्रक्रियाओं में एकरूपता लाना है। इससे संबंधित मंत्रालयों, विभागों और प्रतिष्ठानों के प्रबंधन के साथ समन्वय भी बेहतर होगा। सीआईएसएफ हवाई अड्डों, बंदरगाहों, परमाणु एवं अंतरिक्ष केंद्रों, बिजली संयंत्रों, कोयला खदानों, इस्पात संयंत्रों, पेट्रोलियम रिफाइनरियों, सरकारी इमारतों, ऐतिहासिक स्मारकों और मेट्रो की सुरक्षा करता है।

सांवलिया सेठ मंदिर में बरस रहा धन


31.17 करोड़ का चढ़ावा, 930 ग्राम सोना,92 किलो चांदी चढ़ी

एजेंसी ▶▶ चित्तौड़गढ़

राजस्थान के चित्तौड़गढ़ स्थित सांवलिया सेठ मंदिर में श्रद्धालुओं ने जमकर चढ़ावा चढ़ाया है। मंदिर के


भंडार से कुल 31 करोड़ 17 लाख 92 हजार रुपये से अधिक की नकदी प्राप्त हुई है। इसके अलावा 930 ग्राम से अधिक सोना और 92 किलो से ज्यादा चांदी भी चढ़ावे में मिली है। मंदिर की दानपेटियां 9 अक्टूबर को खोली गई थीं। नकदी की गिनती पांच चरणों में पूरी हुई, जिसका अंतिम चरण 15 अक्टूबर को समाप्त हुआ। दानपेटियों से कुल 23 करोड़ 58 लाख 44 हजार रुपये से अधिक की राशि निकली। वहीं, श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन भुगतान और मनीऑर्डर के जरिए 7 करोड़ 59 लाख 47 हजार रुपये से अधिक की राशि भेजी। चढ़ावे में 930 ग्राम 100 मिलीग्राम सोना और 92 किलो 242 ग्राम से अधिक चांदी शामिल है। इसके अलावा अमेरिका, ब्रिटेन सहित 19 देशों की विदेशी मुद्रा भी दानपेटियों से मिली है।

पीएम मोदी को दिया न्योता...


11 नंवबर को परिणय बंधन में बंधेंगे, अनिरुद्ध और काव्या

नई दिल्ली। साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर म्यूजिक कंपोजर और रजनीकांत के भतीजे अनिरुद्ध रविचंदर और सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन अपनी शादी की खबरों को लेकर चर्चा में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों 11 नवंबर को ग्रीस में शादी करने जा रहे हैं। इस बीच काव्या के पिता और सन टीवी ग्रुप के चेयरमैन कलानिधि मारन और उनकी पत्नी कावेरी मारन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय से मुलाकात कर उन्हें वेडिंग रिसेप्शन का न्योता दिया है।

महाराष्ट्र के बीड में हुआ हादसा

ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग

श्रद्धालुओं से भरी कार और बस की टक्कर से 5 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के बीड जिले में स्थित माजलगांव तालुका के शिंडेवाड़ी फाटा के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। तुलजापुर में देवी के दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी हुंडई कार और महाराष्ट्र राज्य परिवहन (एसटी) की बस के बीच सुबह करीब 11:00 बजे आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, यह हादसा माजलगांव-खामगांव-पंढरपुर नेशनल हाईवे पर माजलगांव-तेलगांव मार्ग के निकट हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में जान गंवाने वाले सभी लोग माजलगांव शहर और उसके आसपास के इलाकों के निवासी बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके


पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर, इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों में गहरा आक्रोश है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क की खराब स्थिति के कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने सड़क निर्माण के लिए जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ गैर-इरादतन लापरवाही का मामला दर्ज करने की मांग की है।

सीजेआई ने किया लद्दाख हाईकोर्ट बेंच का उद्घाटन

लेह-करगिल को मिली हाई कोर्ट की बेंच

अब न दिल्ली की दूरी, न सफर की मजबूरी: लद्दाख में न्याय की नई सुबह

एजेंसी ▶▶ जम्मू

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लोगों के लिए न्याय अब दूर नहीं रहा। भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्य कांत ने रविवार को लेह में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट की नवनिर्मित लद्दाख बेंच का ऐतिहासिक उद्घाटन किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस पीएस नरसिम्हा, जस्टिस अरुण पल्ली, भारत के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पुष्पेंद्र सिंह भाटी, लद्दाख के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और हाईकोर्ट के अन्य न्यायाधीश उपस्थित रहे।

सालों बाद दूर हुई न्याय की दूरी, 21 से शुरू होगी सुनवाई

75 केस लिस्टेड, 21 से सुनवाई

हाईकोर्ट प्रशासन के अनुसार लद्दाख बेंच पर मामलों की सुनवाई 21 अक्टूबर से शुरू


होगी। इसके लिए कुल 75 मामलों को चिन्हित किया गया है। पहले दिन चीफ जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी और जस्टिस संजय परिहार की खंडपीठ पांच मामलों की सुनवाई करेगी। इसके बाद जस्टिस परिहार गुरुवार और शुक्रवार को एकल पीठ में मामलों की सुनवाई करेंगे। केंद्र सरकार ने अगस्त में इस बेंच को मंजूरी दी थी और हाईकोर्ट ने 5 अक्टूबर को लेह को बेंच स्थल घोषित किया था। लद्दाख के मुख्य सचिव आशीष कुंद्रा ने इसे पिछले 40 साल में न्यायपालिका के इतिहास की सबसे बड़ी पहल बताया। उन्होंने कहा कि अब लद्दाख के लोगों को रिट याचिका सहित अन्य मामलों के लिए श्रीनगर या जम्मू की लंबी और कठिन यात्रा नहीं करनी पड़ेगी।

लेह और करगिल, दोनों की बराबर की बेंच

जस्टिस कांत ने जोर देकर कहा कि यह बेंच लेह और करगिल दोनों जिलों की समान रूप से है। उन्होंने कहा कि इसका असली मकसद तभी पूरा होगा, जब लद्दाख के हर कोने के लोग इस संस्था को अपना मानने लगेंगे। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट लद्दाख से जुड़े सभी मामलों को एक ही दिन सूचीबद्ध करेगा और वर्चुअल तरीके से उनकी लगातार सुनवाई करेगा। इससे लेह और करगिल बार एसोसिएशन के वकील लद्दाख छोड़े बिना ही सुप्रीम कोर्ट में मामलों की पैरवी कर सकेंगे।

अदालत की पहचान ऊंचाई से नहीं, पहुंच से : जस्टिस कांत ने कहा कि अदालत की असली पहचान उसकी भौगोलिक ऊंचाई से नहीं, बल्कि लोगों तक उसकी पहुंच से होती है। उन्होंने न्याय तक पहुंच बेहतर बनाने के लिए तकनीक और कानूनी सहायता को दो अहम साधन बताया।

खबर संक्षेप

जनकपुरी में लग्जरी थिएटर के नए युग की शुरुआत लेकर आया वेव सिनेमाज

नई दिल्ली। वेव ग्रुप ने यूनिटी वन मॉल, जनकपुरी में वेव सिनेमाज के भव्य उद्घाटन की घोषणा की। इस नए मल्टीप्लेक्स में दो स्क्रीन और 116 गोल्ड क्लास सीटें हैं, जो एक अनोखा रेस्टो-सिनेमा अनुभव प्रदान करती हैं, जहां बेहतरीन मेहमाननवाजी, सोच-समझकर तैयार किया गया खाना और शानदार मनोरंजन एक ही छत के नीचे मिलते हैं। इस अवसर पर वेव ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव गुप्ता ने कहा सिनेमा का अनुभव अब सिर्फ बड़ी स्क्रीन तक सीमित नहीं रह गया है। दर्शक अब शानदार मनोरंजन, प्रीमियम आराम और बेहतरीन डाइनिंग खाने के कॉम्बिनेशन को पसंद कर रहे हैं। वेव सिनेमाज, जनकपुरी में हम इसी बदलाव को अपनाते हुए एक अनोखा रेस्टो-सिनेमा कॉन्सेप्ट लेकर आए हैं जो इन सभी चीज़ों को एक साथ जोड़ता है।

वेदांता ने दक्षिण अफ्रीका में जिंक उत्पादन क्षमता दोगुनी की

नई दिल्ली। वेदांता ग्रुप की प्रमुख कंपनी वेदांता लिमिटेड एनएसईः वीईडीएल; बीएसईः 500295 ने दक्षिण अफ्रीका में जिंक के सालाना उत्पादन को दोगुना करके 5 लाख टन करने की घोषणा की है। इसके लिए कंपनी ने वेदांता जिंक इंटरनेशनल की गैम्सबर्ग खदान के दूसरे चरण में करीब 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा और वेदांता लिमिटेड की निदेशक प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने इस विस्तार का उद्घाटन किया। गैम्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका के नॉर्दर्न केप प्रांत में स्थित है। यहां दुनिया के बड़े जिंक भंडारों में से एक मौजूद है।

लैब से जमीन तकः भारत में ठोस बदलाव के लिए एआई

नई दिल्ली। नई साझेदारियों के जरिए वैज्ञानिक खोज, खेती, शिक्षकों और छोटे कारोबारों तक एआई पहुंचाकर भारत के भविष्य को गति देने की पहल खाद्य व्यवस्था को बचाने के लिए जीनोम से जुड़े बुनियादी सवालों के जवाब ढूंढने हों, शिक्षकों को बच्चों के मार्गदर्शन के लिए ज्यादा समय दिलाना हो या स्थानीय कारोबारों को आगे बढ़ाना हो, हर जगह एक बात सामने आती है। एआई का असर तब सबसे ज्यादा होता है, जब उसे उन्हीं लोगों के साथ मिलकर बनाया जाए, जिन्हें उसकी सबसे ज्यादा जरूरत है।प्रीलत लोबाना और लीला इब्रालहम के अनुसार भारत के पास गहरी तकनीकी प्रतिभा है, जबरदस्त विविधता है और तेजी से फैलता डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर है।

अमेरिका में 'बचत' का बड़ा संकट, 53% के पास 3 महीने का इमरजेंसी फंड नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अच्छी कमाई होने के बावजूद अगर अचानक नौकरी चली जाए या कोई बड़ा खर्च सामने आ जाए, तो आर्थिक परेशानी बढ़ सकती है। अमेरिका में भी बड़ी संख्या में लोग ऐसी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार नहीं हैं। पियू रिसर्च सेंटर के एक सर्वे के मुताबिक, अमेरिका के 53 फीसदी वयस्कों के पास इतनी बचत नहीं है कि वे बिना कमाई के तीन महीने तक अपने खर्च चला सकें। इससे पता चलता है कि वहां कई लोगों के लिए आर्थिक सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। सर्वे में आमदनी के आधार पर लोगों की आर्थिक स्थिति में बड़ा अंतर दिखाई दिया। कम आय वाले लोगों में 77 फीसदी के पास तीन महीने का खर्च चलाने के लिए पर्याप्त इमरजेंसी बचत नहीं है। वहीं, मध्यम आय वर्ग के 52 फीसदी लोगों के पास भी ऐसा फंड नहीं है। इसके मुकाबले ज्यादा कमाई करने वाले लोगों की स्थिति बेहतर है। इस वर्ग के करीब 20 फीसदी लोगों ने बताया कि उनके पास तीन महीने तक के खर्च के लिए पर्याप्त बचत नहीं है। इन आंकड़ों से साफ है कि कम आमदनी वाले परिवारों के लिए अचानक आने वाले खर्च संभालना ज्यादा मुश्किल हो सकता है। इमरजेंसी फंड वह बचत होती है, जिसका इस्तेमाल नौकरी छूटने, बीमारी या अचानक बड़े खर्च की स्थिति में किया जा सकता है। विशेषज्ञ आमतौर पर कम से कम तीन से छह महीने के जरूरी खर्च के बराबर रकम अलग रखने की सलाह देते हैं।

कई लोगों के लिए आर्थिक सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बनी

हर महीने के बिल चुकाना भी मुश्किल

सर्वे में लोगों की रोजमर्रा की आर्थिक परेशानियां भी सामने आईं। करीब 27 फीसदी अमेरिकी वयस्कों ने बताया कि वे किसी सामान्य महीने में अपने कुछ बिल पूरे नहीं चुका पाते या उन्हें आंशिक भुगतान करना पड़ता है। इसके अलावा, 44 फीसदी लोगों को पिछले एक साल में कम से कम एक जरूरी खर्च उठाने में परेशानी हुई. इनमें इलाज, आने-जाने का खर्च, घर का किराया या होम लोन और खाने-पीने की चीजें शामिल हैं। कम आय वाले लोगों के लिए इन जरूरतों को पूरा करना विशेष रूप से कठिन रहा।



भविष्य के लिए बचत नहीं कर पा रहे लोग

सर्वे के अनुसार, 54 फीसदी अमेरिकी पिछले एक साल में भविष्य के लिए पैसे नहीं बचा पाए। वहीं, 70 फीसदी लोगों ने बाहर खाने, मनोरंजन और दूसरी गैर-जरूरी चीजों पर खर्च कम किया। ये आंकड़े बताते हैं कि अच्छी आर्थिक स्थिति वाले देश में भी कई परिवार अपनी जरूरतों और बचत के बीच संतुलन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

नियमों को अधिक सरल, प्रभावी और समयानुकूल बनाना है उद्देश्य

खनन नियमों में व्यापक बदलाव की तैयारी, नए सिरे से बनेगा कानून

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार खनन क्षेत्र से जुड़े नियमों को अधिक सरल, प्रभावी और समयानुकूल बनाने के उद्देश्य से खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन अधिनियम), 1957 (एमएमडीआर एक्ट) में व्यापक बदलाव करने पर विचार कर रही है। इसके तहत मौजूदा कानून को नए स्वरूप में ढालकर एक व्यापक और सुव्यवस्थित खनन कानून तैयार किया जा सकता है।

- 1957 एमएमडीआर एक्ट में व्यापक बदलाव पर विचार

इस पहल का उद्देश्य कारोबार सुगमता बढ़ाने के साथ जनजीवन को आसान बनाना भी है। मामले से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। खान मंत्रालय खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 का संचालन करता है। बदलती जरूरतों के अनुरूप इस कानून में समय-समय पर संशोधन किए जाते रहे हैं।

खास बातें

- कारोबार सुगमता बढ़ाने के साथ जनजीवन आसान बनाना
- जरूरतों के अनुरूप कानून में समय-समय पर परिवर्तन किए जाते रहें



कानून देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा

हालांकि, खनन एवं खनिज क्षेत्र की मौजूदा आवश्यकताओं, प्रौद्योगिकी प्रगति और भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए अब इसे व्यापक रूप से नए सिरे से तैयार करने की योजना पर विचार किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, खनन एवं खनिज क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने, तकनीकी विकास की जरूरतों को पूरा करने और राष्ट्रीय रणनीतिक आवश्यकताओं की पूर्ति में अहम भूमिका निभाता है। इसके अलावा, मौजूदा कानून की भाषा को सरल बनाने, संबंधित कानूनों के साथ उसके प्रावधानों में तालमेल स्थापित करने और संवैधानिक आवश्यकताओं के अनुरूप बदलाव करने पर भी विचार किया जाएगा। नए विधेयक का मसौदा तैयार करने से पहले समिति विभिन्न हितधारकों से परामर्श करेगी। इसमें राज्य सरकारों को भी शामिल किया जाएगा, ताकि खनन क्षेत्र से जुड़े विभिन्न पक्षों की जरूरतों और सुझावों को प्रस्तावित कानून में उचित स्थान मिल सके।

2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना

वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में भी यह क्षेत्र महत्वपूर्ण है। इसी को ध्यान में रखते हुए मौजूदा कानून की समीक्षा कर एक व्यापक और सरल नया कानून बनाने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित नए कानून का मसौदा तैयार करने के लिए खान मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव की अध्यक्षता में एक अंतर-मंत्रालयी समिति गठित की जाएगी।

समिति कानून की संपूर्ण समीक्षा करेगी

यह समिति मौजूदा अधिनियम की संपूर्ण समीक्षा करेगी। साथ ही, अन्य देशों में अपनाई जा रही बेहतर व्यवस्थाओं और अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रक्रियाओं का अध्ययन कर उन्हें प्रस्तावित विधेयक में शामिल करने की संभावनाओं पर विचार करेगी।समिति खनन क्षेत्र में भविष्य में होने वाले बदलावों और उभरती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक प्रावधान भी सुझाएगी।

विकास के लिए कानून बनाने का अधिकार देता है

खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन अधिनियम), 1957 देश में खानों और खनिजों के विकास तथा नियमन से संबंधित प्रमुख केंद्रीय कानून है। यह केंद्र सरकार को जनहित में खनन और खनिज विकास को नियंत्रित करने के साथ खनिज संसाधनों के संरक्षण तथा व्यवस्थित विकास के लिए नियम बनाने का अधिकार देता है। यह कानून प्रमुख खनिजों और सूक्ष्म खनिजों के नियमन में भी अंतर करता है।

केंद्र सरकार की भूमिका होती है महत्वपूर्ण

प्रमुख खनिजों के नियमन में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जबकि सूक्ष्म खनिजों का नियमन मुख्य रूप से राज्य सरकारें करती हैं। अधिनियम के तहत खनिज रियायतें मसलन संभाव्य लाइसेंस और खनन पट्टे राज्य सरकारों द्वारा जारी किए जाते हैं। इनके लिए केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित नियमों और नीलामी प्रक्रिया का पालन किया जाता है। वहीं, केंद्र सरकार खनिजों पर रॉयल्टी की दर तय करती है।

भारत ने निविदा में चीनी से बने एथनॉल पर रोक लगाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों ने पेट्रोल में एथनॉल मिलाने के लिए 2026-27 आपूर्ति वर्ष की ताजा खरीद निविदा में गन्ने के रस, चीनी की चाशनी और 'बी-हेवी शीरे' से बने एथनॉल को शामिल नहीं किया है। सरकार ने यह कदम घरेलू स्तर पर चीनी की उपलब्धता बनाए रखने और पेट्रोल में एथनॉल मिलाने के देशव्यापी कार्यक्रम को जारी रखने के लिए उठाया है। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने 16 अक्टूबर को पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की ओर से जारी निविदा में नवंबर से शुरू होने वाले आपूर्ति वर्ष के लिए करीब 1,100 करोड़ लीटर एथनॉल की खरीद के लिए बोलियां मांगी हैं। इसका उद्देश्य पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिलाने की जरूरत को पूरा करना है। निविदा में मक्के से बने एथनॉल पर प्रोत्साहन राशि भी घटाकर 68.86 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है, जो पहले 71.86 रुपये प्रति लीटर थी। निविदा दस्तावेज में कहा गया, ''भारत सरकार ने निर्देश दिया है कि 2026-27 एथनॉल आपूर्ति वर्ष के लिए एथनॉल उत्पादन में चीनी के इस्तेमाल को शून्य किया जाए।'' इसमें कहा गया, ''इस मात्रा आधारित खरीद निविदा में गन्ने के रस, चीनी या चीनी की चाशनी और बी-हेवी शीरे से उत्पादित एथनॉल के लिए बोलियां नहीं मांगी गई हैं।''इस पाबंदी से पेट्रोल में एथनॉल मिलाने के कार्यक्रम के लिए कच्चे माल की खरीद की रणनीति में बदलाव होगा।

- पीएसयू कंपनियों ने वर्ष 2026-27 की आपूर्ति में मक्के पर प्रोत्साहन घटाया

कच्चे तेल के आयात को कम करने में मदद मिलेगी

इस कार्यक्रम में कच्चे तेल के आयात को कम करने और वाहनों से होने वाले उत्सर्जन में कटौती के लिए अनाज और गन्ने, दोनों से बने एथनॉल का इस्तेमाल किया जाता रहा है। निविदा दस्तावेज के अनुसार, मक्का, टूटे चावल, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा खरीदे गए अधिशेष चावल और सी-हेवी शीरे से बने एथनॉल की आपूर्ति के लिए बोलियां लगाई जा सकती हैं।

मक्के के एथेनॉल पर प्रोत्साहन राशि 2.79 रुपए प्रति लीटर

मक्के से बने एथनॉल पर प्रोत्साहन राशि 5.79 रुपये से घटाकर 2.79 रुपये प्रति लीटर किए जाने से इस अनाज से एथनॉल बनाने वाली कंपनियों का मुनाफा घटने की आशंका है। वहीं, चीनी आधारित कच्चे माल को निविदा से बाहर किए जाने से वैकल्पिक कच्चे माल का महत्व बढ़ जाएगा। यह कदम घरेलू स्तर पर चीनी की उपलब्धता को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच उठाया गया है।

'पे-पर-यूज़' मतलब इस्तेमाल के हिसाब से पेमेंट करने वाला 'एनर्जी-एज़-ए-सर्विस' प्लान, 'वन पास' लॉन्च किया

नई दिल्ली। कमर्शियल व्हीकल्स के लिए ईवी फाइनेंसिंग प्लेटफॉर्म एक्सपोनेंट वन ने मोंट्रा इलेक्ट्रिक और एक्सपोनेंट एनर्जी के साथ साझेदारी कर मोंट्रा इलेक्ट्रिक के थ्री-व्हीलर के लिए वन पास लॉन्च किया है। यह एनर्जी-एज़-ए-सर्विस सुविधा है, जिसमें बैटरी के इस्तेमाल और चार्जिंग का खर्च पे-पर-किमी प्रति किलोमीटर के हिसाब से तय होगा। इसमें हर किलोमीटर के हिसाब से भुगतान और लाइफटाइम बैटरी वारंटी—दोनों का फायदा एक ही दर पर मिलता है। यह मॉडल कमर्शियल इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को अपनाने में आने वाली दो बड़ी बाधाओं जैसे अधिक ईएमआई और व्हीकल खरीदने की अधिक डाउन पेमेंट खर्च को दूर करता है। डाउन पेमेंट का बोझ कम करके और एनर्जी के खर्च को व्हीकल के इस्तेमाल के अनुसार तय करके, वन पास का उद्देश्य अधिक से अधिक ड्राइवर ओनर के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल खरीदना आसान बनाना है, ताकि उन्हें हर महीने अधिक ईएमआई का बोझ न उठाना पड़े।

एनटीपीसी का परमाणु ऊर्जा क्षेत्र पर बड़ा दांव

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में अपनी मौजूदगी बढ़ाने की तैयारी कर रही है। कंपनी ने वर्ष 2047 तक देश में 30 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा है। इसी लक्ष्य के तहत कंपनी उत्तर प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों में परमाणु बिजली परियोजनाओं के लिए संभावित स्थलों की तलाश करेगी। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, नए राज्यों में परियोजनाओं की व्यवहार्यता का अध्ययन जल्द शुरू किया जाएगा। एनटीपीसी की यह पहल देश में गैर-जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों से बिजली उत्पादन बढ़ाने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। कंपनी वर्ष 2032 तक कम से कम दो गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता विकसित करने की दिशा में काम कर रही है।

कच्चे माल की महंगाई से जूझ रही एफएमसीजी कंपनियां

नई दिल्ली। रोजमर्रा की जरूरत का उपभोक्ता सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों को चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में मार्जिन पर लगातार दबाव का सामना करना पड़ सकता है। कच्चे माल की बढ़ती लागत कंपनियों के मुनाफे को कम कर रही है, जिससे कंपनियां त्योहारी सत्र के बाद कीमतों में बढ़ोतरी और उपभोक्ता मांग पर पड़ने वाले प्रतिकूल असर के बीच संतुलन साधने की कोशिश कर रही हैं। सितंबर तिमाही में कच्चे माल की लागत का दबाव और गहरा गया, जिसने इससे पिछली तिमाही में दिखी नरमी के रुख को पलट दिया।

चीनी की कीमतें ऊंची बनी हुईः मलपानी

मलपानी ने कहा, ''रुपये के संदर्भ में, सितंबर में पाम तेल की कीमतें सालाना आधार पर लगभग 21 प्रतिशत अधिक रहीं। दूसरी ओर मासिक आधार पर आठ प्रतिशत की गिरावट के बावजूद चीनी की कीमतें सालाना आधार पर करीब 18 प्रतिशत ऊंची बनी रहीं।''

राशिफल

मेष — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

वृष — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

मिथुन — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

कर्क — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

सिंह — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

कन्या — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

तुला — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

वृश्चिक — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

धनु — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

मकर — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कुंभ — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

मीन — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

दुआ भी तकदीर बदल देती है तांत्रिक मास्टर किंग का एलान भटको चाहे जिधर काम होगा इधर 2 घंटे में समाधान



प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि।
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी
मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर


सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

आभूषण कंपनियों की बिक्री मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रमुख सूचीबद्ध आभूषण कंपनियों ने सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 22 से 28 प्रतिशत तक राजस्व वृद्धि दर्ज की है। कंपनियों के इस प्रदर्शन को उपभोक्ताओं की मजबूत मांग, मौजूदा दुकानों की बिक्री में बढ़ोतरी और ग्राहकों के अधिक खर्च से समर्थन मिला। हालांकि, इस साल त्योहारी सत्र के समय में बदलाव आया है। पी एन गाडगिल ज्वेलर्स, टाइटन, कल्याण ज्वेलर्स और पीसी ज्वेलर जैसी कंपनियों ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा है कि उनके तिमाही कारोबार में दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज हुई है। त्योहारों के समय में बदलाव के बावजूद सितंबर तिमाही में सोने और जड़ाऊ आभूषणों की मांग मजबूत बनी रही। कल्याण ज्वेलर्स ने वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में भारत में अपने कारोबार के राजस्व में करीब 27 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की। इस दौरान मौजूदा दुकानों की बिक्री लगभग 20 प्रतिशत बढ़ी। कंपनी के अंतरराष्ट्रीय कारोबार में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि उसके लाइफस्टाइल आभूषण ब्रांड 'कैंडियर' का राजस्व 64 प्रतिशत बढ़ गया। कंपनी ने कहा, ''हाल में समाप्त हुई तिमाही हमारे लिए काफी संतोषजनक रही। इस दौरान पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में एकीकृत राजस्व में 26 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज की गई।''



अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राज कुमार, पुत्रः** राम चंदर, **पताः** प्लॉट नं. 56 के पास परिसर, सेक्टर-23बी, गांव पोचनपुर, नई दिल्ली-110071 ने मुकदमा **CT No. 350/2022, U/s 135 Indian Electricity Act, थानाः सेक्टर-23, द्वारका, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राज कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राज कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **CT No. 350/2022, U/s 135 Indian Electricity Act, थानाः सेक्टर-23, द्वारका, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राज कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री हरलीन सिंह
अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश
विशेष न्यायालय (विद्युत)
कमरा नं. 609, द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/14993/DW/2026
(Court Matter)

शब्द पहेली - 6382




बाएँ से दाए-
1. ईश्वर, करतार-3
3. मुस्कुराहट-3
5. ईख-2
6. रजनीगंधा -2, 1,2
9. समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11. ताकत, दम-2
12. अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13. वेतन, पगार-3
16. मनोनीत, नामकृत-3
18. बंधक, गिरवी वस्तु-3
20. निशा, रात्री-3
22. वचन, प्रतिज्ञा-3
23. श्रीनगर की झील-2
24. मूल्य, कीमत-2
25. असावधान-3
28. धिक्कार, फटकार-3
30. हवा, पवन-3
31. झाझर, कुंभ-3
33. चिंतन-3
35. संस्कृत में मेरा-2
36. मादा का विलोम-2
38. कुबेर, भूत-2
40. परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41. फलों का राजा-2
42. फूल चुननेवाली-3
43. घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

ऊपर से नीचे
1. तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2. बेकार-3
3. दीवान, खजांची-3
4. पैगंबर, रसूल-2
5. झूठ, मिथ्या -3
7. तेल में पकाना-3
8. आराम, मदद-3
10. गुलिस्ता-3
14. नरकभोगी-5
15. खुजली-2
17. सखा, दोस्त-2
18. मजा, आनंद-2
19. स्वदेशवासी-5
21. सुई (अंग्रेजी-3)
22. विष्णुप्रिया-3
26. पुनः, वापस-2
27. मर्करी, पारद-2
29. भीगा हुआ-2
30. वक्त, टाईम-3
31. अच्छी बुद्धि-3
32. निम्नता-3
34. मुलायम-3
35. बड़ा, विशाल-3
37. धनवान-3
39. माफी-2
41. उम्मीद-2

शब्द पहेली -6381 का हल

का		बु	आ		द		स	खत		मु
र	क्त		कु	क	र	मु	क्ता		जा	ला
तू		म	ल		मि		धी	र		य
स	क्रि	य	ता		या		श	ब	न	म
	या				न				या	
रा	शी	क	र	ण		भा	र	ही	न	ता
	ल				टी				वे	
री	ता	प	न		ना		न	ह	ला	ना
ई		स	जा		मु		का	म		का
ब	लि		क	हा	नी	का	र		छ	वि
सं		गी	त		म		ना	नी		ल



रणजी ट्रॉफी: चंडीगढ़ की टीम महज 41.3 ओवरों में 103 रन बनाकर ऑलआउट

गेंदबाजों के दबदबे के बीच हरियाणा ने चंडीगढ़ पर बनाई 36 रन की बढ़त



हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप-डी मुकाबले में हरियाणा की टीम ने चंडीगढ़ के खिलाफ पहले ही दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। मुकाबला चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम (लाहली/रोहतक) में खेला जा रहा है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चंडीगढ़ की शुरुआत बेहद खराब रही। हरियाणा के गेंदबाजों ने अनुशासित गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए चंडीगढ़ के शीर्ष और मध्य क्रम के बल्लेबाजों को टिकने का कोई मौका नहीं दिया। चंडीगढ़ की पूरी टीम महज 41.3 ओवरों में 103 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम के बल्लेबाज हरियाणा के पेस अटैक के सामने संघर्ष करते नजर आए और कोई भी बड़ी साझेदारी बनाने में नाकाम रहे। हरियाणा की ओर से अमन, अजीत और अनुज ने तीन-तीन विकेट लिए। जवाब में पहली पारी खेलने उतरी हरियाणा की शुरुआत भी उतार-चढ़ाव भरी रही। चंडीगढ़ के गेंदबाजों ने शुरुआती झटके देकर वापसी की कोशिश की, लेकिन हरियाणा के बल्लेबाजों ने सूझबूझ से पारी को आगे बढ़ाया। पहले दिन के खेल की समाप्ति तक हरियाणा ने 44 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 139 रन बना लिए हैं। इसके साथ ही हरियाणा ने पहली पारी के आधार पर चंडीगढ़ पर 36 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली है। पहले दिन का खेल खत्म होने पर निशांत सिंधु 46 और यशवर्धन दलाल 63 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए है।

छत्तीसगढ़ के खिलाफ खामोश रहा गिल का बल्ला, सिर्फ 1 रन बनाकर लौटे पवेलियन

एजेंसी ⏭न्यू चंडीगढ़



भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल की रणजी ट्रॉफी में बहुप्रतीक्षित वापसी निराशाजनक रही। रविवार को नए पीसीए स्टेडियम में छत्तीसगढ़ के खिलाफ पंजाब के दूसरे दौर के एलीट ग्रुप बी मैच में बाएं हाथ के स्पिनर अजय मंडल ने उन्हें सिर्फ एक रन के स्कोर पर क्लीन बोल्ड किया। विहान मल्होत्रा के धर्मेंद्र सिंह जडेजा की ओर से एलबीडब्ल्यू आउट किए जाने के बाद चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए गिल केवल 5 गेंदों तक टिक सके। 27वें ओवर की तीसरी गेंद पर अजय मंडल ने उन्हें छकाया, गेंद सीधी रही और बल्ले और पैड के बीच से निकलकर सीधे मिडिल स्टंप पर जा लगी। 27 वर्षीय गिल ने असम के खिलाफ पंजाब का इस सीजन का पहला मैच नहीं खेला था, लेकिन न्यूजीलैंड दौरे से पहले लाल गेंद क्रिकेट की प्रैक्टिस के लिए वह छत्तीसगढ़ के खिलाफ मैच में खेलने उतरे। हालांकि, गिल टी20 टीम का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन वह न्यूजीलैंड दौरे पर जाने वाली भारतीय टीम में शामिल हैं। इस दौरे में पांच टी20, 5 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेले जाएंगे, जो वनडे वर्ल्ड कप 2027 की तैयारियों के लिहाज से बहुत अहम हैं। हालांकि, गिल केवल 3 वनडे मैच ही खेलेंगे और आखिरी 2 मैचों में नहीं खेलेंगे, ताकि वह क्राइस्टचर्च और वेलिंगटन में होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए अच्छी तरह तैयारी कर सकें।

शेफाली वर्मा का अर्धशतक, मंधाना के नाबाद 47 रन, भारत ने जीती श्रृंखला

- मंधाना की कप्तानी में भारत की लगातार दूसरी जीत
- जिम्बाब्वे को 9 विकेट से हराया

भाषा ⏭रायपुर



भारतीय महिला टीम ने सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (55 रन, 25 गेंद) और कप्तान स्मृति मंधाना (नाबाद 47 रन, 25 गेंद) की पारियों से रविवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 8.5 ओवर में नौ विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली।

शेफाली और मंधाना ने पहले विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी से भारतीय टीम ने 67 गेंद रहते आसानी से 103 रन के लक्ष्य का पीछा कर लिया। इस तरह मंधाना ने कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने के बाद पहली श्रृंखला में जीत से शुरूआत की। शेफाली की पारी में छह चौके और चार छक्के जड़े थे जबकि मंधाना ने छह चौके और दो छक्के जमाए। उन्होंने अपनी पारी के दौरान मिशेल मावुंगा की लगातार तीन गेंदों पर दो चौके और एक छक्का लगाया। शेफाली ने बिलब्ड बिजा पर छक्का जड़कर 24 गेंद में अपना 22वां टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक जड़ा लेकिन अगली ही गेंद पर वह इस गेंदबाज का शिकार हो गईं। मंधाना ने भी आक्रामक अंदाज बल्लेबाजी करते हुए तेज गेंदबाज नयाशा ग्वानजुरा की लगातार चार गेंदों पर चौके जड़े। उन्होंने ओलिंडर चारे की गेंद पर शानदार छक्का लगाकर मैच समाप्त किया। इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिम्बाब्वे की कम अनुभवी टीम को आठ विकेट पर 102 रन के स्कोर पर रोक दिया।

शंघाई मास्टर्स के चैंपियन बने फोकिना

एजेंसी ⏭ शंघाई



एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना ने अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब जीता। उन्होंने अपने ही देश के राफेल जोडार को हराकर शंघाई मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया।27 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी फोकिना एक समय 1-6, 2-3 से पीछे चल रहे थे (एक सेट और एक ब्रेक से पिछड़ रहे थे), लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 1-6, 7-6 (5), 6-4 से जीत दर्ज की। किझोंग फॉरेस्ट स्पोर्ट्स सिटी एरेना में मिली इस जीत के साथ ही उन्होंने अपनी पहली एटीपी मास्टर्स 1000 ट्रॉफी हासिल की। फाइनल तक पहुंचने के सफर में फोकिना ने तीसरे राउंड में फ्रांसिस टियाफो के खिलाफ एक मैच प्वाइंट बचाया था। इसके अलावा, उन्होंने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ह्यूबर्ट हर्काज और अलेक्जेंडर ज्वेरेव दोनों को हराया था। दो घंटे 28 मिनट तक चले इस मुकाबले में जीत हासिल करके फोकिना ने अपनी तीसरी और अब तक की सबसे बड़ी एटीपी टूर ट्रॉफी जीती।

मिडलर और ओबरलीटनर ने जीता डबल्स का खिताब

ऑस्ट्रियाई जोड़ी लुकास मिडलर/नील ओबरलीट्नर ने रविवार को फ्रांसिस्को कैब्राल और जेजे ट्रेसी के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत दर्ज करते हुए शंघाई मास्टर्स डबल्स का खिताब अपने नाम किया। ऑस्ट्रिया की इस जोड़ी ने एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए बगैर कोई सेट गंवाए सभी पांच मैच अपने नाम किए। किझोंग फॉरेस्ट स्पोर्ट्स सिटी एरीना में खेले गए इस मुकाबले में, मिडलर और ओबरलीट्नर ने 66 मिनट में जीत दर्ज की।

खबर संक्षेप

मलेशिया जूनियर स्क्वाशः सुब्रमणि ने जीता अंडर-17 का खिताब



कुआलालंपुर। भारत के लोकेश सुब्रमणि ने फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी मुहम्मद इफ्वात जुल्किफ्ली को सीधे गेम में हराकर मलेशिया स्क्वाश जूनियर ओपन में लड़कों के अंडर-17 वर्ग का खिताब जीत लिया। दूसरे वरीय लोकेश ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 11-6, 11-2, 11-8 से शिकस्त दी। भारत की आद्या बुधिया ने लड़कियों के अंडर-17 वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं, दिव्यांशी जैन (लड़कियों के अंडर-13 वर्ग), अविशा अग्रवाल (लड़कियों के अंडर-11 वर्ग) और श्रविन जैन (लड़कों के अंडर-19 वर्ग) ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

डीपी वर्ल्ड इंडिया के चैंपियन बने चाकारा



नई दिल्ली। स्पेन के गोल्फर यूजीनियो चाकारा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को दो शॉट के अंतर से डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप का खिताब जीता जबकि भारतीय खिलाड़ियों में अनिर्बान लाहिड़ी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वह संयुक्त 23वें स्थान पर रहे। चाकारा के लिए दिल्ली गोल्फ क्लब में रविवार का दिन काफी व्यस्त रहा। खराब मौसम से प्रभावित इस टूर्नामेंट के अंतिम दिन उन्होंने 25 होल खेले। उन्होंने अपनी लय बनाए रखी और इस सत्र का अपना तीसरा डीपी वर्ल्ड टूर खिताब जीतकर रेस टू दुबई रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। उन्होंने अंतिम राउंड में दो अंडर 70 का स्कोर बनाकर 21 अंडर 267 के साथ खिताब अपने नाम किया।


लामिन यमाल का दमदार प्रदर्शन बार्सिलोना का विजय अभियान जारी

बार्सिलोना। लामिन यमाल के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में रियाल बेटिस को 5-2 से हराकर अपना विजय अभियान जारी रखा। इस जीत से बार्सिलोना ने चैंपियंस लीग में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) के खिलाफ होने वाले अहम मुकाबले से पहले अपना आत्मविश्वास भी बढ़ाया। पीएसजी ने भी फ्रांस की शीर्ष घरेलू लीग में स्ट्रासबर्ग को 3-1 से हराकर जीत दर्ज की, जबकि इंग्लिश प्रीमियर लीग में दबाव का सामना कर रहे मैनचेस्टर सिटी ने अपना विजय अभियान जारी रखा।यमाल ने मुकाबले में सबसे शानदार गोलों में से एक दागा। हालांकि, बाद में विपक्षी खिलाड़ी से भिड़ंत के कारण उन्हें पीला कार्ड दिखाया गया।

मेस्सी का फिर चला जादू, दागे शानदार 2 गोल

एजेंसी ⏭ अटलांटा

- मेजर लीग सॉकर : इंटर मियामी ने अटलांटा यूनाइटेड को हराया



दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के दो गोल और एक असिस्ट की मदद से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) मुकाबले में अटलांटा यूनाइटेड को 3-1 से हरा दिया।

मेस्सी ने दोनों गोल करने से पहले टीम के शुरुआती गोल का मौका भी बनाया। पहले हाफ के आखिरी क्षणों में जर्मन बेर्टेरामे ने मेस्सी और लुईस सुआरेज की मदद से गोल कर इंटर मियामी का खाता खोला। एमएलएस में अपने शुरुआती 26 मुकाबलों में बेर्टेरामे का यह नौवां गोल था। मेस्सी ने इसके बाद 56वें और 60वें मिनट में लगातार दो गोल दागकर इंटर मियामी की बढ़त 3-0 कर दी। दोनों गोल में बेर्टेरामे ने मदद की अहम भूमिका रही, जबकि मेस्सी के दूसरे गोल में सुआरेज का भी योगदान रहा।

विश्व मास्टर्स पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप

एकता ने रचा इतिहास जीते तीन स्वर्ण पदक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारत की एकता बिश्नोई ने अमेरिका में आयोजित विश्व मास्टर्स क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यह पहला मौका है जब इस चैंपियनशिप के 'मास्टर्स-2' वर्ग में किसी भारतीय महिला पावरलिफ्टर ने स्वर्ण पदक जीता है।

भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) की अधिकारी एकता के लिए सरकारी जिम्मेदारियों के साथ खेल में सक्रिय रहना आसान नहीं रहा। इसके बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से अंतरराष्ट्रीय मंच पर यह उपलब्धि हासिल की। एकता के कोच सुनील कुमार ने बताया कि उन्होंने एकता को वैज्ञानिक और परिणाम-केंद्रित प्रशिक्षण दिया था। प्रतियोगिता के लिए सुनील कुमार को अमेरिका का वीजा नहीं मिल सका। इसके बावजूद एकता ने वीडियो कॉल और टीम अधिकारी बिनु इब्राहिम के माध्यम से उनके मार्गदर्शन में अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया और ऐतिहासिक सफलता हासिल की। एकता ने कुल 362.5 किलोग्राम वजन उठाकर जापान और कनाडा की खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 2 विकेट से हराया

एजेंसी ⏭ सिडनी



ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने पहले टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को 2 विकेट से हराया। नॉर्थ सिडनी ओवल के मैदान पर न्यूजीलैंड से मिले 163 रनों के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलिया ने 18.5 ओवर में 8 विकेट खोकर हासिल किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। जॉर्जिया वोल बिना खाता खोले पवेलियन लौटीं। हालांकि, इसके बाद बेथ मूनी और एलिसा पेरी ने मोर्चा संभाला। दोनों ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 48 गेंदों में 86 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई। मूनी ने 25 गेंदों में 6 चौके की मदद से 38 रन बनाए। वहीं, पेरी ने 30 गेंदों का सामना करते हुए 52 रनों की आतिशी पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान पेरी ने 9 चौके लगाए। न्यूजीलैंड की ओर से जेस केर ने सर्वाधिक 3 विकेट चटकाए, जबकि रोजमेरी और कप्तान अमेलिया केर ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

बांग्लादेश टी20 टीम की नई कप्तान बनीं नाहिदा



ढाका। बाएं हाथ की स्पिनर नाहिदा अख्तर को बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम की नई टी20 इंटरनेशनल कप्तान नियुक्त किया गया है। नाहिदा,विकेटकीपर-बल्लेबाज निगार सुल्ताना की जगह लेंगी, जिन्होंने एशियन गेम्स 2026 के बाद यह पद छोड़ दिया था। शोभना मोस्तरी को टी20 टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड महिला विंग के चेयरमैन रफीकुल इस्लाम ने कहा, हमने चयन पैनल के सदस्यों और अन्य लोगों के साथ चर्चा की और टी20 इंटरनेशनल कप्तानी नाहिदा को सौंपने का फैसला किया। शोभना मोस्तरी उनकी डिप्टी (उप-कप्तान) होंगी। उन्होंने कहा, नाहिदा काफी लंबे समय से उप-कप्तान रही हैं और अब हमें लगता है कि उन्हें हमारी टी20 इंटरनेशनल टीम की जिम्मेदारी सौंपने का सही समय आ गया है।



वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन : अलेमु बनीं महिला चैंपियन

मटाटा ने 58 मिनट 52 सेकंड में जीता खिताब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कीनिया के चार्ल्स मटाटा ने नया कोर्स रिकॉर्ड कायम करते हुए रविवार को वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के पुरुष एलीट वर्ग का खिताब अपने नाम किया, जबकि इथियोपिया की वुडिनेश अलेमु महिला वर्ग की चैंपियन बनीं। राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर इस प्रतिष्ठित दौड़ में करीब 40 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। मटाटा ने 58 मिनट 52 सेकंड में दौड़ पूरी कर वर्ष 2020 में इथियोपिया के अमेदेवोर्क वालेलेग्न के बनाए 58 मिनट 53 सेकंड के रिकॉर्ड को एक सेकंड से पीछे छोड़ दिया। यह मटाटा का हाफ मैराथन में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी रहा। उन्होंने इसी साल मई में बनाए गए 59 मिनट 15 सेकंड के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ समय को पीछे छोड़ दिया।

नया रिकॉर्ड बनाने में मिली मदद

मटाटा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैं पूरी तैयारी के साथ दिल्ली आया था और अपनी फिटनेस भी बरकरार रखी थी। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद थी कि मैं 59 मिनट के अंदर दौड़ पूरी करूंगा, लेकिन मौसम अनुकूल रहने और 2023 में इस कोर्स पर दौड़ने के अनुभव से मुझे और बेहतर प्रदर्शन करने तथा नया कोर्स रिकॉर्ड बनाने में मदद मिली। मेरा मानना है कि इंसान के लिए कुछ भी असंभव नहीं है और मैं खुद को आगे भी बेहतर करने के लिए चुनौती देने को तैयार हूं।

विजेता को 27,000 डॉलर की पुरस्कार राशि

मटाटा का नया कोर्स रिकॉर्ड बनाना इसलिए भी खास रहा, क्योंकि दौड़ के दौरान करीब 90 प्रतिशत आर्द्रता और 21 डिग्री सेल्सियस तापमान लंबी दूरी की दौड़ के लिए अनुकूल नहीं था। वह इससे पहले 2023 के सत्र में एक घंटा पांच सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। इस उपलब्धि के लिए उन्हें विजेता की 27,000 डॉलर (करीब 25.64 लाख रुपए) की पुरस्कार राशि के अलावा रिकॉर्ड तोड़ने पर 12,000 डॉलर (करीब 11.40 लाख रुपए) अतिरिक्त मिलेंगे।

अलेमु ने 1 घंटा 6 मिनट 35 सेकंड में दौड़ की पूरी



महिला एलीट वर्ग में इथियोपिया की वुडिनेश अलेमु ने एक घंटा छह मिनट 35 सेकंड में दौड़ पूरी कर खिताब जीता। कीनिया की सेलाह बुसिनेई एक घंटा सात मिनट एक सेकंड के समय के साथ दूसरे और सिंथिया चेलंगाट चेपक्वोनी एक घंटा सात मिनट 32 सेकंड में दौड़ पूरी कर तीसरे स्थान पर रहीं। अलेमु ने कहा, 'मैं अपने प्रदर्शन से बेहद खुश हूं। मैंने शुरुआत से ही मजबूत दौड़ लगाई और पूरी रेस के दौरान अपनी गति बनाए रखी। यह मेरी दूसरी अंतरराष्ट्रीय हाफ मैराथन है और मैंने अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में लगभग दो मिनट का सुधार किया है। इससे मुझे बहुत खुशी हुई है।'

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109



लाखों लोग सड़कों पर उतरे

अलग-अलग मुद्दों को लेकर फ्रांस, इटली से अमेरिका तक 8 देशों में फैली प्रदर्शन की 'आग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के कई देशों में असंतोष और गुस्से का एक नया दौर देखने को मिल रहा है। भारत से लेकर यूरोप और अमेरिका तक जगह-जगह बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। सरकार की नीतियों के खिलाफ जनता सड़कों पर उतर आई है।

फ्रांस, इटली,और अल्बानिया से लेकर अर्जेंटीना और तुर्किये तक, लोग महंगाई, बेरोजगारी, आवास संकट को लेकर जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं। फ्रांस और अल्बानिया में सरकार विरोधी प्रदर्शनों की वजह से बड़ी चुनौतियां खड़ी हो गई हैं।


उच्च शिक्षा नीति के खिलाफ अर्जेंटीना में पुलिस से झड़प करते प्रदर्शनकारी।

फ्रांस- बढ़ती महंगाई और ईंधन के दामों को लेकर प्रदर्शन

फ्रांस में इन प्रदर्शनों की दो मुख्य वजहें हैं- एक तरफ जहां बढ़ती महंगाई और ईंधन के दामों को लेकर जनता में आक्रोश है,तो वहीं दूसरी तरफ छात्रों और टीचर स्कूल की बदहाल स्थिति और शिक्षा बजट में कटौती का विरोध कर रहे हैं। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के लिए ये चुनाव उनका कार्यकाल खत्म होने से पहले एक बड़ा इम्तिहान बन गया है।फ्रांस में ये छात्र आंदोलन पिछले महीने पेरिस में स्थानीय स्तर पर शुरू हुआ था, जो धीरे-धीरे पूरे देश में फैल गया।

अल्बानिया और तुर्किये में सुलगता असंतोष

अल्बानिया में भी छात्र विश्वविद्यालयों की बदतर स्थिति, पढ़ाई में ज्यादा खर्च और रोजगार के मौकों की कमी को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। तिराना में शिक्षा मंत्रालय के बाहर प्रदर्शन तब हिंसक हो गया, जब छात्रों ने इमारत पर ईंटें और कंक्रीट के ब्लॉक फेंके। उधर, तुर्किये में पिछले महीने पेंशनभोगियों और मजदूर संगठनों ने लगातार बढ़ती महंगाई और अपर्याप्त पेंशन भुगतान के खिलाफ

इटली में महंगाई के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

इसी तरह इटली में भी यूरोप के दूसरे हिस्सों जैसे ही हालात देखने को मिल रहे हैं। मिलान में स्थिर वेतन, महंगाई और रोजमर्रा के खर्चों को पूरा करने में आ रही दिक्कतों को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किए और झड़पों की खबरें भी सामने आईं।

पुर्तगाल- बढ़ती महंगाई और कम सैलरी के विरोध में मार्च

पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में हजारों लोगों ने बढ़ती महंगाई, कम सैलरी और सस्ते मकान मिलने में हो रही मुश्किलों के खिलाफ मार्च निकाला। लिस्बन और कई दूसरे शहरों में 2017 के बाद से संपत्ति की कीमतें दोगुनी से ज्यादा हो चुकी हैं, जबकि किराए में भी भारी बढ़ोतरी हुई है।

बेल्जियम में फीस बढ़ाने का विरोध

पड़ोसी देश बेल्जियम में भी कुछ ऐसा ही हाल है। सार्वजनिक खर्चों में कटौती और बढ़ते घरेलू खर्चों के बीच छात्रों ने उच्च शिक्षा और यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन फीस बढ़ाने का विरोध किया है। ब्रसेल्स और लिएज में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़पों के बाद पुलिस को वाटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा।

रूस पर यूक्रेन ने दागे 1,015 ड्रोन, सेंट पीटर्सबर्ग में तेल ठिकानों पर लगी आग

रूस यूक्रेन में जंग जारी, हूतियों का अदन पर मिसाइल अटैक



एजेंसी ▶▶ मास्को

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध में रविवार को बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले हुए। यूक्रेन ने रूस के कई इलाकों में एक हजार से ज्यादा ड्रोन दागे। इस दौरान सेंट पीटर्सबर्ग में तेल निर्यात टर्मिनल और तेल डिपो में आग लग गई। स्थानीय गवर्नर अलेक्जेंडर बेगलोव के मुताबिक, हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच लोग घायल हुए हैं। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने यूक्रेन के रूसी तेल ठिकानों पर हमलों की आलोचना की है और दोनों देशों के बीच ऊर्जा ठिकानों पर हमले रोकने

7 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए

इस्लामाबाद। पाकिस्तान और अफगानिस्तान सीमा पर शनिवार को भारी गोलीबारी हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें 7 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए है। वहीं, पाकिस्तान ने दावा किया है कि जवाबी हमले में कई अफगान तालिबानी लड़ाके मारे गए और उनका एक सैन्य ठिकाना तबाह कर दिया गया। दोनों देशों के बीच यह झड़प विवादित डूरंड लाइन पर हुई। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 में अब तक अफगानिस्तान में सीमा पार से होने वाली हिंसा के कारण 1100 से ज्यादा नागरिकों की मौत हुई है।

क्या रूस ने भी यूक्रेन पर हमला किया?

रूस ने यूक्रेन के दक्षिणी शहर जापोरिज्जिया पर दो हमले किए। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, इन हमलों में एक महिला की मौत हो गई और कम से कम दो लोग घायल हुए। घायलों में 6 साल की एक बच्ची भी शामिल है। जापोरिज्जिया क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख मायखाइलो सेमिकिन ने बताया कि हमले में दो अपार्टमेंट इमारतों, 18 कारों और एक शैक्षणिक संस्थान को नुकसान पहुंचा।

रूस के किन ठिकानों को नुकसान पहुंचा?

रविवार को हुए हमलों में सेंट पीटर्सबर्ग के तेल निर्यात टर्मिनल और रुचि तेल डिपो में आग लग गई। इसके अलावा, रूसी रिटेल कंपनी ओजोन के लॉजिस्टिक्स सेंटर और टेक कंपनी वीके के डाटा सेंटर को भी निशाना बनाया गया। दोनों कंपनियों ने अपने ठिकानों पर हमले की पुष्टि की है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसकी सेना ने रूस के 15 क्षेत्रों के साथ-साथ क्रीमिया प्रायद्वीप और काला सागर के ऊपर कुल 1,015 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए। क्रीमिया यूक्रेन का हिस्सा है, जिस पर रूस ने कब्जा कर रखा है। यह हमला यूक्रेन के अब तक के सबसे बड़े हवाई हमलों में से एक बताया गया है।

तटीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़

डीआरआई ने 137 किलो क्रिस्टल मेथ की बड़ी खेप जब्त की, चार गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने संगठित मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, हाल के वर्षों में तमिलनाडु के तटीय क्षेत्र में मादक पदार्थों की सबसे बड़ी जब्तियों के अंतर्गत तमिलनाडु के नागपट्टिनम जिले के एक तटीय गांव से प्रतिबंधित सिंथेटिक मादक पदार्थ क्रिस्टल



मेथामफेटामाइन की कुल 137 किलो खेप जब्त की है। डीआरआई के अधिकारियों ने विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर 16–17 अक्टूबर के दौरान व्यापक निगरानी और प्रवर्तन अभियान चलाया। इस अभियान में श्रीलंका में मादक पदार्थों की तस्करी करने की कोशिश कर रहे एक संदिग्ध तटीय तस्करी नेटवर्क का सफलतापूर्वक पर्दाफाश किया गया। इसे समुद्र के बीच में हस्तांतरण के माध्यम से श्रीलंका पहुंचाया जाना था। अवैध मादक पदार्थ बाजार में जब्त प्रतिबंधित सामग्री का अनुमानित मूल्य 100 करोड़ रुपए से अधिक है।

भारत के कड़े विरोध के बाद बैकफुट पर उपराष्ट्रपति वेंस

वाशिंगटन। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने स्वीकार किया है कि एच-1बी वीजा पर काम करने वाले विदेशी पेशेवरों को बंधुआ मजदूर कहना उनके शब्दों का एक गलत चुनाव था। भारत सरकार और विदेश मंत्रालय द्वारा इस टिप्पणी को बेहद आपत्तिजनक और औपनिवेशिक विरासत की याद दिलाने वाले बताए जाने के बाद वेंस का यह स्पष्टीकरण सामने आया है। टाउन हॉल एक भारतीय-अमेरिकी नागरिक द्वारा पूछे गए सवाल पर जवाब देते हुए वेंस ने अपने शब्दों की जिम्मेदारी खुद ली। उन्होंने कहा, अगर मेरे शब्दों के चुनाव में कोई कमी रही है, तो उसकी जिम्मेदारी मेरी है। लेकिन मेरी यह टिप्पणी एच-1बी वीजा धारकों की आलोचना नहीं थी। जब मैं इस शब्द का इस्तेमाल करता हूं, तो यह उस कंपनी की आलोचना है जो कर्मचारियों को इस स्थिति में रखती है।

अमेरिकी, यूएई नेताओं से आज जयशंकर की वार्ता

नई दिल्ली। कूटनीति के लिहाज से भारत के लिए ये सप्ताह भी संभावनाओं और उम्मीदों से भरा रहने वाला है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर मुंबई में यूएई के उपप्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ बातचीत करेंगे। इन बैठकों में द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा के साथ ऊर्जा, व्यापार, निवेश, रक्षा और क्षेत्रीय हालात पर चर्चा होने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, जयशंकर 19 और 20 अक्टूबर को यूएई के विदेश मंत्री की मेजबानी करेंगे।

Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: CENTRAL DELHI: Rajindra Honda (Daryaganj) - 9910116248; (Samaypur Badli) - 9667515743; J.B. Honda (Jhande Walan) - 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494; (Naraina) - 8512889494; (Tri Nagar) - 9355719494; **SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 9266802219; (Adchini) - 8860259596; (Khanpur) - 011-40446391 (Saheen Bagh Jamia) - 8287201001; (Sangam Vihar) - 9311227401; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 9871600730; (RK Puram Sector 1) - 9871600734; (Chattarpur) - 8826153434; Pragnya Honda (Okhla) - 9818856993; (Jaitpur) - 9818556993; Aspire Honda (Pul Pehladpur Badarpur) - 9205240222; (Meethapur) - 8368689165; (Khadda Colony) - 9990200011; (Tughlakabad) - 9818556993; **WEST DELHI:** Excel Honda (Moti Nagar) - 9999903295; (Raja Garden) - 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667540598; (Mayapuri) - 9811025879; (Sagarpur) - 9811001794; Dhingra Honda (Peeragarhi) - 9871200045; (Uttam Nagar) - 9717455885; (Nangloi) - 9871400045; (Kirari) - 9870200152; (Amanpuri) - 9289739970; (Mangolpuri) - 9289151558; ARK Honda (Tilak Nagar) - 9211711826; (Paschimpuri) - 9211997585; (Uttam Nagar) - 9211711827; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 8506999935; (Vikaspuri) - 8506999939; (Kakrola Mod) - 9212385537; (Vikas Nagar) - 9217226037; (Ranhola) - 9212385582; (Mohit Nagar NSIT) - 9266031192; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 7290068240; (Rajapuri) - 9212670292; (Kapashera) - 7290068238; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400; (Dilshad Garden) - 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (III Pusta) - 9560734814; (Johripur, Shiv Vihar Metro Station) - 9311957772; Swarup Honda (Vikas Marg) - 9810806600; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 8130547053; (Jheel) - 9821707756; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 8826993152; (Rani Bagh) - 8826993157; (Pitampura) - 8130093651; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; (Libaspur) - 8130093656; (Prashant Vihar) - 8130093654; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9311485006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056575100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 9999806883; Pioneer One Honda - 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 8130788666; Parkash Honda (Bhangel) - 7838474152; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 7042351351; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614; Hindon Honda - 9910110017; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; JKM Leela Honda (Vijaynagar) - 8750324000; SD Honda (Kadrabad) - 7520320611; Shri Vashu Honda (Niwari) - 8445334455; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; BK Honda (Premvihar) - 9311114333; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Pioneer One Honda (Gaur City) - 7838950960; Shanti Honda (Kulesra) - 9582823843; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519; Republic Honda (Kasna) - 8368861995; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 7351489999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 7078677972; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in